भोपाल

रविवार, 7 दिसंबर 2025

पौष मास कृष्ण पक्ष–03

वर्ष : 12, अंक : 247

पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**मौसम**

अधि. 24

न्यून. 12

**राजभवन हुआ...अब लोकभवन**

## सीएम की राज्यपाल से मुलाकात के बाद बदली नाम पट्टिका




पहले / अब

### केंद्र सरकार ने हाल ही में लिया था नाम बदलने का निर्णय

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

केंद्र सरकार के निर्णय के बाद मप्र के राजभवन का नाम बदल कर अब 'लोक भवन' कर दिया गया है। शनिवार दोपहर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव राज्यपाल मंगुभाई पटेल से मिलने राजभवन पहुंचे थे।

इसके बाद भवन के मुख्य द्वार पर लगी राजभवन की पुरानी पट्टिका हटाकर 'लोक भवन' की नई पट्टिका लगा दी गई। केंद्र ने हाल ही में देश भर के राजभवनों का नाम बदलकर 'लोक भवन' करने का निर्णय लिया था। इसके बाद प्रदेश में यह बदलाव जल्द करने की उम्मीद की जा रही थी।

**राज्यपाल रहे मौजूद**

राज्यपाल की उपस्थिति में 'राज' शब्द हटाकर 'लोक लिखने की प्रक्रिया पूरी की गई और इसी के साथ प्रदेश में राजभवन को आधिकारिक रूप से लोक भवन के नाम से दर्ज कर लिया गया है। यह कदम देश को औपनिवेशिक प्रतीकों और नामों से मुक्त करने के व्यापक अभियान का हिस्सा माना जा रहा है।

**मप्र होमगार्ड्स के 63 वें स्थापना दिवस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव का बड़ा ऐलान**

# सिंहस्थ-2028 के लिए 5 हजार से अधिक होमगार्ड की होगी भर्ती

**मुख्यमंत्री ने कहा- चाहे बाढ़ का पानी हो, आग की लपटें हों, बड़ी दुर्घटना हो सबसे पहले जनता को आपका ही खयाल आता है**

**विशेष पिछड़ी जनजाति के युवाओं की सुरक्षा बलों में भर्ती के लिए ट्रेनिंग संबंधी कंपनी बनाएंगे**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि आजादी के बाद जब देश नागरिक सुरक्षा का ढांचा गढ़ रहा था, तब होमगार्ड ने भरोसे और सेवा के रूप में देश को सुरक्षा कवच दिया। चाहे बाढ़ का पानी हो, आग की लपटें हों, बड़ी दुर्घटना हो सबसे पहले जनता को आपका ही खयाल आता है। आप विपदाओं और समाज के बीच चट्टान की ⏩ शेष पेज 6 पर



परेड का निरीक्षण करते सीएम



रेस्क्यू टीम को अदम्य साहसिक पुरस्कार प्रदान किया

**सिंहस्थ- 2028 को ध्यान में रखते हुए अभी से तैयारी**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सरकार आधुनिक उपकरण, अत्याधुनिक प्रशिक्षण और आपदा प्रबंधन क्षमता को लगातार सशक्त कर रही है। प्रदेश में 82 हजार से अधिक नागरिक सुरक्षा वालंटियर्स पंजीकृत हैं, जिनमें से 67 हजार 784 को विशेष प्रशिक्षण दिया जा चुका है। इंदौर के रालामंडल क्षेत्र को एसडीईआरएफ, होमगार्ड और सिविल डिफेंस के लिए विशेष प्रशिक्षण केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा ⏩ शेष पेज 6 पर

**मुख्यमंत्री ने की होमगार्ड हित में कई घोषणाएं**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 'मुख्यमंत्री अदम्य साहसिक कार्य पुरस्कार' की घोषणा की। इसके तहत कठिन परिस्थितियों में जान-माल की रक्षा करने वाली 10 रेस्क्यू टीमों को प्रतिवर्ष 51 हजार रुपए दिए जाएंगे। उन्होंने इंदौर, शिवपुरी, गुना, रायसेन, मंडला, नरसिंहपुर, रीवा, छतरपुर, ⏩ शेष पेज 6 पर



inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


**खबर संक्षेप**

### पाकिस्तान की महिला की पीएम मोदी से गुहार



**इंदौर।** इंदौर में रह रहे पाकिस्तानी शरणार्थी विक्रम की शिकायत पाकिस्तानी महिला निकिता नागदेव ने की है। शिकायत सिंधी पंचायत में की गई लेकिन वहां भी समझौता नहीं हुआ। आरोप है कि उसके पति ने शादी के बाद उसे पाकिस्तान भेज दिया। वह उसे अटारी बार्डर पर छोड़ गया था। निकिता ने प्रधानमंत्री मोदी से भी मदद मांगी है।

### डकैत योगी गुर्जर ने किया सरेंडर



**ग्वालियर।** ग्वालियर से एक विवाहिता का दो महीने पहले अपरहण करने वाले डकैत योगेंद्र गुर्जर उर्फ योगी गुर्जर ने शनिवार को सरेंडर कर दिया। डकैत योगी ने धोलपुर पुलिस के सामने सरेंडर किया। योगी पर 30 हजार रुपए का इनाम था। अपहरण की वारदात के बाद से ग्वालियर-चंबल की पुलिस उसकी तलाश में जुटी थी।

### पुलिस के हत्थे चढ़ा 1.50 लाख का इनामी माफिया



**जबलपुर।** जबलपुर पुलिस ने करोड़ों रुपए की ठगी कर सालों से फरार चल रहा जबलपुर का कुख्यात खनन माफिया अमित खंपरिया को दबोच लिया है। उसे नागपुर में किराए के फ्लैट में गिरफ्तार किया। आरोपी पर धोखाधड़ी और जालसाजी के 18 से ज्यादा मामले दर्ज हैं। साथ ही 1.50 लाख रुपए का इनाम घोषित था। वह निवेश के नाम पर ठगी कर फरार था।

**इंडिगो संकट: पांचवें दिन भी 1000 से ज्यादा उड़ानें रद्द रही**

# बेलगाम किराए पर रोक, सरकार ने तय की टिकटों की दरें, तत्काल रिफंड के दिए निर्देश

**रद्द उड़ानों के रिफंड पर सरकार ने तय की समयसीमा इंडिगो से कहा- दो दिनों के अंदर सामान भी लौटाओ**






इंडिगो की इंतजार में थकी आंखें



काउंटर पर उड़ानों से संबंधित जानकारी के लिए जद्दोजहद करते यात्री

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

बीते पांच दिनों में इंडिगो की 2000 से ज्यादा उड़ानें रद्द होने से हजारों यात्री प्रभावित हुए हैं। इसे मद्देनजर रखते हुए नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने शनिवार को एयरलाइन को निर्देश दिया कि वह रद्द उड़ानों के लिए किराया वापसी की प्रक्रिया रविवार शाम तक पूरी कर ले। मंत्रालय ने यह भी कहा कि एयरलाइन सुनिश्चित करे कि यात्रियों का सामान भी अगले दो दिनों में पहुंचा दिया जाए।

देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो की ओर से शनिवार को पांचवें दिन 1,000 से अधिक उड़ानें रद्द करने से पैदा हुई दिक्कतों के ⏩ शेष पेज 6 पर

विमानन कंपनियों को एफडीटीएल नियमों में राहत देने के बाद अब सरकार ने सख्ती शुरू कर दी है। इसी के तहत सरकार ने इंडिगो को निर्देश दिया है कि यात्रियों को रिफंड और उनके सामान को लौटाने की प्रक्रिया जल्द पूरी की जाए

**डीजीसीए ने इंडिगो के सीईओ से 24 घंटे में मांगा जवाब**

**सरकार ने हवाई किराया किया फिक्स**

| | |
|---|---|
| **500 किमी तक की दूरी:** अधिकतम किराया 7500 रुपए | **1000-1500 किमी की दूरी:** अधिकतम किराया 15000 रुपए |
| **500-1000 किमी की दूरी:** अधिकतम किराया 12000 रुपए | **1500 किमी से अधिक की दूरी:** अधिकतम किराया 18000 रुपए |

### रेलवे चलाएगा 84 स्पेशल ट्रेन

उड़ानें रद्द होने कारण लोगों को हो रही परेशानी को दूर करने के लिए रेलवे ने शनिवार को सभी जोन में 84 स्पेशल ट्रेन चलाने की घोषणा की। रेलवे ने इन रेलगाड़ियों के कुल 104 फेरों की कम समय में व्यवस्था की गई। इसके लिए नई दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, बेंगलुरु, पटना और हावड़ा जैसे प्रमुख शहरों में यात्रा से जुड़ी अहम बातों का विश्लेषण किया गया। रेलवे बोर्ड के सूचना एवं प्रचार विभाग के कार्यकारी निदेशक दिलीप कुमार ने कहा कि यातायात की स्थिति के आधार पर विशेष रेलगाड़ियों की संख्या ⏩ शेष पेज 6 पर

**यात्रियों के सामान को घर पहुंचाने के दिए निर्देश**

एयरलाइन को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है कि जिन यात्रियों का ट्रैवल प्लान रद्द या प्रभावित हुआ है, उनसे कोई रिशेड्यूलिंग चार्जेस न लिए जाएं। रिफंड प्रक्रिया में किसी भी तरह की देरी या नियमों का पालन न करने पर तुरंत नियामक कार्रवाई की जाएगी। मंत्रालय ने यह भी निर्देश दिया कि एयरलाइन यह सुनिश्चित करे कि उड़ान रद्द होने या देरी के कारण यात्रियों के छूटे हुए सामान का पता लगाया जाए और अगले 48 घंटों के भीतर उन तक पहुंचाया जाए।

**इंडिगो का बयान**

इंडिगो के परिचालन में आ रही समस्याओं पर एयरलाइन की ओर से शनिवार को बयान जारी किया गया। इस बयान में इंडिगो ने कहा कि एयरलाइन पूरे नेटवर्क में अपने परिचालन को पटरी पर लाने के लिए पूरी लगन से काम कर रही है। इंडिगो ने ⏩ शेष पेज 6 पर

**◀ पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में रखी गई नई बाबरी मस्जिद की नींव**



लोग सिर पर ईंट रखकर कार्यक्रम स्थल पर आते हुए

## विधायक हुमांयू कबीर बोले कोई ताकत रोक नहीं सकती

एजेंसी ⏭ मुर्शिदाबाद (पश्चिम बंगाल)




पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में शनिवार को तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के निलंबित विधायक हुमांयू कबीर ने अयोध्या की बाबरी मस्जिद की तर्ज पर एक नई मस्जिद की आधारशिला रखी। निलंबित टी ए म सी विधायक हुमायूं कबीर ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मुर्शिदाबाद जिले के रेजिनगर में इस मस्जिद की आधारशिला रखी। हुमांयू कबीर ने मस्जिद की आधारशिला कार्यक्रम के मंच पर मौलवियों के साथ समारोह का फीता काटा। इस दौरान कार्यक्रम स्थल पर 'नारा-ए-तकबीर, अल्लाहु अकबर' के नारे लगाए गए। कार्यक्रम ⏩ शेष पेज 6 पर

■ ईंट लेकर पहुंचे हजारों की संख्या में लोग

**◀ बाबरी मस्जिद के विध्वंस की वर्षगांठ**

आधारशिला रखने के समारोह के लिए कबीर ने 6 दिसंबर का दिन चुना, जो अयोध्या की बाबरी मस्जिद के विध्वंस की वर्षगांठ है। हुमायूं कबीर ने शनिवार को आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में बाबरी मस्जिद शैली की मस्जिद के निर्माण के लिए शिलान्यास समारोह को बाधित करने की साजिश रची जा रही है। कबीर ने दावा किया कि 2026 के चुनावों में 90 विधानसभा क्षेत्रों से मुस्लिम उम्मीदवार विजयी होंगे।

**5 दिन डिजिटल अरेस्ट किया**

### टेरर फंडिंग का डर दिखाकर बुजुर्ग से 32 लाख की ठगी



■ फोन पर बोला आप मेरा कुछ नहीं कर सकते

**जबलपुर।** बिजली विभाग के 72 वर्षीय रिटायर्ड एडमिनिस्ट्रेशन ऑफिसर अविनाश चंद्र दीवान को साइबर ठगों ने टेरर फंडिंग का डर दिखाकर 32 लाख रुपए ठग लिए। एटीएस अधिकारी बनकर बुजुर्ग को पांच दिनों तक डिजिटल अरेस्ट में रखा और उनसे रुपए ट्रांसफर करवा लिए। 1 दिसंबर को टेरर फंडिंग के नाम पर आए कॉल से शुरू हुई ठगी तब उजागर हुई जब उनका बेटा शनिवार को जबलपुर पहुंचा और ⏩ शेष पेज 6 पर

**परेशान शराब ठेकेदार ने दी थी जान**

### सीएम का कड़ा एक्शन मंदाकिनी दीक्षित निलंबित




■ आत्महत्या से पहले वीडियो में लगाए थे आरोप

**भोपाल।** इंदौर के कनाड़िया गांव के शराब ठेकेदार दिनेश मकवाना ने बीते 8 नवंबर को जहर पीकर आत्महत्या कर ली थी। ठेकेदार का एक वीडियो सामने आया जिसमें उसने आबकारी विभाग की असिस्टेंट कमिश्नर मंदाकिनी दीक्षित पर रिश्वत के लिए परेशान करने का आरोप लगाया था। दिनेश ने अपनी आत्महत्या के लिए मंदाकिनी दीक्षित को जिम्मेदार बताया था। इस वीडियो के वायरल होने के बाद मुख्यमंत्री ⏩ शेष पेज 6 पर

**तीसरे दिन भी बंद रहा शामगढ़**

### अश्लील वीडियो मामले में आरोपियों के घर ढहाए



■ तीन दिन से चल रहा था विरोध प्रदर्शन

**मंदसौर।** जिले के शामगढ़ में नाबालिग का अश्लील वीडियो बनाकर वायरल करने के दो आरोपियों के खिलाफ शनिवार को भारी विरोध के बीच प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की। मंडी और स्कूल-कॉलेजों के बीच शहर में तनाव बढ़ा तो दोपहर बाद पुलिस बल की मौजूदगी में दोनों आरोपियों के अवैध निर्माण ढहा दिए गए। पहले आरोपी रेहान के मकान का अवैध हिस्सा ढहाया गया। इसके बाद दूसरे आरोपी बाबू के घर ⏩ शेष पेज 6 पर

**भाजपा सांसद ने राज्यसभा में पेश किया विधेयक**

## संविधान की प्रस्तावना से हटें 'सेक्युलर-सोशलिस्ट' शब्द

कहा- ये शब्द आपातकाल में बिना बहस के जोड़े गए

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

राज्यसभा में भाजपा सांसद भीम सिंह द्वारा पेश किए गए प्राइवेट मेंबर बिल ने देश की राजनीति में नई बहस छेड़ दी है। इस बिल में संविधान की प्रस्तावना से 'सेक्युलर' और 'सोशलिस्ट' शब्द हटाने की मांग की गई है।

सांसद सिंह का कहना है कि ये शब्द आपातकाल के दौरान बिना लोकतांत्रिक प्रक्रिया के जोड़े गए थे और अब इन्हें हटाकर संविधान को




उसके मूल रूप में लौटाना जरूरी है। भाजपा सांसद भीम सिंह ने कहा कि मूल संविधान में ये दोनों शब्द शामिल नहीं थे और इन्हें 1976 में इंदिरा गांधी सरकार ने 42वें संशोधन के जरिए जोड़ा था। उनका आरोप है ⏩ शेष पेज 6 पर

**विपक्ष की प्रतिक्रिया और सांसद का जवाब**

उन्होंने कहा कि विपक्ष इसे संविधान पर हमला बताएगा, लेकिन यह कदम संविधान को उसके असली रूप में वापस लाने का प्रयास है। सिंह ने सवाल उठाया कि क्या 1976 से पहले भारत धर्मनिरपेक्ष नहीं था? क्या नेहरू, लाल बहादुर शास्त्री या खुद इंदिरा गांधी की सरकार सांप्रदायिक थी?

**पांच जिलों में शीतलहर, दो में सीवियर कोल्ड वेव**

## 5 जिलों में पारा 4 से 5 डिग्री के बीच भोपाल में दिसंबर की पहली शीतलहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में शनिवार को तेज सर्दी का असर रहा। प्रदेश में आ रही उत्तरी बर्फीली हवाओं के असर से पांच जिलों में रात का पारा 4 से 5 डिग्री के करीब रहा है। भोपाल सहित पांच जिलों में कोल्ड वेव रही। भोपाल में दिसंबर महीने में पहली बार शीतलहर का असर रहा है। शहर में दिन का पारा 24.6 डिग्री रहा, जबकि रात का पारा 1.3 डिग्री गिरकर 6.9 डिग्री रहा। यह ⏩ शेष पेज 6 पर



औबेदुल्लागंज में कोहरे के बीच स्कूल जाते बच्चे

दो से तीन दिन रहेगा कड़ाके की सर्दी का असर, इसके बाद फिर बढ़ेगा पारा, छाएंगे बादल

### यहां रहा 4 से 5 डिग्री तक पारा

शनिवार को प्रदेश में सबसे कम रात का पारा शहडोल में 4 डिग्री रहा। उमरिया 4.8, राजगढ़ 5, नर्मदापुरम 5.2, रीवा 5.4 डिग्री तक रहा। भोपाल, राजगढ़, सीहोर, शाजापुर, शहडोल जिलों में शीतलहर ⏩ शेष पेज 6 पर

**हरिभूमि- आईएनएच- जनता टीवी के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी के पिताजी को दिग्गजों ने दी श्रद्धांजलि**

## मप्र, छग एवं हरियाणा की कई हस्तियों ने किया याद, कैप्टन अभिमन्यु बोले-स्व. कीर्ति नारायण द्विवेदी जी का सामाजिक दायरा बहुत बड़ा था

हरिभूमि न्यूज ⏭ ग्वालियर

हरिभूमि-आईएनएच- जनता टीवी के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी के पिताजी स्व. श्री कीर्ति नारायण द्विवेदी का 25 नवंबर को देवलोक गमन होने के बाद से उनके यहां श्रद्धांजलि देने वालों का तांता लगा रहा।

शनिवार को भी मप्र, छत्तीसगढ़ और हरियाणा सहित कई राज्यों की बड़ी हस्तियां डॉ. हिमांशु द्विवेदी के यहां ग्वालियर स्थित चैंबर्स ऑफ कॉमर्स भवन में आयोजित त्रयोदशी, पूजा व गंगा प्रसादी में शामिल हुईं। इस मौके पर स्व. श्री कीर्ति नारायण द्विवेदी का स्मरण करते हुए हरियाणा



कैप्टन अभिमन्यु श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए

सरकार के पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि स्व. पंडित कीर्ति नारायण एक महान समाज सेवी थे। उनका समाज सेवा का दायरा काफी बड़ा था। जो भी उनके संपर्क में आया वो उनका सेवाभाव देखकर हैरान रह गया। मैं खुद भी उनसे कई बार मिला हूं, उनकी व्यवहार कुशलता को देखकर काफी प्रभावित हुआ। उनका व्यक्तित्व ही उनके कोमल हृदय और संवेदनशीलता के प्रति स्वतः इशारा कर देने वाला था। वहीं छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष व विधायक धरमलाल कौशिक ने कहा कि दिव्य आत्मा को मैं कोटि-कोटि नमन करता हूं और ईश्वर से कामना करता हूं कि वे उन्हें अपने श्रीचरणों में स्थान दें। ⏩ पढ़ें स्मृति शेष पेज 10 पर

**परिवार जैसा स्नेह देना ही उनका स्वभाव था**

कौशिक ने कहा कि उनकी सरलता और सभी अपने परिवार जैसा स्नेह देना ही उनका स्वभाव था। वे आज हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनके पुण्य कर्म और उनका बताया गया रास्ता हम सबके लिए हमेशा प्रेरणा देता रहेगा। इसी तरह मप्र के उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, खाद्य एवं ⏩ शेष पेज 6 पर

शहर भर में मनाया डॉ. आंबेडकर का महानिर्वाण दिवस, संविधान की रक्षा का लिया संकल्प

# अभिनव विचारों के जरिए देश को सशक्त बनाने वाले बाबा साहेब को दी पुष्पांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में शनिवार को संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के महानिर्वाण दिवस मनाया गया। शहर में कई जगह कार्यक्रम आयोजित हुए। सेकंड नंबर बस स्टॉप तुलसी नगर के बाबा साहेब आंबेडकर मैदान पर डॉ बाबा साहेब आंबेडकर संयुक्त जयंती समिति की ओर से संविधान अखंड पाठ रखा गया। इसमें संविधान संस्था के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने संविधान की प्रस्तावना का वाचन कर संविधान की रक्षा करने का संकल्प लिया गया।

बाबा साहेब महापरिनिर्वाण दिवस पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इधर दी बुद्धभूमि धम्मदूत संघ ने बोर्ड आफिस चौराहा स्थित बाबा साहेब डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा को सर्वधर्म मानवंदना समारोह में पूर्व मंत्री पीसी शर्मा, कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रवीण सक्सेना, धर्मगुरुओं और समाज के प्रतिष्ठित नेताओं ने श्रद्धासुमन अर्पित किए। इसी तरह भेल के जवाहर बाल उद्यान में बाबा साहब आंबेडकर को याद किया गया। उन्हें माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई।

### इन स्थानों पर भी हुए कार्यक्रम

कोलार आंबेडकर नगर, आंबेडकर नगर माता मंदिर के पास, संत हिरदाराम नगर, मिसरोद, अयोध्या बायपास, अवधपुरी सहित कई जगह-जगह बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर को याद कर संविधान की रक्षा का संकल्प लिया।



तुलसी नगर में मनाया गया डॉ. भीमराव आंबेडकर का महानिर्वाण दिवस।

## बाबा साहेब के परिनिर्वाण दिवस पर कैंडल मार्च, युवाओं ने अर्पित किए श्रद्धासुमन

**भोपाल।** कलखेड़ा स्थित बाबासाहेब आंबेडकर धर्मशाला ग्राउंड में बीआर आंबेडकर जनकल्याण समिति ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। भारत को अपने अभिनव विचारों और संविधान के माध्यम से सशक्त बनाने वाले बाबा साहेब को याद करते हुए बड़ी संख्या में युवा एवं युवतियों ने नम आंखों से उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।



कलखेड़ा में बीआर आंबेडकर जनकल्याण समिति ने दी श्रद्धांजलि।

### कैंडल मार्च निकाला, बाबा साहब अमर रहें के लगाए नारे

जनकल्याण समिति के अध्यक्ष रवि खरे ने बताया कि युवाओं ने एकता और जागरूकता का संकल्प लिया। समिति द्वारा कैंडल मार्च निकाला गया, जिसमें बाबा साहब अमर रहें और संविधान से छेड़छाड़ नहीं चलेगी जैसे नारे लगाए गए। कैंडल मार्च धर्मशाला ग्राउंड से प्रारंभ होकर पूरे ग्राम में निकाला गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। इस मौके पर घनश्याम दोहरे, ओमप्रकाश खरे, आकाश सरोनिया, दीपक सरोनिया, कृषिका खुराना आदि मौजूद थे।

सबनानी ने महापरिनिर्वाण दिवस पर बाबा साहेब को दी श्रद्धांजलि

## सामाजिक पुनर्जागरण के महान शिल्पकार थे बाबा साहेबः यति



आंबेडकर को श्रद्धांजलि देते भाजपा पदाधिकारी।

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के भोपाल जिलाध्यक्ष रवींद्र यति ने शनिवार को भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर बोर्ड ऑफिस चौराहे स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान विधायक भगवानदास सबनानी, भोपाल की महापौर मालती राय, नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी सहित जिला पदाधिकारी, मोर्चा अध्यक्ष, पार्षदगण, मंडल अध्यक्षगण एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। यति ने कहा कि आंबेडकर केवल संविधान निर्माता ही नहीं, बल्कि भारत के सामाजिक पुनर्जागरण के महान शिल्पकार थे। डॉ. आंबेडकर ने भारत के संविधान में सामाजिक न्याय, समानता और मानवाधिकारों की सुदृढ़ नींव रखकर राष्ट्र निर्माण में अमूल्य योगदान दिया है। बाबा साहेब ने सामाजिक न्याय, समानता और मानवाधिकारों की जिस मजबूत नींव को संविधान में स्थापित किया, वही आज भारत की प्रगतिशील लोकतांत्रिक यात्रा का आधार है।

## अजाक्स ने महापरिनिर्वाण दिवस पर डॉ. आंबेडकर को किया याद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश अनुसूचित जाति जनजाति अधिकारी कर्मचारी संघ द्वारा भारत रत्न संविधान निर्माण बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव आंबेडकर के 70वें महापरिनिर्वाण दिवस पर तुलसी नगर स्थित अजाक्स भवन में पूज्य बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धापूर्वक उनका स्मरण किया गया। इसके बाद अजाक्स के अध्यक्ष एसएल सूर्यवंशी, प्रांतीय महासचिव विजय शंकर श्रवण के नेतृत्व में पैदल मार्च करते हुए सेकंड स्टॉप से प्रकाश तरण पुष्कर चौराहा और लिंक रोड नंबर एक से बोर्ड ऑफिस स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा स्थल पर पहुंचे।



अजाक्स ने अर्पित की श्रद्धांजलि।

श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर में हुआ धार्मिक आयोजन

# श्रीमद् भागवत कथा की साध्वी कोपिला कुंज ने की पूर्णाहूति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर में एक सप्ताह से रायगढ़ से आई साध्वी कोपिला कुंज द्वारा भागवत कथा की जा रही थी। मंदिर में साप्ताहिक पारायण भी हो रही थी। जिसकी पूर्णाहुति शनिवार को हुई। मंदिर में श्रद्धालुओं ने भगवान श्री कृष्ण के जीवन के हर स्वरूप को कोपिला कुंज के मुखारविंद से सुन कर परम आनंद की अनुभूति प्राप्त की। इस अवसर पर आयोजन समन्वयक पुजारी अमरनाथ शर्मा, मंदिर महंत पंडित रूपराज शर्मा, संस्थापक सदस्य पंडित भीखराज त्रिपाठी, अध्यक्ष विनोद परनामी, सत्यभूषण शर्मा, डॉ अतुल दुबे, पंडित रजनीश त्रिपाठी, संदेश शर्मा, विदुषी मीना त्रिपाठी, विदुषी इंदु शर्मा, यशवंत शर्मा, पन्ना लाल द्विवेदी, रामयश पांडे, डॉ लालिमा शर्मा, अशोक शर्मा, राजकुमार दुबे, कीर्ति शर्मा सहित श्रद्धालु उपस्थित थे। मंदिर सचिव पंडित मम्तेश शर्मा ने बताया कि भागवत कथा पूर्णाहुति उपलक्ष्य में रविवार को दोपहर दो बजे से मंदिर प्रांगड़ में विशाल भंडारा आयोजित होगा।



भागवत कथा में साध्वी कोपिला कुंज के कथावाचन का दृश्य।

# मानसरोवर के प्रांगण में अमोघ लीला प्रभु ने बताए कलयुग के पांच महत्वपूर्ण सत्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मानसरोवर ग्लोबल यूनिवर्सिटी की ओर से मानसरोवर पब्लिक स्कूल कैंपस फुटसल ग्राउंड में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस दौरान प्रभु अमोघ लीला ने माइंड मैनेजमेंट की सीख देते हुए कलयुग के पांच सत्य भी बताए। उन्होंने कहा कि कलयुग में रक्षक भक्षक हो जाएंगे, बच्चे माता-पिता का तिरस्कार करेंगे, क्रिमिनल खुले घूमेंगे और माएं अपने कोख में बच्चों को मारेंगी। लेकिन, सभी समस्याओं का मार्ग भगवान को बताते हुए उन्होंने कहा कि कलयुग में एक ऐसा दिन भी होगा जब भगवान के नाम के धागों से पाप का पहाड़ गिरकर चकनाचूर हो जाएगा। इस मौके पर इस्कॉन भोपाल के अध्यक्ष प्रभु रसानंद दास, मानसरोवर समूह के चीफ एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर इंजी. गौरव तिवारी, प्रो-चांसलर डॉ. अरुण कुमार पाण्डेय, कुलगुरु डॉ. एएस यादव और आयुर्वेद संचालक डॉ. बाबुल ताम्रकार आदि लोग मौजूद थे। मोटिवेशनल स्पीकर अमोघ लीला ने लाइफ मैनेजमेंट मॉनिटरिंग थॉट्स, इमोशंस एंड फोकस विषय पर वक्तव्य देते हुए गीता के कई उदाहरणों के साथ मन, बुद्धि और इन्द्रियों को नियंत्रित करने के टिप्स बताए। माइंड मैनेजमेंट को समझाते हुए उन्होंने स्पिरिचुअल नॉलेज, हेल्दी सेल्फ टॉक, थॉट्स शेयरिंग को महत्वपूर्ण बताया।



पुष्कारानंद महाराज को सम्मानित करते हुए।

# पुष्कारानंद महाराज ने दिए उपनिषद विषय पर व्याख्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी भोपाल के कलियासोत पहाड़ी पर स्थित शासकीय होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में शनिवार को स्वामी पुष्कारानंद महाराज पहुंचे। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य और अधिकारियों ने स्वामी पुष्कारानंद महाराज स्वागत कर शाल श्रीफल से सम्मान किया। स्वामी पुष्कारानंद महाराज ने महाविद्यालय में वेदांत तथा उपनिषद से संबंधित जानकारी देने के साथ व्याख्यान दिया। स्वामी पुष्कारानंद महाराज के साथ ओपी श्रीवास्तव सेवा निवृत्ति आईएएस अधिकारी एवं डॉक्टर एसके तिवारी, शिक्षाविद के साथ ही महाविद्यालय के प्रधानाचार्य, शिक्षक, चिकित्सक, छात्र छात्राएं उपस्थित थे।



हरिभूमि

# भोपाल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 7 दिसंबर 2025

5 राजधानी में विभिन्न मार्गों पर बनने वाले द्वार 'विरासत...



14 एक जनवरी तक रहेगा प्रदेश के सबसे बड़े भोजपाल...





विद्यार्थियों की बढ़ी चिंता 10वीं व 12वीं की बोर्ड परीक्षा सात फरवरी से शुरू होंगी

# स्कूलों में शुरू हुई प्री-बोर्ड परीक्षाएं, अब तक सिलेबस पूरा नहीं, इधर स्ट्रीट डॉग को रोकने के लिए शिक्षकों को नोडल बनाने का विरोध शुरू

**10वीं व 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में करीब 18 लाख विद्यार्थी शामिल होंगे**

**प्री-बोर्ड परीक्षाओं तक पाठ्यक्रम को पूरा करने के निर्देश थे**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

सरकारी स्कूलों में 10वीं व 12वीं की प्री-बोर्ड परीक्षाएं शुरू हो गई हैं। हर दिन परीक्षा के बाद अगले दिन के होने वाले विषय की तैयारी कराई जा रही है। हालांकि अब तक स्कूलों में सिलेबस पूरा नहीं हो सका है।



फाइल फोटो

कुछ स्कूलों में 20 तो कहीं 40 फीसदी तक सिलेबस बचा हुआ है। ऐसे में विद्यार्थियों को मुख्य परीक्षाओं की चिंता है। जबकि स्कूलों को निर्देश दिए गए थे कि प्री-बोर्ड परीक्षा तक पूरे पाठ्यक्रम को पूरा कर लें। प्री-बोर्ड का रिजल्ट जनवरी के तीसरे सप्ताह में घोषित करने की तैयारी है।

### छात्रों को प्री-बोर्ड परीक्षा की कॉपी भी दिखाई जाएं

निर्देश दिए गए हैं कि छात्रों को प्री-बोर्ड परीक्षा की कॉपी भी दिखाई जाएं, ताकि उन्हें पता चल सके कि उन्होंने कहां गलती की हैं। साथ ही परीक्षा के बाद माशिमं द्वारा जारी माडल पेपर एवं प्रश्नपत्रों के अन्य सेट तैयार कराकर विद्यार्थियों से अभ्यास कराएं। बता दें कि 10वीं व 12वीं की बोर्ड परीक्षा सात फरवरी से शुरू होगी। इसमें करीब 18 लाख विद्यार्थी शामिल होंगे।

## शिक्षक संगठन बोले: आवारा कुत्तों को स्कूलों में घुसने से रोकने की ड्यूटी करने से पढ़ाई पर होगा असर, शिक्षकों की गरिमा भी होगी खराब

प्रदेश के सरकारी स्कूलों में स्ट्रीट डॉग्स की रोकथाम के लिए शिक्षकों को नोडल बनाए जाने के लोक शिक्षण संचालनालय के आदेश का शिक्षक संगठनों ने विरोध शुरू कर दिया है। शिक्षक संगठनों का कहना है कि जिलों में शिक्षकों को स्कूल में स्ट्रीट डाग की रोकथाम के लिए नोडल बनाकर जिम्मेदारी तय की जा रही है। इसके कारण बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होगी। विभाग को शिक्षक के पद की गरिमा का ख्याल रखना चाहिए। इससे शिक्षक की छवि खराब होगी।

**स्कूलों में बाउंड्रीवॉल समेत अन्य व्यवस्थाएं करने चाहिए**

### स्कूल शिक्षा मंत्री को सौंपा जाएगा ज्ञापन

*शासकीय शिक्षक संगठन के कार्यकारी अध्यक्ष उपेंद्र कौशल ने बताया कि वह मामले में जल्द ही स्कूल शिक्षा मंत्री और विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से मिलकर ज्ञापन सौंपेंगे। कौशल का कहना है कि स्कूलों में स्ट्रीट डॉग की रोकथाम जरूरी है। परंतु विभाग को इसके लिए व्यवस्था करनी चाहिए। नगर निगम, पंचायत विभाग सहित अन्य विभागों की मदद से स्कूलों में बाउंड्रीवॉल और अन्य व्यवस्थाएं करनी चाहिए। लेकिन स्कूल शिक्षा विभाग अपने शिक्षकों को शैक्षणिक व्यवस्था से विपरीत गैरशैक्षणिक कार्य भी सौंप रहा है।*

### कक्षाएं भी प्रभावित होंगी

कौशल ने कहा कि अब शिक्षक स्कूलों में पढ़ाने के अलावा स्ट्रीट डॉग की निगरानी करेंगे तो इससे शिक्षक के पद की गरिमा को ठेस पहुंचने के साथ ही कक्षाएं भी प्रभावित होंगी। विभाग को अपने इस आदेश पर विचार करने की जरूरत है। बता दें कि लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा आदेश जारी होने के बाद छिंदवाड़ा जिले में जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा स्कूलों में शिक्षक को नोडल बनाने के साथ दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

## खबर संक्षेप

### रीवा से मुंबई तक आज से चलेगी स्पेशल ट्रेन

**भोपाल।** पश्चिम मध्य रेल से यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को कम करने के लिए भोपाल मंडल के इटारसी होकर रीवा-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस-रीवा के बीच एक ट्रिप स्पेशल ट्रेन का संचालन किया जा रहा है। गाड़ी संख्या 02185 रीवा-सीएसएमटी स्पेशल ट्रेन रविवार रीवा से 15.50 बजे प्रस्थान कर इटारसी 23.20 बजे आगमन कर अगले दिन 12.20 बजे छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 02186 सीएसएमटी-रीवा स्पेशल ट्रेन सोमवार छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से 13.30 बजे प्रस्थान कर इटारसी अगले दिन 02.50 बजे आगमन कर सुबह 10.40 बजे रीवा पहुंचेगी।

### ननि: फेस अटेंडेंस से ही मिलेगा नवंबर का वेतन

**भोपाल।** नगर निगम के सभी कर्मचारियों का नवंबर का वेतन फेस अटेंडेंस सिस्टम के हिसाब से जारी होगा। इसके लिए सभी जोनों से फाइलें वित्त विभाग पहुंचने लगी हैं। सोमवार से कर्मचारियों के खाते में वेतन जारी होने लगेगा। हालांकि वेतन में कटौती उन्हीं कर्मचारियों की होगी, जिन्होंने फेस अटेंडेंस नहीं लगाई है। इधर निगम के अफसरों का वेतन बिना फेस अटेंडेंस के ही जारी किया जाएगा। पिछले महीने आधे महीने का वेतन जारी होने से नाराज नगर निगम कर्मचारी हड़ताल पर चले गए थे।

दो लाख 11 हजार मतदाताओं को मिलेंगे नोटिस, पेश करना पड़ेंगे दस्तावेज

# उत्तर, मध्य व हुजूर में 100% एसआईआर 3 लाख 93 हजार मतदाता के कटेंगे नाम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

चुनाव आयोग के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) को 33 दिन हो गए हैं। जिले की सात विधानसभाओं के 2029 बीएलओ गणना पत्रकों की वापसी का इंतजार कर रहे हैं। ऐसे में बीएलओ ने 3 लाख 93 हजार से अधिक मतदाताओं को मृतक, एबसेंट, शिफ्टेड और डबल एंट्री में दर्ज कर दिया है। जिससे इन मतदाताओं के नाम अब बिना नोटिस के काट दिए जाएंगे। इधर अब तक नो मैपिंग वाले दो लाख 11 हजार मतदाताओं को नोटिस देकर दस्तावेज मांगे जाएंगे।

इन दस्तावेजों में वर्ष-1987 से पहले जन्मे लोगों को जन्म का एक दस्तावेज देना पड़ेगा, जबकि इसके बाद जन्म लेने वाले लोगों को खुद और अपने माता या पिता के जन्म का प्रमाण देना पड़ेगा। ऐसा नहीं करने वाले मतदाताओं के नाम भी वोटर लिस्ट से काट दिए जाएंगे। राजधानी के 21 लाख 25 हजार 908 मतदाताओं की वोटर लिस्ट के आधार पर एसआईआर किया जा रहा है।

**भोपाल में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन को हुए 33 दिन**

**सबसे ज्यादा गोविंदपुरा के 90 हजार नाम कटेंगे**

***जिले में 98.23 फीसदी मतदाताओं का हुआ एसआईआर***



हाउसिंग बोर्ड क्षेत्र में एसआईआर का काम करते बीएलओ।

### कहां गए 3 लाख 93 हजार मतदाता

भोपाल में सात विस सीटों पर एसआईआर के दौरान 3 लाख 93 हजार से अधिक मतदाताओं की जानकारी ही नहीं मिली। अनकलेक्टेबल मतदाताओं के नाम 11 दिसंबर को जारी होने वाली मतदाता सूची से काट दिए जाएंगे। जिसमें अब तक गोविंदपुरा विस क्षेत्र के करीब 90 हजार और हुजूर के 73 हजार 774 मतदाता शामिल हैं।

### 16 लाख 95 हजार का डिजिटाइजेशन

*बीएलओ ने 16 लाख 95 हजार मतदाताओं के गणना पत्रकों का डिजिटाइजेशन कर दिया है। शेष बचे 3 लाख 93 हजार मतदाताओं के बारे में जानकारी नहीं मिलने पर उन्हें अनकलेक्टेबल में डाला गया है। इनके नाम काट दिए जाएंगे। जबकि नो मैपिंग वाले मतदाताओं को नोटिस देकर दस्तावेज लिए जाएंगे। उपजिला निर्वाचन अधिकारी भुवन गुप्ता का कहना है कि गणना पत्रकों को वापस लेने के प्रयास हैं। जल्द काम पूरा होगा।*

### नरेला और गोविंदपुरा में पांच फीसदी काम बाकी

जिले की बैरसिया, उत्तर, मध्य और हुजूर विधानसभाओं में एसआईआर का काम पूरा कर लिया गया है, जबकि दक्षिण पश्चिम में दो फीसदी काम बाकी है। इधर गोविंदपुरा और नरेला में पांच फीसदी काम शेष है। रविवार को तीनों विस में भी काम पूरा कर लिया जाएगा।

डायवर्जन सड़कें बनाकर बैरिकेडिंग करने की नसीहत

अकील ने इंजीनियर को लगाई फटकार

# मेट्रो कंपनी ने खोद दी सड़कें जाम, धूल पर भड़के विधायक




बैरिकेड्स के कारण सड़क पर दिनभर ट्रैफिक जाम के हालात बने रहते हैं। उड़ रही धूल से भी लोग परेशान है।

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

पुराने शहर में बिना प्लानिंग चल रहे मेट्रो के काम को लेकर कांग्रेस विधायक आतिफ अकील ने मेट्रो इंजीनियर को जमकर फटकार लगाई। शुक्रवार को देर रात अचानक कॉजी कैम्प बैरसिया रोड पहुंचे विधायक को रहवासियों ने खराब सड़कें और उड़ रही धूल को लेकर शिकायत की थी।

लोगों ने बताया कि मेट्रो कंपनी के कर्मचारी कभी भी रास्ता बंद कर देते हैं। कहीं भी खुदाई शुरु कर दी जाती है। इस दौरान आतिफ ने काजीकैंप में डिवाइडर से चालीस फीट की सड़क को दस फीट करने पर भी ऐतराज जताया। उन्होंने कहा कि बेरिकेडिंग करने के पहले डायवर्जन किया जाना चाहिए। सड़कों की खराब हालात पर नाराजगी जाहिर की। जिसके बाद शनिवार को मेट्रो कंपनी ने कई जगहों से डिवाइडर हटा लिए। बता दें कि मेट्रो की ऑरेंज लाइन के लिए पुराने शहर में काम चल रहा है। बीते तीन महीनों से पुराने शहर के कई रास्तों में मिट्टी परीक्षण के लिए मेट्रो कंपनी ने बैरीकेट्स लगाकर रास्ते बंद कर रखे हैं। भोपाल टॉकीज चौराहा से डीआईजी बंगला चौराहा तक बीच-बीच में लगे बैरिकेट्स के कारण दिनभर जाम के हालात बने रहते हैं।



इंजीनियर को निर्देश देते अकील।

### विधायक आतिफ ने कहा- जहां भी बैरिकेड्स लगाने हैं लगाओ, लेकिन जनता को परेशानी नहीं होना चाहिए

विधायक ने इंजीनियर से कहा कि क्या यहां के मालिक हो गए हो? लोग गड्ढों में गिर रहे हैं। पूरी सड़क पर गड्ढे कर दिए हैं। जहां भी बेरिकेड्स लगाने हैं, खूब लगाओ, लेकिन लोग तो परेशान न हो। तीन महीने से बोल रहा हूं। चैंबर इतने ऊपर बना दिए कि लोग हादसे का शिकार हो रहे हैं। पहले लोगों से बातचीत करो और उन्हें पूरे प्रोजेक्ट के बारे में समझाओ, लेकिन ऐसा नहीं किया। इस वजह से पुराने शहर में धूल उड़ रही है।

सफर कर रही महिला यात्री को रेल मदद एप से मिली सुविधा

# चलती ट्रेन में मासिक धर्म से परेशान महिला ने मांगी मदद, रेलवे ने फौरन पहुंचाएं सैनिटरी पैड्स

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

इन दिनों दिल्ली एयरपोर्ट का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें बेटी को पीरियड शुरू होने पर पिता रोते-रोते सैनिटरी पैड मांग रहा है, लेकिन उसे मदद नहीं मिली, लेकिन ऐसे ही एक मामले में रेलवे ने महिला यात्री को तुरंत मदद उपलब्ध कराई।



फाइल फोटो

दरअसल ट्रेन में महिला ने रेल मदद एप के सहारे सैनिटरी पैडस की डिमांड की थी। इसके बाद रेलवे ने महिला को बहुत कम समय में पैड उपलब्ध कराया। इससे अभिभूत महिला ने रेलवे का आभार व्यक्त किया है।

### भोपाल मंडल के पास पहुंची थी महिला यात्री की मांग

जानकारी के अनुसार झेलम एक्सप्रेस में जम्मूतवी रेलवे स्टेशन से पुणे सफर कर रही महिला यात्री को पीरियड्स प्रॉब्लम शुरू हो गई। वह असमंजस में थी, क्योंकि उसके पास सेनेटरी पैड नहीं था। उसने रेल मदद एप से मदद मांगी। यह मांग भोपाल रेल मंडल के पास पहुंची। उस दौरान ट्रेन इटारसी से खंडवा सेक्शन में चल रही थी। भोपाल रेलवे स्टाफ ने खंडवा के अधिकारियों से संपर्क कर महिला को सेनेटरी पैड उपलब्ध कराने के लिए कहा। ट्रेन के खंडवा स्टेशन पहुंचते ही रेलकर्मी उसके पास सेनेटरी पैड लेकर पहुंच गए।

पुलिस कमिश्नर मिश्र ने किया औचक निरीक्षण

# ड्यूटी पर अनुपस्थित दो पुलिसकर्मी सस्पेंड, एक पर लगाया आर्थिक दंड

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

भोपाल पुलिस कमिश्नर हरिनारायणचारी मिश्र थानों का औचक निरीक्षण लगातार कर रहे हैं। शनिवार शाम भी कमिश्नर मिश्र औचक निरीक्षण करते हुए टीटी नगर थाने पहुंचे। इसके बाद भ्रमण के दौरान रोशनपुरा नोडल पाइंट पर एएसआई राजकुमार दुबे ड्यूटी के दौरान मोबाइल पर बात करते हुए नजर आए।



- मोबाइल पर व्यस्त एएसआई पर लगा पांच सौ रुपए दंड

ड्यूटी के दौरान मोबाइल पर बात करने के कारण उन्हें पांच सौ रुपए के आर्थिक दंड से दंडित किया गया है। इसी प्रकार रोशनपुरा नोडल पाइंट पर ड्यूटी पर अनुपस्थित उप निरीक्षक शशि चौबे सहित कार्यवाहक प्रधान आरक्षक रविंद्र सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया।

### महाप्रबंधक शोभना ने नए आरओबी निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

**भोपाल।** पश्चिम मध्य रेलवे के महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय द्वारा शनिवार को छोला रोड एवं कोच फैक्ट्री रोड के मध्य निर्माणाधीन नये आरओबी के कार्यस्थल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने अब तक हुई कार्य प्रगति की विस्तृत समीक्षा की तथा कार्य की गति एवं गुणवत्ता पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने निर्माण कार्य को और तेज करने के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए।

- छोला रोड एवं कोच फैक्ट्री रोड के मध्य बन रहा है नया आरओबी

कई रास्तों पर भारी वाहन पूरी तरह रहेंगे प्रतिबंधित

# रन भोपाल रन के चलते आज बदली रहेगी राजधानी की यातायात व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

रन भोपाल रन-2025 के तहत रविवार को टीटी नगर स्टेडियम से तीन अलग-अलग श्रेणियों में दौड़ आयोजित होगी।

कार्यक्रम में 5000 से 6000 वॉलेंटियर शामिल होंगे। आयोजन सुबह 5 बजे से 8:30 बजे तक चलेगा, जबकि ट्रैफिक को देखते हुए यातायात व्यवस्था सुबह 5 बजे से 9:30 बजे तक बदली रहेगी।

ट्रैफिक पुलिस ने मैराथन मार्ग पर भारी और लोक परिवहन वाहनों की आवाजाही पूर्णतः प्रतिबंधित कर दी है। आवागमन के लिए वैकल्पिक रूट निर्धारित किए गए हैं, ताकि नागरिकों को कम से कम परेशानी हो।

**यह रास्ते बद रहेंगे:** टीटी नगर स्टेडियम से भारत माता चौराहा होते हुए स्मार्ट रोड, पॉलिटेक्निक, किलोल पार्क, रेतघाट, वीआईपी रोड और कोहेफिजा तक पूरा मैराथन रूट ट्रैफिक के लिए बंद रहेगा।

**इंदौर रोड, एयरपोर्ट वाले वाहनों के लिए मार्ग :** ये वाहन रोशनपुरा, पुलिस कंट्रोल रूम, लिली चौराहा, तलैया, भारत टॉकीज, अल्पना तिराहा, हमीदिया रोड, भोपाल टॉकीज चौराहा, तीन मोहरा, रॉयल मार्केट, लालघाटी, एयरपोर्ट/बैरागढ़ रोड से जाएंगे।

नगर निगम कमिश्नर जैन ने डीपीआर को दी मंजूरी, एचएफए के सेकंड पार्ट में होंगे शामिल

# कलखेड़ा और हिनौतिया आलम में बनाए जाएंगे नए हाउसिंग प्रोजेक्ट

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

हाउसिंग फॉर ऑल के सेकंड प्रोजेक्ट में नगर निगम कलखेड़ा और हिनौतिया आलम में नए प्रोजेक्ट तैयार करेगा। इसके लिए डीपीआर बनाई जाएगी।

शनिवार को निगम कमिश्नर संस्कृति जैन ने इसकी मंजूरी दी। वहीं एचएफए के अधिकारी नई लोकेशनों की लिस्ट सेंट्रल भेजेगा। कमिश्नर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विवादित जगहों से प्रोजेक्ट दूसरी जगह शिफ्ट करें, जिससे जल्दी लोगों को योजना का लाभ मिल सके। प्रधानमंत्री आवास योजना का पहला फेस 25 जून 2015 में लांच हुआ था। जिसकी डेडलाईन साल 2022 थी। अब इसका सेकंड फेस सितंबर 2024 में लांच हो चुका है। इस प्रोजेक्ट को अमलीजामा पहनाने के लिए निगम ने तैयारियां शुरू कर दी हैं।



फाइल फोटो।

### कलखेड़ा के पास खाली जगह चिन्हित की

*शनिवार को कमिश्नर ने इस संबंध में अधिकारियों के साथ करीब 3 घंटे चर्चा की। जिसमें हिनौतिया आलम और कलखेड़ा के पास खाली जगह चिंहित की है। अफसरों ने बताया कि दो जगह फाइनल हैं। क्योंकि इस जगह को लेकर कोई विवाद नहीं है। वहीं तीन नई लोकेशनों पर भी जल्द ही चर्चा होगी, ताकि सभी प्रोजेक्ट की जानकारी केन्द्र भेजी जा सके।*

### सेमरा प्रोजेक्ट की बदलेगी लोकेशन

नरेला विधानसभा के तहत सेमरा में प्रस्तावित हाउसिंग फॉर ऑल प्रोजेक्ट के लिए लोकेशन बदली जा सकती है। अधिकारियों के मुताबिक प्रस्तावित जगह को लेकर विवाद सामने आए हैं। इसलिए उसी इलाके में नई जगह तलाशी जा रही है।

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित गांव इमलिया नरेंद्र में सुबह करीब 11 बजे हुआ हादसा

# पिकनिक मनाने जा रही बस से भृत्य गिरा, पिछला पहिया सिर के ऊपर निकला, मौके पर हो गई मौत, पुलिस ने बस जब्त कर जांच शुरू कर दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बस में सामने गेट के पास खड़े कमल ने थूकने के लिए खिड़की से मुंह बाहर निकाला तो गेट खुल गया और वह नीचे गिर गया

बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित गांव इमलिया नरेंद्र में शनिवार सुबह दर्दनाक हादसे में निजी स्कूल के भृत्य की मौत हो गई। दरअसल, स्कूल स्टाफ और पचास बच्चों के साथ भृत्य नरसिंहगढ़ से सांची पिकनिक मनाने जा रहा था। बस के सामने वाले गेट से थूंकने के लिए झुका ही था कि चलती बस से नीचे गिर गया। नीचे गिरने से बस का पिछला पहिया उसके सिर के ऊपर से होता हुआ निकल गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है।

पुलिस के अनुसार कमल जाटव पिता मांगीलाल जाटव (32) नरसिंहगढ़ का रहने वाला था और नरसिंहगढ़ के ही एक प्राइवेट स्कूल में भृत्य था। स्कूल प्रबंधन शनिवार सुबह नरसिंहगढ़ से बच्चों को पिकनिक मनाने के लिए सांची ले जा रहा था। बस में करीब पचास बच्चे और स्टाफ था। स्टाफ पीछे की तरफ बैठा था, जबकि कमल जाटव सामने वाले गेट के पास खड़ा था। बस सुबह 11 बजे बैरसिया स्थित गांव इमलिया नरेंद्र पहुंची थी। कमल ने थूकने के लिए खिड़की से मुंह बाहर निकाला तो गेट खुल गया। चलती बस में गेट खुलने से वह नीचे गिर गया, जब तक बस का ड्राइवर कुछ समझ पाता। बस का पिछला पहिया कमल जाटव के सिर के ऊपर से होता हुआ निकल गया। इस हादसे में कमल की मौके ही मौत हो गई।

### दूसरी बस से बच्चों और स्टाफ को पहुंचाया नरसिंहगढ़

सूचना पर पहुंची पुलिस ने बस जब्त कर ली है। इधर, दूसरी बस से बच्चों और स्कूल स्टाफ को नरसिंहगढ़ भेजा गया। पुलिस ने कमल का शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया था। परिजन शव लेकर नरसिंहगढ़ के लिए निकल गए।

## निजी स्कूल की अकाउंटेंट ने फांसी लगाकर दी जान

कोलार थाना क्षेत्र स्थित न्यू ओम नगर में निजी स्कूल की अकाउंटेंट ने शुक्रवार रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस को उसके पास से एक सुसाइड नोट मिला है। जिसमें उसने बीमारी के कारण आत्महत्या करने की बात लिखी है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार न्यू ओम नगर में रहने वाली 27 वर्षीय सुजाता खंडाले मदर टेरेसा स्कूल में अकाउंटेंट थी। शुक्रवार को ही उसका जन्मदिन था और इसी दिन उसने सुसाइड कर लिया। युवती ने अपने घर में फांसी लगा ली थी। इसके बाद परिजन उसे फंदे से उतारकर अस्पताल लेकर पहुंचे थे, जहां कुछ देर बाद ही डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## कार ने सड़क पार कर रहे चौकीदार को मारी टक्कर, मौत

बिलखिरिया थाना क्षेत्र स्थित कलारी के सामने मुख्य सड़क पर रायसेन की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार ने चौकीदार को टक्कर मार दी। हादसा शुक्रवार शाम करीब साढ़े 7 बजे के आसपास का है। चौकीदार को एंबुलेंस की मदद से हमीदिया अस्पताल पहुंचाया गया, वहां रात करीब दस बजे डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस टक्कर मारने वाली कार और चालक की तलाश कर रही है।

पुलिस के अनुसार महाराज सिंह मीणा (54) गांव कोसाखेड़ी, थाना करारिया, जिला विदिशा के थे। करीब पंद्रह साल से वह भदौरिया फार्म हाउस पर चौकीदारी कर रहे थे और फार्म हाउस में रह रहे थे। शुक्रवार शाम सवा 7 बजे के आसपास वह बिलखिरिया स्थित कलारी के पास से सड़क पार कर रहे थे, तभी रायसेन की ओर से आ रही कार ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वे उछलकर सड़क पर गिरे थे। उनके दोनों पैर टूट गए, जबकि सिर और जबड़े में भी गंभीर चोट थी। उन्हें एंबुलेंस से अस्पताल ले जाया गया।

चोट अधिक होने के कारण इलाज के दौरान रात करीब दस बजे उनकी मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलने के बाद उनका बेटा दशरथ सिंह मीणा गांव से भोपाल पहुंच गया था। शनिवार को शव पीएम के बाद दशरथ को सौंप दिया गया है। उनकी पत्नी की काफी समय पहले मौत हो चुकी है। परिवार में महाराज सिंह मीणा का केवल बेटा दशरथ है।

### खबर संक्षेप



## आरटीओ पहुंचे सुप्रीम कोर्ट रोड सेफ्टी कमेटी के सदस्य

**भोपाल।** सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित रोड सेफ्टी कमेटी के सदस्य संजय बंदोपाध्याय आरटीओ पहुंचे। उन्होंने फिटनेस सेंटर सहित सड़क हादसों से जुड़े मामलों, योजनाओं और जन-जागरूकता अभियानों की समीक्षा की। जानकारी के अनुसार सुप्रीम कोर्ट कमेटी ऑन रोड सेफ्टी द्वारा भोपाल स्थित ऑटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशन एसएसएनबी नेक्स्चेक प्राइवेट लिमिटेड का निरीक्षण किया। उल्लेखनीय है कि भोपाल जिले में 3 ऑटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशन संचालन किया जा रहा है। इनके द्वारा समस्त ट्रांसपोर्ट वाहनों (व्यावसायिक वाहनों) की फिटनेस ऑटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशन के माध्यम से की जाती है, समस्त ट्रांसपोर्ट वाहनों को जिनकी आयु 8 वर्ष होती है, जिनको 2 साल में एक बार और 8 साल से अधिक आयु के ट्रांसपोर्ट वाहनों को हर साल फिटनेस कराना अनिवार्य होता है। इस दौरान संजय बंदोपाध्याय ने नेक्स्चेक प्राइवेट लिमिटेड द्वारा अब तक किए गए वाहनों की फिटनेस के दस्तावेजों की जांच की।

## डॉ. रमाशंकर की पुण्यतिथि पर किया सुंदरकांड पाठ



**औबेदुल्लागंज।** भोजपुर के जाने-माने डॉ. रमाशंकर चौरसिया की 51वीं पुण्यतिथि पर देर रात तक सुंदरकांड का पाठ उनके सुपुत्र द्विज प्रकाश चौरसिया के निवास पर किया गया। सुंदरकांड पाठ के बाद स्व. डॉ. चौरसिया को अशोक मित्तल, जेपी शर्मा, बंटी तिवारी, गुलाब सिंह, माखन नागर, वचन लोधी, धर्मेंद्र चौरसिया, विक्रम धाड़ी, शरद मालवीय, मनोज चौरसिया, गुड्डू यादव, बंटी नागर, रमाशरण सक्सैना आदि ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 2738 | | |
| दिन: | 560 | 17 | 250 |
| रात: | 480 | 27 | 890 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 112 | 47 | 340 |
| रात: | 178 | 69 | 289 |

## गोविंदपुरा पुलिस ने चैकिंग के दौरान एक आरोपी को पकड़ा

# तीन शातिर वाहन चोरों से 18 लाख रुपए के 13 दो पहिया वाहन जब्त

थाने लाकर सख्ती से पूछताछ की गई तो युवक ने अपने साथियों के साथ अन्य दोपहिया वाहन चोरी करना भी कुबूल किया



पुलिस गिरफ्त में तीन वाहन चोर और जब्त चोरी के 13 दो पहिया वाहन।

एमपी आरटीओ की वेबसाइट पर गाड़ी का इंजन व चेचिस नंबर चेक किया तो बुलेट बाइक गोविंदपुरा क्षेत्र से चोरी होना पाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गोविंदपुरा पुलिस ने तीन शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी के कुल 13 दोपहिया वाहन बरामद किए हैं। पुलिस ने वाहन चैकिंग के दौरान बिना नंबर की बुलेट बाइक पर सवार एक संदेही को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपने दो साथियों के साथ मिलकर वाहन चोरी की वारदातों को अंजाम देना स्वीकार किया। बरामद चोरी के वाहनों की कीमत 18 लाख रुपए बताई जा रही है।

पुलिस के मुताबिक शक्ति नगर गोविंदपुरा निवासी रितिक जैन (22) ने 10 नवंबर को रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि घर के बाहर खड़ी उसकी बुलेट बाइक कोई अज्ञात चोर चुरा ले गया है। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ चोरी का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी। आरोपी की धरपकड़ के लिए पाइंट लगाकर वाहन चैकिंग शुरू की गई। इस बीच बिना नंबर की बुलेट बाइक को रोककर चालक से गाड़ी के दस्तावेज मांगे। दस्तावेज नहीं होने पर एमपी आरटीओ की वेबसाइट के माध्यम से गाड़ी का इंजन व चेचिस नंबर चेक किया गया। पता चला कि बुलेट गाड़ी गोविंदपुरा क्षेत्र से चोरी की गई है। संदेही वसीम खान उर्फ समर (35) निवासी सुंदर नगर अशोका गार्डन को थाने लाकर सख्ती से पूछताछ की गई तो अपने साथियों के साथ अन्य दोपहिया वाहन चोरी करना भी कुबूल किया। आरोपी वसीम खान की निशानदेही पर पुलिस ने उसके दो साथियों आसिफ अली (23) निवासी लद्दाकपुरा जहांगीराबाद व सुलेमान खान (30) निवासी कुम्हारपुरा बरखेड़ी जहांगीराबाद को भी हिरासत में ले लिया। आरोपियों के कब्जे से कुल 13 दोपहिया वाहन जब्त किए गए हैं। बरामद गाड़ियों में स्कूटी, एक्टिवा, बाइक और बुलेट बाइक शामिल हैं।

### पहले भी जेल जा चुके हैं आरोपी

पुलिस ने बताया कि आरोपी वसीम, आसिफ और सुलेमान आदतन अपराधी हैं। पहले भी वे वाहन चोरी के आरोप में जेल जा चुके हैं। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि सूने स्थान की रैकी करने के बाद वाहन चोरी की वारदातों को अंजाम देते थे। चोरी की बाइक छिपाकर रखते थे और ग्राहक मिलने पर सस्ते दामों में बेच देते थे।



ग्रेफाइट हायर सेकंडरी स्कूल में वार्षिक उत्सव समारोह में मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देतीं हुईं छात्राएं।

### ग्रेफाइट हायर सेकंडरी स्कूल में वार्षिक उत्सव 'नवस्पर्श' का आयोजन

## बच्चों ने भारतीय संस्कृति, अध्यात्म और भारतीयता से ओत-प्रोत नृत्य, नाटक, गायन की दी शानदार प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

शहर के ग्रेफाइट हायर सेकंडरी स्कूल, मंडीदीप का वार्षिक उत्सव 'नवस्पर्श' शुक्रवार को एचईजी कंपनी प्रांगण में शाम 5 बजे आयोजित किया गया। करीब चार घंटे चले कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया।

बच्चों ने भारतीय संस्कृति, अध्यात्म और भारतीयता से ओत-प्रोत नृत्य, नाटक, गायन और लोक कला की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। दर्शक दीर्घा में मौजूद अभिभावक, शिक्षक और स्थानीय लोग बार-बार तालियां बजाकर बच्चों का उत्साहवर्धन करते रहे।



कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश शासन की अपर मुख्य सचिव रश्मि अरुण शमी रहीं।

## सेंट्रल इंडिया संवाद 2025 में रूपेश ने किया प्रतिनिधित्व



**भोपाल।** टाटा स्टील फाउंडेशन द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी सेंट्रल इंडिया संवाद 2025 का आयोजन जमशेदपुर झारखंड में किया गया। इसमें देश के 26 राज्यों से करीब 90 जनजातीय युवा सहभागी बने। इस राष्ट्रीय आयोजन में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भेल के एमए राजनीति विज्ञान तृतीय सेमेस्टर के छात्र रूपेश कठौतिया ने किया। आयोजन का उद्देश्य देश के जनजातीय युवाओं को एक साझा मंच प्रदान कर, ज्ञान का आदान-प्रदान तथा शिक्षा एवं सामाजिक परिवर्तन के प्रति जागरुकता बढ़ाना रहा। युवा संवाद में उनके विचारों व जनजातीय समाज के लिए किए गए प्रयासों की सभी प्रतिभागियों ने सराहना की।

## तीन सप्ताह से लापता बीएलओ को सतलापुर पुलिस ने वृंदावन से ढूंढ निकाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप



कर्जदारों से था परेशान, विभाग के ही कर्मचारी देते थे महंगे ब्याज पर पैसा


मंडीदीप से 3 सप्ताह से गायब बीएलओ नारायण सोनी जो अपनी मर्जी से बिना बताए वृंदावन निकल गए थे, जिसके कारण घर वाले परेशान थे। घर वालों ने सतलापुर थाने को जानकारी दी और गुमशुदगी भी दर्ज कराई थी। पुलिस तुरंत हरकत में आई और 17 नवंबर को मैहर का लोकेशन मिला। इसके बाद नारायण सोनी ने अपना मोबाइल बंद कर लिया था। पुलिस को 30 नवंबर को वृंदावन की लोकेशन मिली।

पुलिस की टीम तत्काल वृंदावन पहुंची, वहां धर्मशाला में रह रहे बीएलओ को ढूंढ कर परिवार को सौंप दिया। बीएलओ से पूछताछ में उन्होंने बताया कि वो एक शिक्षक हैं और कर्ज ज्यादा होने से वो शहर को छोड़ कर वृंदावन चले गए थे। कर्ज उन्हीं के विभाग के कर्मचारी और अन्य लोगों ने महंगे ब्याज पर दे रखा था, जिसके कारण बहुत परेशान था।

## औबेदुल्लागंज में शीतलहर से गरीब, बेसहारा लोग ठिठुरने को मजबूर

**औबेदुल्लागंज।** नगर में पिछले दो दिनों से कड़ाके की ठंड पड़ रही है। क्षेत्र में शीतलहर के कारण गरीब बेसहारा लोगों की परेशानी बढ़ गई है। वहीं नगर परिषद की ओर से इन गरीब बेसहरा लोगों को ठंड से बचाने के लिए उचित इंतजाम नहीं किए है।

सार्वजनिक स्थान, बस स्टैंड, चौराहों और अन्य क्षेत्र में बड़ी संख्या में लोग खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हैं। इसके साथ ही राहगीरों, मजदूरों, रिक्शा चालकों और यात्रियों को कड़ाके की सर्दी में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। नगर परिषद के जिम्मेदार अधिकारियों से बार-बार संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन संपर्क नहीं हो सका।



कड़ाके की सर्दी के साथ शनिवार सुबह क्षेत्र में छाया कोहरा।

## महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अश्विनी के नगर आगमन पर स्वागत

**औबेदुल्लागंज।** मध्यप्रदेश भाजपा महिला मोर्चा की नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष अश्विनी परांजपे शनिवार को निज निवास हिरानिया पर पधारीं। उनके आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं तथा साथियों ने उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर मीसाबंदी रामकिशोर शर्मा, रामेश्वर नागर, गौरी शंकर नागर, जेपी शर्मा, बंटी तिवारी, मनीष गोशिंदे, बाला सेनी, राम अग्रवाल आदि उपस्थित रहे। इस दौरान संगठन को मजबूत तथा व्यापक बनाने के लिए अपने सहयोग का संकल्प लिया।



मध्यप्रदेश भाजपा महिला मोर्चा की नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष अश्विनी परांजपे का स्वागत करते मीसाबंदी रामकिशोर शर्मा, गौरी शंकर नागर सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता।

### सुबह पेपर होने के कारण हॉल में सोया था रूद्राक्ष

## आरक्षक के बेटे ने मफलर के फंदे से फांसी लगाकर दी जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जहांगीराबाद थाना क्षेत्र स्थित पुलिस लाइन में आरक्षक के 15 साल के बेटे ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पिता ने उसका शव हॉल में बल्ली पर मफलर के सहारे लटके देखा था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एफएसएल की मदद से घटना स्थल का निरीक्षण किया तो सुसाइड नोट नहीं मिलने से आत्महत्या के कारण का पता नहीं चल सका है। पुलिस ने शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। परिजन शव लेकर भिंड स्थित अपने गांव चले गए, वहां बेटे का अंतिम संस्कार किया जाएगा।

एसआई राजकुमार गौतम ने बताया कि इंद्रपाल रजावत पुलिस लाइन में आरक्षक हैं। वे परिवार के साथ पुलिस लाइन जहांगीराबाद में रहते हैं। उनके परिवार में पत्नी के अलावा दो बेटे थे। माता पिता भी उनके साथ रहते हैं। इंद्रपाल का बड़ा बेटा रूद्राक्ष प्राइवेट स्कूल में दसवीं कक्षा में पढ़ता था। उसकी छमाही परीक्षा चल रही है। रूद्राक्ष का शनिवार को पेपर था और वहां हॉल में पढ़ाई करने के इरादे से सोया था। रात में वह पढ़ाई कर रहा था। सुबह करीब चार बजे के आसपास पिता इंद्रपाल राजावत की नींद खुली और वह हॉल में पहुंचे। इस दौरान उन्होंने बेटे को मफलर के सहारे फांसी के फंदे पर लटके देखा। उन्होंने शोर मचाकर परिजन को उठाया। इसके बाद पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया। परिजन से पूछताछ की गई, लेकिन आत्महत्या की बात गले नहीं उतर रही है। पुलिस उसके साथ पढ़ने वाले दोस्तों से पूछताछ करेगी।

### स्कूल से लौटी बच्ची ने मां को फंदे पर लटके देखा

## पति के चरित्र पर संदेह, मोबाइल पर बहस के बाद पत्नी ने लगाई फांसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित कौशल नगर में एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या से पूर्व उसकी पति से मोबाइल पर कहासुनी हुई थी। दरअसल, वह पति के चरित्र पर संदेह करती थी। बहस के बीच महिला ने पति को आत्महत्या की धमकी दी और फांसी लगा ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है।

पुलिस के अनुसार अंशु सिंह चौहान पति अरुण सिंह चौहान (28) मूलतः रीवा की रहने वाली थी। वह कौशल नगर में पति और आठ साल की बच्ची सौम्या के साथ रह रही थी। अंशु घर से कुछ दूरी पर किराना दुकान का संचालन करती थी, जबकि पति अरुण बेस्ट प्राइज में नौकरी करता है। सुबह अंशू ने दुकान खोली और 12 बजे घर लौटी थी। उसने कॉल किया और कहा कि तुम्हारा किसी लड़की से चक्कर है। मुझे एमपी ऑनलाइन वाले ने बताया है। बहस होने के बाद अंशु कहने लगी कि मैं आत्महत्या कर लूंगी। स्कूल से बेटी घर पहुंची तो दरबाजा बंद था। उसने धक्का दिया तो दरवाजा खुल गया। उसने मां साड़ी के फंदे पर लटा देखा, फिर मोबाइल पर पिता को सूचना दी।

### युवाओं को डॉ. आंबेडकर के आदर्शों पर चलने के लिया किया आह्वान

# डॉ. आंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस को 'सामाजिक समरसता दिवस' के रूप में मनाया, माल्यार्पण कर दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, भोजपुर जिला की औबेदुल्लागंज इकाई द्वारा बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस को 'सामाजिक समरसता दिवस' के रूप में श्रद्धापूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर नगर स्थित बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

कार्यक्रम जिला संगठन मंत्री केशव सूर्यवंशी की उपस्थिति में संपन्न हुआ। उन्होंने अपने संबोधन में बाबा साहब के विचारों, संविधान निर्माण में उनके योगदान पर प्रकाश डालते हुए युवाओं को उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। इस अवसर पर नगर मंत्री संतोष अहिरवार सहित अभाविप के कई कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।



बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि देते लोग।

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि




भारतीय संविधान के मुख्य शिल्पकार प्रथम कानून मंत्री बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर युवा कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष परेश नागर, कांग्रेस पार्षद राजेश खटीक, सरपंच राजू मेहरा, उत्तम यादव, राजाराम यादव, महेंद्र धाकड़, कमलेश लोधी ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

### पटवा ने दी डॉ. आंबेडकर को श्रद्धांजलि



विधायक सुरेंद्र पटवा ने शनिवार देर शाम डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर मलयार्पणकर श्रद्धांजलि अर्पित की। डॉ. भीमराव आंबेडकर की 69वीं पुण्यतिथि पर क्षेत्र में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कन्हैया नंदवंशी, सुरजीत सिंह बिल्ले, देवेंद्र सिंह राजू, हरगोविंद वर्मा, मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर, वागिश अग्रवाल, जीतू नंदवंशी, मनोज चौरसिया, भारती सेठी, सुनील सेरिया, वचन लोधी, धर्मेंद्र चौरसिया रामकिशोर नंदवशी आदि उपस्थित थे।

## राज्यपाल, मुख्यमंत्री, केंद्रीय शिक्षा मंत्री सहित मप्र के कई मंत्री कार्यक्रम में होंगे सम्मिलित


# मप्र में आज आयोजित होगी राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के क्रियान्वयन, चुनौतियों एवं संभावनाओं संबंधी कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के क्रियान्वयन, उससे जुड़ी चुनौतियों और संभावनाओं पर विचार-विमर्श के लिए रविवार 7 दिसंबर को कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर भोपाल में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की जाएगी। मुख्य अतिथि राज्यपाल मंगुभाई पटेल होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अध्यक्षता करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, उच्च शिक्षा मंत्री इन्दर सिंह परमार तथा स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह उपस्थित रहेंगे। कार्यशाला का आयोजन उच्च शिक्षा विभाग की ओर से किया जा रहा है।

उच्च शिक्षा आयुक्त प्रबल सिपाहा ने बताया कि राज्य सरकार राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के प्रभावी क्रियान्वयन, संरचनात्मक सुधार, अकादमिक उन्नयन और संस्थागत तत्परता को सुदृढ़ करने की दिशा में निरंतर कार्यरत है। कार्यशाला का उद्देश्य नीति की गहन समझ विकसित करना, क्रियान्वयन की प्रगति का मूल्यांकन करना, संस्थागत चुनौतियों की पहचान करना तथा पाठ्यक्रम सरलीकरण, डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन, शोध एवं नवाचार, और उद्योग-अकादमिक सहयोग जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर व्यावहारिक मार्गदर्शन प्रदान करना है।

**महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर व्यवहारिक मार्गदर्शन प्रदान करना कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य**



सांकेतिक चित्र।

### व्यावहारिक एवं क्रियाशील रोडमैप तैयार किया

इन सत्रों के माध्यम से प्रदेश के उच्च शिक्षा संस्थानों के लिए एक व्यावहारिक एवं क्रियाशील रोडमैप तैयार किया जाएगा, जिससे वे अपनी शैक्षणिक, प्रशासनिक और डिजिटल संरचनाओं को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप सुदृढ़ कर सकें। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 देश की उच्च शिक्षा प्रणाली में व्यापक परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त करती है, जिसमें बहुविषयी शिक्षण, लचीलापन, कौशल-आधारित शिक्षा, डिजिटल लर्निंग, शोध संवर्धन और वैश्वीकरण को विशेष महत्व दिया गया है।

### कार्यशाला में होंगे 5 सत्र, शिक्षाविदों और विशेषज्ञों की ओर से होगा विस्तृत विचार-विमर्श

कार्यशाला में कुल पांच सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिनमें निम्न विषयों पर शिक्षाविदों और विशेषज्ञों की ओर से विस्तृत विचार-विमर्श होगा। इसमें मुख्य रूप से एनईपी 2020 के माध्यम से उच्च शिक्षा का रूपांतरण, संरचनात्मक सुधार एवं संस्थागत तत्परता, पाठ्यक्रम एवं शिक्षण विधि में सुधार, लचीलापन, कौशल एकीकरण एवं परिणाम-आधारित शिक्षा, मप्र में विदेशी विश्वविद्यालयों एवं शैक्षणिक संस्थानों की स्थापना, नीतिगत प्रावधान, संभावनाएं एवं गुणवत्ता संवर्धन, विद्यालयीन शिक्षा में एनईपी 2020 के तहत परिवर्तन और विद्यालयों में एआई और कौशल निर्माण की भूमिका पर विचार विमर्श होगा।

### सांदीपनि विद्यालय की स्थापना एक महत्वपूर्ण कदम

आयुक्त स्कूल शिक्षा श्रीमती शिल्पा गुप्ता ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का सफल क्रियान्वयन मप्र में किया जा रहा है। सांदीपनि विद्यालय की स्थापना एक महत्वपूर्ण कदम है, जो भारतीय ज्ञान परंपरा मूल्य आधारित शिक्षा और तकनीक सक्षम अधिगम के समन्वय का एक उत्कृष्ट मॉडल प्रस्तुत करेगा। स्कूल शिक्षा विभाग एनईपी-2020 के लक्ष्यों को संयुक्त रूप से प्राप्त करने की दिशा में शिक्षक प्रशिक्षण, डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म, मूल्यांकन सुधार और नवाचार-आधारित अधिगम को बढ़ावा दे रहे हैं।

---

### सीएम डॉ. यादव ने कहा- महापुरुषों के नाम पर भोपाल में विभिन्न मार्गों पर बनेंगे 9 द्वार

# राजधानी में विभिन्न मार्गों पर बनने वाले द्वार 'विरासत' के साथ विकास को करेंगे जीवंत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि राजधानी के गौरवशाली अतीत को निखारने के लिए सभी समन्वित आवश्यक प्रयास पूरी प्रतिबद्धता के साथ किए जाएंगे। महान प्रतापी राजा भोज के शासन के एक हजार साल पूर्ण होने पर भोज-नर्मदा द्वार का भूमि-पूजन किया गया था।

राजधानी में महान चक्रवर्ती सम्राट विक्रमादित्य के शासन के दो हजार साल पूर्ण होने पर उनके नाम पर बनने वाले द्वार का भूमि-पूजन किया जाएगा। भोपाल में महापुरूषों के नाम पर विभिन्न मार्गों पर 9 भव्य द्वार बनेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह बात शनिवार को समत्व भवन में आयोजित अभिनंदन समारोह में कही। मुख्यमंत्री ने संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के निर्वाण दिवस पर स्मरण करते हुए कहा कि आज विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र वाले देश में 'चाय वाला' प्रधानमंत्री और 'गाय वाला' मुख्यमंत्री है। उन्होंने कहा कि सम्राट अशोक और विश्व प्रसिद्ध धरोहर सांची को जीवंत करते द्वार बनाए जाएंगे। राजधानी में निर्मित होने वाले यह भव्य द्वार विभिन्न महापुरूषों और उनकी विरासत को प्रस्तुत करेंगे। अभिनंदन कार्यक्रम को विधायक रामेश्वर शर्मा ने भी संबोधित किया।

**भगवान श्रीराम, श्रीकृष्ण, सम्राट अशोक और विक्रमादित्य के नाम पर होंगे द्वार**


समत्व भवन में सीएम डॉ. यादव उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए।

**मुख्यमंत्री ने निर्वाण दिवस पर संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. आंबेडकर का किया स्मरण**


सीएम डॉ. यादव का अभिनंदन करते विधायक शर्मा।

### सम्राट अशोक और विश्व प्रसिद्ध धरोहर सांची को जीवंत करते द्वार बनाए जाएंगेः सीएम


उद्बोधन देते मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव।

**'विकास भी-विरासत भी' के संकल्प को साकार करती मोहन सरकारः विधायक शर्मा**

विधायक रामेश्वर शर्मा ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ शनिवार को मुख्यमंत्री मोहन यादव से मुख्यमंत्री निवास पर भेंट सरकार के सफलतम दो वर्ष पूर्ण होने पर शुभकामनाएं दी। रामेश्वर शर्मा ने मोहन सरकार के दो साल बेमिसाल पर कहा कि प्रदेश सरकार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में 'विकास भी, विरासत भी' के संकल्प को मजबूत रूप से आगे बढ़ाया है। रामेश्वर ने कहा कि मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में विकास के साथ-साथ विरासत संवर्धन को भी नई गति मिली है। विधायक रामेश्वर शर्मा ने मुख्यमंत्री को 13 दिसंबर को फंदा में बनने वाले वीर विक्रमादित्य स्वागत द्वार के भूमिपूजन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने का आमंत्रण दिया। उन्होंने कहा कि यह स्वागत द्वार इतिहास व संस्कृति के संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा।

---

### महिला मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष ने ग्रहण किया पदभार

## महिलाएं लोकतंत्र को सही दिशा में ले जाने में समर्थः खंडेलवाल


परांजपे का अभिनंदन करते हेमंत व पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने शनिवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष अश्विनी परांजपे को पदभार ग्रहण कराकर संबोधित किया।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महिलाओं को संसद में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का निर्णय लेकर राजनीति में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने का कार्य किया है। महिलाएं अब जागरूक हैं, वह अच्छी तरह से समझती हैं कि लोकतंत्र किस दिशा में जाना चाहिए। महिलाएं अब किसे वोट देना है, यह स्वयं निर्णय करती हैं। वर्ष 2023 में मध्यप्रदेश में हुए विधानसभा और इसके बाद लोकसभा चुनाव के साथ हाल ही में बिहार में संपन्न हुए विधानसभा चुनाव में महिलाओं ने भाजपा की जीत को आसान बना दिया। महिला कार्यकर्ता मध्यप्रदेश के हर घर तक भाजपा के कार्यों को पहुंचाने का लक्ष्य लेकर कार्य करें। फर्जी व बाहरी मतदाता चुनाव परिणामों को प्रभावित कर सकते हैं, इसलिए महिला मोर्चा की सभी कार्यकर्ता एसआईआर के कार्यों में अधिक से अधिक योगदान दें। भाजपा महिला मोर्चा की पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व सांसद माया नारोलिया ने कहा कि अश्विनी परांजपे के नेतृत्व में मध्यप्रदेश का महिला मोर्चा अपने संगठनात्मक कार्यों में इतिहास रचेगा।

**एसआईआर का कार्य भारत माता की पूजा की तरह**

भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष अश्विनी परांजपे ने पदभार संभालने के बाद अपने संबोधन में कहा कि एसआईआर का कार्य भारत माता की पूजा की तरह है। मध्यप्रदेश में इस समय एसआईआर का कार्य चल रहा है। महिला मोर्चा की सभी कार्यकर्ता एसआईआर के कार्य में सहयोग करें, ताकि एक भी सही मतदाता वंचित न रहने पाए।

---

## साइबर पुलिस भोपाल को अवॉर्ड मिलने पर सीएम ने दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने डीसीसीआई एक्सीलेंस अवार्ड्स-2025 में एक्सीलेंस इन कैपेसिटी बिल्डिंग ऑफ लॉ एनफोर्समेंट एजेंसीज़ श्रेणी में सम्मानित होने पर मध्यप्रदेश पुलिस (स्टेट साइबर भोपाल) को बधाई दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सम्मान मध्यप्रदेश पुलिस की लगन, दक्षता और सतत आधुनिकीकरण की ओर अग्रसर होने के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि साइबर सुरक्षा वर्तमान डिजिटल युग की सबसे बड़ी आवश्यकता है। स्टेट साइबर मुख्यालय ने अपने प्रशिक्षण कार्यक्रमों, तकनीकी क्षमताओं के विकास और आधुनिक सायबर इंफ्रास्ट्रक्चर से कानून प्रवर्तन एजेंसियों को ऊंचाइयों तक पहुंचाया है।

### बाबा साहेब को पुष्पांजलि अर्पित...



**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल एवं क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने शनिवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में संविधान निर्माता, भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान पार्टी के प्रदेश कार्यालय मंत्री श्याम महाजन, प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन एवं भोपाल जिला अध्यक्ष रविन्द्र यति सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## वर्मा को बर्खास्त करने कर्मचारी मंच शुरू करेगा पोस्टकार्ड आंदोलन

**भोपाल।** मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच ने निर्णय लिया है कि वर्ष 2021 में फर्जी दस्तावेजों के आधार पर आईएएस अवार्ड लेने वाले फर्जी आईएएस संतोष वर्मा को बर्खास्त करने की मांग को लेकर कर्मचारी मंच आठ दिसंबर से पोस्टकार्ड आंदोलन मुख्यमंत्री के नाम शुरू करेगा।

यह आंदोलन पूरे प्रदेश के हर जिले से कर्मचारी मंच के पदाधिकारी शुरू करेंगे। मंच के प्रदेशाध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया कि पिछले चार साल से फर्जी आईएएस होने के बावजूद भी संतोष वर्मा मंत्रालय में पदस्थ है। मंच ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर फर्जी रूप से आईएएस का अवार्ड प्राप्त करने वाले आईएएस संतोष वर्मा को तत्काल बर्खास्त कर आईएएस अवार्ड वापस लेने की मांग की है।

### एमपी ट्रांसको की उपयोग की जा रही एडवांस टेक्नोलॉजी सराहनीय

## विद्युत नियामक आयोग ने किया 132 केवी जीआईएस सबस्टेशन फूलबाग का निरीक्षण

**नेटवर्क को अधिक भरोसेमंद बनाने संबंधी उपायों की ली जानकारी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश विद्युत नियामक आयोग की टीम ने पिछले दिनों मप्र पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) के 132 केवी जीआईएस सबस्टेशन, फूलबाग ग्वालियर का निरीक्षण किया। टीम में चेयरमेन गोपाल श्रीवास्तव, सचिव डॉ. उमाकांत पांडेय तथा सदस्य गजेंद्र तिवारी शामिल थे।

निरीक्षण के दौरान नियामक आयोग ने सबस्टेशन की तकनीकी कार्यप्रणाली, लोड प्रबंधन, सुरक्षा मानकों और जीआईएस तकनीक के माध्यम से होने वाले संचालन की विस्तार से समीक्षा की। टीम ने उपस्थित इंजीनियरों से नेटवर्क को अधिक विश्वसनीय और उपभोक्ता केंद्रित बनाने के लिए किए जा रहे उपायों की जानकारी भी ली।

**टेक्नोलॉजी की सराहना**

नियामक आयोग टीम ने सबस्टेशन में अपनाई जा रही एडवांस टेक्नोलॉजी की सराहना करते हुए कहा कि जीआईएस तकनीक शहरी क्षेत्रों में कम स्थान में अधिक क्षमता उपलब्ध कराने के साथ ही फॉल्ट कम करने और बिजली आपूर्ति की गुणवत्ता सुधारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

**निरीक्षण में एमपी ट्रांसको के यह अधिकारी रहे उपस्थित**

विद्युक नियामक आयोग टीम के सबस्टेशन निरीक्षण के समय मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी के अधीक्षण अभियंता अरविंद कुमार शर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### विशेषज्ञों ने कॉन्क्लेव में पाम ऑयल के बारे में गतल धारणा को किया दूर



पाम ऑयल कान्क्लेव 2025 का दृश्य।

## विशेषज्ञों ने कहाः भारत में पाम ऑयल सेहत के लिए परफेक्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारत में पाम ऑयल नागरिकों की सेहत के लिए परफैक्ट है। गलत जानकारी के कारण भारत में पाम ऑयल की छवि अनावश्यक रूप से खराब कर दी गई है। लोगों को लगता है यह सस्ता है इसलिए अच्छा नहीं है।

यह बात शनिवार को होटल कोर्टयार्ट मैरियट में एशियन पाम ऑयल अलायंस के सेक्रेटरी जनरल डॉ. सुरेश मोटवानी ने पाम ऑयल कॉन्क्लेव 2025 में कही।

**पारदर्शी और संतुलित राष्ट्रीय संवाद की आवश्यकता**

द सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर बीवी मेहता ने कहा कि मुख्य संदेश पाम ऑयल के बारे में तथ्य-आधारित, पारदर्शी और संतुलित राष्ट्रीय संवाद की आवश्यकता है। कॉन्क्लेव की थीम पाम ऑयल डायलॉग्सः सोच को बदलना हेल्थ, मार्केट, क्लाइमेट रही।

### विधानसभा अध्यक्ष तोमर और सांसद शर्मा ने किया महाराजा छत्रसाल की अष्टधातु की प्रतिमा का अनावरण

## बुंदेल केसरी महाराजा छत्रसाल का संघर्षमयी जीवन युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणादायी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि बुन्देलखण्ड महाराजा छत्रसाल की कर्मभूमि रहा है। भारत के कण कण में शंकर की भांति पन्ना के कण कण में हीरा की किवदंती प्रासंगिक है। इस ऐतिहासिक एवं प्रेरणादायी अवसर पर हमें सच्चे देशभक्त बनने का मजबूत संकल्प लेना चाहिए।

उन्होंने कहा कि महाराजा छत्रसाल का जीवन संघर्ष से भरा रहा है। सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने मुगल साम्राज्य के विरूद्ध अद्भुत शौर्य और पराक्रम दिखाया। यह बात विधानसभा अध्यक्ष सिंह तोमर ने शनिवार को पन्ना नगर के धरम सागर तालाब परिसर में महाराजा छत्रसाल की अष्टधातु की प्रतिमा के अनावरण कार्यक्रम में कही। उन्होंने उपस्थित लोगों को बधाई व शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर विस अध्यक्ष का तलवार एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया।

**सच्चे देशभक्त बनने का सभी को लेना चाहिए संकल्प**


अष्टधातु प्रतिमा के अनावरण का दृश्य।

**प्रतिमा का अनावरण गौरवशाली क्षण**

*तोमर ने कहा कि बुंदेल केसरी महाराजा छत्रसाल की राजधानी एवं हीरा, तालाब और मंदिरों की नगरी पन्ना में प्राचीन व ऐतिहासिक धरम सागर तालाब के किनारे छत्रसाल की प्रतिमा का अनावरण गौरवशाली क्षण है। इस गरिमामयी कार्यक्रम में नगरवासी भी साक्षी बनकर उत्साहित हैं। मप्र के ऐतिहासिक स्थान के रूप में मान्यता प्राप्त पन्ना भगवान जुगल किशोर की पावन स्थली तथा महाराजा छत्रसाल के गुरु प्राणनाथ की तपस्थली भी है। खजुराहो सांसद विष्णु दत्त शर्मा ने कहा कि यह कार्यक्रम मात्र प्रतिमा के अनावरण का कार्यक्रम नहीं है, बल्कि महाराजा छत्रसाल के संघर्ष को निरंतर स्मरण करने का अवसर भी है। सांसद ने कहा कि आईकोनिक सिटी खजुराहो की भांति पन्ना नेशनल पार्क और मंदिरों में भी पर्यटकों का बड़ी संख्या में आगमन हुआ है। पन्ना टाईगर रिजर्व पर्यटकों का पसंदीदा पर्यटक स्थल बनकर उभरा है।*




हमारे देश में सोना हमेशा से ही धन और सुरक्षा का प्रतीक रहा है, लेकिन बदलते समय के साथ सोने में निवेश का तरीका भी बदल रहा है। अब सोने को घर में रखने, सुरक्षा की चिंता करने या मेकिंग चार्ज और जीएसटी भरने की जरूरत नहीं, क्योंकि गोल्ड ईटीएफ और गोल्ड फंड ऑफ फंड ने निवेशकों के लिए एक मॉडर्न, आसान और बिना झंझट वाला रास्ता खोल दिया है।

## निवेश का नया ट्रेंड : स्मार्ट निवेशकों की पहली पसंद

# गोल्ड ईटीएफ व फंड का धमाल

- एक गोल्ड ईटीएफ यूनिट का मतलब एक ग्राम सोने का 10वां हिस्सा
- इन यूनिट्स को एनएसई और बीएसई जैसी स्टॉक एक्सचेंजों पर खरीद या बेच सकेंगे
- सोना हमेशा से धन और सुरक्षा का प्रतीक रहा, अब निवेश का तरीका भी बदल गया
- अब सोने को घर में रखने, सुरक्षा की चिंता करने या मेकिंग चार्ज और जीएसटी भरना जरूरी नहीं
- गोल्ड ईटीएफ व फंड निवेशकों के लिए एक मॉडर्न, आसान और बिना झंझट वाला रास्ता खोला

निवेश मंत्रा

बिजनेस डेस्क

हमारे देश में सोना हमेशा से ही धन और सुरक्षा का प्रतीक रहा है, लेकिन बदलते समय के साथ सोने में निवेश का तरीका भी बदल रहा है। अब सोने को घर में रखने, सुरक्षा की चिंता करने या मेकिंग चार्ज और जीएसटी भरने की जरूरत नहीं, क्योंकि गोल्ड ईटीएफ और गोल्ड फंड ऑफ फंड ने निवेशकों के लिए एक मॉडर्न, आसान और बिना झंझट वाला रास्ता खोल दिया है। कम खर्च, ऑनलाइन ट्रेडिंग की सुविधा और टैक्स के बड़े फायदे इन दोनों को आज के स्मार्ट निवेशकों के बीच सबसे लोकप्रिय विकल्प बना रहे हैं। जानकारों का कहना है कि भारत में सोना सिर्फ निवेश नहीं, बल्कि समृद्धि और सुरक्षा का प्रतीक माना जाता है। पहले लोग ज्यादातर जेवर, सिक्के या सोने की ईंटें (बार) खरीदकर ही निवेश करते थे, क्योंकि यही आम तरीका था, लेकिन अब समय बदल गया है। आज ऐसे विकल्प मौजूद हैं, जिनमें न तो सोना घर पर रखने की जरूरत है और न ही सुरक्षा की चिंता रहती है। गोल्ड ईटीएफ और गोल्ड फंड ऑफ फंड दोनों विकल्प सोने में निवेश को आसान, सुरक्षित, और बिना झंझट वाला बना देते हैं। आप इन्हें शेयर की तरह ही मार्केट के खुले होने पर कभी भी खरीद-बेच सकते हैं।



### गोल्ड ईटीएफ में निवेश आसान

गोल्ड ईटीएफ में निवेश करना बहुत आसान होता है। आप इन्हें मार्केट के समय के दौरान तुरंत खरीद या बेच सकते हैं। इन पर लगने वाला सालाना खर्च भी कम होता है, करीब लगभग 0.50%। यह उन लोगों के लिए बेहतर विकल्प है, जो सोने की कीमत में होने वाले उतार-चढ़ाव का फायदा लेना चाहते हैं, बिना इस चिंता के कि सोना घर पर कैसे रखें या उसकी सुरक्षा कैसे करें।

### क्यों बेहतर हैं गोल्ड ईटीएफ और गोल्ड फंड ऑफ फंड

ये सस्ते होते हैं, खरीदना-बेचना आसान है, चोरी या स्टोरेज की चिंता नहीं, फिजिकल गोल्ड के झंझट (मेकिंग चार्ज, जीएसटी, सेफ्टी) पूरी तरह खत्म रहता है। इसके अलावा, आपको सोने का वही पारंपरिक फायदा भी मिलता है, जैसे महंगाई से बचाव, समय के साथ सोने का मूल्य स्थिर रहता है, अगर आप सोने में एक मॉडर्न, सुरक्षित और बिना झंझट वाला तरीका चाहते हैं, तो गोल्ड ईटीएफ और गोल्ड फंड ऑफ फंड सबसे बेहतर विकल्प नजर आते हैं।

### क्या इनकी सबसे बड़ी खासियत

- मेकिंग चार्ज नहीं लगता
- स्टोरेज की कोई दिक्कत नहीं
- चोरी या सुरक्षा की चिंता नहीं
- असली सोने की तुलना में कम खर्चे
- अगर आप सोने में निवेश को सिंपल और एफिशिएंट रखना चाहते हैं, तो ईटीएफ और फंड ऑफ फंड बेहतरीन विकल्प हैं।

### एक गोल्ड ईटीएफ का क्या होता है मतलब

- एक गोल्ड ईटीएफ यूनिट का मतलब होता है एक ग्राम सोने का दसवां हिस्सा, जिसे बैंक के सुरक्षित वॉल्ट में रखा जाता है। आप इन यूनिट्स को एनएसईऔर बीएसई जैसी स्टॉक एक्सचेंजों पर खरीद या बेच सकते हैं।

### गोल्ड फंड ऑफ फंड

- अगर आपके पास डीमैट अकाउंट नहीं है, या आप चीजों को और भी आसान रखना चाहते हैं, तो गोल्ड फंड ऑफ फंड अच्छा विकल्प है। ये फंड ज्यादातर पैसा गोल्ड ईटीएफ में ही निवेश करते हैं। मतलब आपको सोने का फायदा मिलता है, पर कोई स्टोरेज या सिक्योरिटी की टेंशन नहीं रहती।

### कम पैसों से निवेश की सुविधा

- गोल्ड फंड्स में सिर्फ 500 रुपये प्रति महीना एसआईपी से निवेश शुरू कर सकते हैं। इनके खर्च (एक्सपेंस रेश्यो), ईटीएफ के मुकाबले कुछ ज्यादा होते हैं, कुल मिलाकर करीब 1%, क्योंकि इनमें ईटीएफ का खर्च भी शामिल होता है, लेकिन इसका फायदा यह है कि डीमैट की जरूरत नहीं होती।

## शेयर और प्रॉपर्टी से लेकर रिटायरमेंट तक

# बेहद कारगर है 7 फीसदी का रूल

- इस नियम से शेयर में नुकसान कम करने में मदद मिलती है
- रिटायरमेंट प्लानिंग और रियल एस्टेट इनवेस्टमेंट में भी करता है सहायता
- निवेश से पहले जान लें तरीका, आंख बंद करके फॉलो न करें कोई नियम

सुझाव

बिजनेस डेस्क

निवेश से जुड़े फैसले करना जितना आसान लगता है, उतना है नहीं। गलत फैसले कभी-कभी पूरी प्लानिंग बिगाड़ देते हैं। इसलिए कई पॉपुलर इनवेस्टमेंट रूल यानी निवेश के नियम इस्तेमाल किए जाते हैं, ताकि फैसले करना आसान हो सके। ऐसा ही एक नियम है "7% रूल" यानी 7% का नियम. यह एक ऐसा रूल है, जिसे शेयर बाजार ट्रेडिंग से लेकर रिटायरमेंट प्लानिंग और रियल एस्टेट इन्वेस्टमेंट तक, इस्तेमाल किया जा सकता है, लेकिन ऐसे किसी भी नियम को सिर्फ एक इंडिकेटिव टूल की तरह लेना चाहिए, इन्हें आंख मूंदकर फॉलो करना ठीक नहीं होता।

### शेयर बाजार में सात प्रतिशत का रूल

ट्रेडिंग करते समय भावनाओं में बहकर फैसला करना सही नहीं होता। कई बार हमारे स्टॉक्स या निवेश की कीमत गिरती रहती है, लेकिन हम स्टॉप लॉस पर अमल करने की जगह रिकवरी की उम्मीद में इंतजार करते रह जाते हैं। इस चक्कर में कई बार बड़ा नुकसान हो जाता है। स्टॉक मार्केट इनवेस्टमें में 7% रूल का मतलब यह है कि आपने कोई शेयर जिस प्राइस पर खरीदा है, उससे 7% नीचे गिरने पर उसे बेच दें, यानी 7% का स्टॉप लॉस लगाएं, इससे आप अपनी पूंजी को आगे चलकर होने वाले बड़े नुकसान से बचा पाएंगे। यहां 7% की लिमिट इसलिए रखी गई है, क्योंकि आंकड़ों पर आधारित कई रिसर्च में यह पाया गया है कि बाजार में माहौल सामान्य हो, तो कोई शेयर 7-8% से ज्यादा गिरने का मतलब उस कंपनी में कोई गंभीर दिक्कत हो सकता है। यानी यह लेवल एक अलार्म की तरह काम करता है। इस नियम से ट्रेडिंग में डिसिप्लिन आता है और भावनाओं को कंट्रोल करके सही फैसला किया जा सकता है।



### स्टॉक मार्केट और शेयर की चाल देखकर करें फैसला

हालांकि हर शेयर एक जैसा नहीं होता। कुछ ज्यादा उतार-चढ़ाव वाले होते हैं। ऐसे में 7% की जगह कभी-कभी 8-10% की दूरी रखनी पड़ सकती है, जबकि स्टेबल ब्लू-चिप स्टॉक्स के लिए 7% काफी है। यानी रूल वही है, लेकिन उसका इस्तेमाल स्टॉक मार्केट और शेयर की चाल देखकर करना चाहिए।

### रिटायरमेंट प्लानिंग में 7% विदड्रॉल रूल

रिटायरमेंट प्लानिंग करते समय एक बड़ा सवाल ये होता है कि रिटायरमेंट फंड में जमा पैसे कितने साल तक चल पाएंगे? इस सवाल का जवाब देने में भी 7% का रूल इस्तेमाल किया जाता है। यहां इस रूल का मतलब है कि आप अपनी कुल रिटायरमेंट सेविंग का 7% हिस्सा पहले साल में निकाल सकते हैं। यानी अगर आपके पास 1 करोड़ रुपये हैं, तो पहले साल 7 लाख रुपये निकाल सकते हैं। इसके बाद हर साल महंगाई के असर को देखते हुए थोड़ी बढ़ोतरी कर सकते हैं।

### रिटायरमेंट प्लानिंग में 7% विदड्रॉल रूल कितना सही

हालांकि रिटायरमेंट प्लानिंग के मामले में 7% विदड्रॉल का रूल बहुत एग्रेसिव माना जा सकता है। अगर कॉर्पस की बची रकम पर रिटर्न थोड़ा कम मिले या बाजार में गिरावट आ जाए तो इतना ज्यादा पैसा निकालना आपके फंड को जल्दी खत्म कर सकता है। खासकर अगर रिटायरमेंट के बाद लंबे समय तक उस फंड पर निर्भर रहना हो। आमतौर पर 4% विदड्रॉल बेहतर और लॉन्ग टर्म के लिए ज्यादा सुरक्षित माना जाता है. यानी 7% रूल को आंख मूंदकर फॉलो करने की जगह निवेश पर मिल रहे रिटर्न और आगे की जरूरतों को ध्यान में रखकर फैसला करना चाहिए।

### प्रॉपर्टी सेलेक्शन में 7% रिटर्न का रूल

अगर आप किराये पर देने के लिए प्रॉपर्टी खरीदना चाहते हैं, तो इस रूल से तुरंत अंदाजा लग जाता है कि डील फायदेमंद है या नहीं। इसके अनुसार किसी भी प्रॉपर्टी से एक साल में मिलने वाली रेंटल इनकम प्रॉपर्टी की वैल्यू के कम से कम 7% के बराबर होनी चाहिए। यानी अगर किसी घर या दुकान की कीमत 1 करोड़ रुपये है, तो उससे एक साल में कम से कम 7 लाख रुपये किराया मिलना चाहिए। यह रूल प्रॉपर्टी खरीदते समय अच्छे ऑप्शन की पहचान करना आसान बनाता है।

### रूल से सिर्फ मदद लें, फैसला खुद करें

7% रूल शेयर बाजार, प्रॉपर्टी परचेज और रिटायरमेंट जैसे तीन बड़े आर्थिक फैसलों में आपकी मदद कर सकता है, लेकिन हर व्यक्ति की आर्थिक स्थिति, उम्र और जोखिम उठाने की क्षमता अलग-अलग होती है। इसके अलावा मार्केट कंडीशन्स और भविष्य की संभावनाओं पर आधारित आउटलुक भी बदलते रहते हैं, इसलिए इस रूल को समझकर, जरूरत के हिसाब से एडजस्ट करके चलें, निवेश के बारे में सही फैसला तभी ले पाएंगे, जब किसी नियम पर आंख बंद करके यकीन करने की जगह सभी पहलुओं पर विचार करके कदम उठाएंगे।

## लग्जरी लाइफ या ईएमआई का मकड़जाल

# किसी मुगालते में तो नहीं जी रहे आप

- अमीरी सिर्फ दिखावे की तो नहीं, ये रेड फ्लैग देखकर हो जाएं अलर्ट
- ईएमआई और बीपीएनएल की मदद से अमीरों जैसे दिखने का प्रयास ने करें
- इस तरह तो कर्ज में ही फंसे रहेंगे आप, नहीं मिलेगी कहीं भी राहत
- सैलरी ईएमआई, क्रेडिट कार्ड बिल और उधारी में खत्म होना ठीक नहीं



सतर्कता

बिजनेस डेस्क

अगर आप भी सिर्फ दिखावे के लिए लग्जरी लाइफ जी रहे हैं और अपनी जरूरतें पूरी करने के लिए लोन और कर्ज पर निर्भर हैं तो सावधान हो जाएं, आप कर्ज के मकड़जाल में फंसते जा रहे हैं। यह आपके जीवन को तबाह कर सकता है। मसलन दिखावे की अमीरी के लिए आप बैंक से लोन ले रहे हैं, बेहताशा क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल कर रहे हैं या फाइनेंसरों के जाल में फंस रहे हैं तो यह किसी भी नजरिये से ठीक नहीं हैं। सोशल मीडिया पर ट्रैवल फोटो, नई कार, ब्रांडेड फोन और फैशन देखकर लगता है कि बाकी सब लाइफ में मस्त हैं और आप पीछे रह गए हैं। इसके बाद शुरुआत होती है ईएमआई, क्रेडिट कार्ड और बीएनपीएल की दुनिया। यही मुगालता आपको कर्ज में फंसता है और इससे निकलना काफी मुश्किल हो जाता है। चूंकि व्यक्ति एक लोन चुकाने के लिए दूसरा लेता है, फिर तीसरा और एक दिन ऐसा आता है जब कर्ज उतारना ही मुश्किल हो जाता है और यह कर्ज का मकड़जाल व्यक्ति को आत्महत्या करने तक विवश कर देता है।

### फंसते जाएंगे कर्ज के दल-दल में

देखने में यह सब आसान लगता है, लेकिन धीरे-धीरे ये आदत कर्ज के दलदल की तरफ ले जाती है। अगर आप भी बिना सोचे-समझे ऐसी चीजें खरीद रहे हैं जो आपकी सैलरी अफोर्ड नहीं कर सकती, तो यकीन मानिए ये लाइफस्टाइल दिखने में ग्लैमरस है, लेकिन आपके फाइनेंशियल फ्यूचर के लिए बहुत खतरनाक।

### एक कर्ज चुकाने के लिए दूसरा कर्ज लेना

ये बहुत बड़ा अलर्ट है। अगर आप क्रेडिट कार्ड का बिल दूसरे कार्ड से भर रहे हैं, पर्सनल लोन की किस्त बीएनपीएल से दे रहे हैं, दोस्तों से उधार लेकर मिनिमम ड्यू भर रहे हैं तो समझ लीजिए, आप कर्ज के चक्रव्यूह में फंस चुके हैं। समय रहते यदि इस कर्ज के चक्रव्यूह से नहीं निकले तो आपको भारी परेशानियों का समना करना पड़ सकता है। इसलिए पहले से ही सावधान हो जाएं और एक कर्ज चुकाने के लिए दूसरा कर्ज न लें।

### ईएमआई में जा रहा सैलरी का 40% या उससे ज्यादा हिस्सा

अगर आपकी सैलरी 60,000 रुपये है, तो ईएमआई 24,000 रुपये से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। अगर आपकी रुपये इससे ज्यादा है, तो इसका मतलब है कि आपकी लाइफस्टाइल आपकी सैलरी से बड़ी है, और ये सीधा जोखिम है।

### आपके पास 3-6 माह के खर्च जितना इमरजेंसी फंड नहीं

असली अमीरी ब्रांड्स में नहीं, बल्कि इस बात में है कि अगर कल नौकरी चली जाए तो आप बिना उधार लिए जी सकें। अगर आपके पास 3 महीने का खर्च भी सेव नहीं है, तो आपकी 'अमीरी' सिर्फ दिखावा है। इसलिए दिखावे से पहले बचत की आदत डालें।

### सैलरी आते ही खत्म हो रही

अगर सैलरी आने से पहले ही तय हो चुका है कि वो ईएमआई, कार्ड और बिलों में चली जाएगी और आपके लिए कुछ नहीं बचेगा, तो ये साफ संकेत है कि आप पे-चेक टू पे-चेक में जी रहे हैं। इसका मतलब है कि आप पैसों को नहीं, पैसे आपको कंट्रोल कर रहे हैं। ऐसे हालात से भी आपका बचना बेहद जरूरी है।




समझदारी

बिजनेस डेस्क

# छोटे-छोटे निवेश करके भी तैयार कर सकते हैं बड़ा फंड

- तीस हजार की सैलरी में भी बना सकते हैं 10 लाख का फंड
- थोड़ा संयम और सावधानी से करना होगा निवेश
- नियमित बचत से आप अपना भविष्य कर सकते हैं सुरक्षित

अगर आपकी आमदनी कम है और आप बचत करना चाहते हैं तो छोटा सा निवेश करके भी आसानी से 10 लाख रुपये तक का फंड जुटा सकते हैं, इससे आपको परेशानी भी नहीं होगी और आप अपनी जरूरत के हिसाब से फंड जुटा पाएंगे। इसके लिए आपको थोड़ा संयम बरताना होगा और वित्तीय योजना भी बनानी होगी। तभी आप अपने निवेश के मकसद में सफल हो पाएंगे। भविष्य में आने वाली मुश्किलों से बचने के लिए आर्थिक रूप से स्थिर होना बेहद आवश्यक है। कम सैलरी होने पर भी छोटे-छोटे निवेश करके एक बड़ा फंड बनाया जा सकता है। नियमित बचत से भविष्य सुरक्षित किया जा सकता है। आज के समय में बचत बेहद जरूरी है। जीवन में कभी भी वित्तीय परेशानी आ सकती है। इस वित्तीय परेशानी से आपको बचत ही बचा सकती है, लेकिन कम सैलरी में सेविंग करना मुश्किल है। बहुत से फ्रेशर्स या युवाओं को शुरुआती सैलरी 30 हजार के आसपास मिलती है। लेकिन युवा इस सैलरी में भी आसानी से अपने लिए दस लाख रुपये तक का फंड एकत्र कर सकते हैं। इस रिपोर्ट में हमने कैलकुलेशन के दौरान मासिक सैलरी 30 हजार मानी है। 30 हजार मासिक सैलरी में खर्चों के साथ सेविंग करना मुश्किल है, लेकिन असंभव नहीं।



### 50:30:20 फॉर्मूला अपनाएं

आप सैलरी मैनेज के लिए 50:30:20 फॉर्मूला का इस्तेमाल कर सकते हैं।

- **50 फीसदी-** सैलरी का 50 फीसदी पैसा जरूरी खर्चों के लिए इस्तेमाल करें। 30 हजार सैलरी में आप 15 हजार अपने जरूरी खर्चे जैसे बिजली का बिल, राशन, किराया इत्यादि के लिए कर सकते हैं।
- **30 फीसदी-** इसके साथ ही 30 फीसदी पैसा आप सेविंग के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं। 30 हजार रुपये से 9000 हजार रुपये आप सेविंग के लिए उपयोग कर सकते हैं।
- **20 फीसदी-** बाकी का बचा 20 फीसदी पैसा आप अपने शौक या मनोरंजन के लिए उपयोग कर सकते हैं।
- 30 हजार में आप 6000 रुपये आप मूवी देखना, नए कपड़े लेना इत्यादि ऐसे कामों के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं।


### 9000 रुपये से कैसे बनाए 10 लाख रुपये का फंड?

जैसे की हमने ऊपर देखा कि आप 30 हजार सैलरी से आसानी से 9000 रुपये बचा सकते हैं। लेकिन आप 9000 रुपये पूरे म्यूचुअल फंड में निवेश न करें। आप इनमें से 5000 रुपये म्यूचुअल फंड और बाकी के 4000 रुपये आरडी या अन्य सुरक्षित स्कीम में निवेश करें। इससे आपका पोर्टफोलियो बैलेंस बनता है।

### म्यूचुअल फंड

- म्यूचुअल फंड में करें 5000 रुपये निवेश
- अगर आप 8 साल के लिए हर महीने 5000 रुपये निवेश करते हैं, तो 12 फीसदी रिटर्न के हिसाब से आपको 8,08,000 रुपये मिल जाएंगे। आपका केवल मूलधन ही 4,80,000 रुपये होगा।

### आरडी में करें 4000 रुपए



इसी तरह आप एसबीआई की आरडी में 6 साल के लिए हर महीने 4000 रुपये निवेश कर सकते हैं। 7.5 फीसदी रिटर्न के हिसाब से आपको मैच्योरिटी पर 3,64,580 रुपये मिल जाएंगे। इस तरह से आप 8 साल में ही 10 लाख रुपये का फंड आसानी से बना सकते हैं।

जानकारी

बिजनेस डेस्क

# क्रेडिट स्कोर को बढ़ाने के 5 आसान और असरदार तरीके

अगर आप भी अपना सिबिल स्कोर सुधारना चाहते हैं तो कुछ तरीकों को अपनाना होगा। तभी आप इसे दुरूस्त कर सकते हैं। सिबिल स्कोर आपकी वित्तीय जिम्मेदारी का आईना होता है। इसे बढ़ाने के लिए बिल समय पर चुकाएं, क्रेडिट का कम इस्तेमाल करें, बार-बार लोन न लें, अलग-अलग प्रकार के क्रेडिट रखें और रिपोर्ट नियमित चेक करें। इन आसान आदतों से आपका स्कोर मजबूत होगा और लोन आसानी से मिलेगा। क्या आप जानते हैं कि आपका सिबिल स्कोर आपके पैसे की जिम्मेदारी दिखाता है? यह सिर्फ नंबर नहीं, बल्कि आपकी वित्तीय आदतों का आईना है। एक अच्छा स्कोर होने से आप लोन या क्रेडिट कार्ड आसानी से पा सकते हैं और कम ब्याज दर का फायदा उठा सकते हैं। आइए उन आसान तरीकों के बारे में जानते हैं कि कैसे आप अपना सिबिल स्कोर बढ़ा सकते हैं और अपने वित्तीय भविष्य को मजबूत बना सकते हैं। सबसे जरूरी है कि आप अपने सभी बिल (ईएमआई , क्रेडिट कार्ड) समय पर चुकाएं। देर से पेमेंट करने से आपका स्कोर गिर सकता है। इसके लिए आप रिमाइंडर सेट कर सकते हैं या ऑटो-पे ऑप्शन का इस्तेमाल कर सकते हैं।

### क्रेडिट का कम इस्तेमाल करें

अपने क्रेडिट कार्ड की पूरी लिमिट इस्तेमाल करना सही नहीं है। कोशिश करें कि आप अपनी लिमिट का केवल 30% ही इस्तेमाल करें। इससे बैंक और लोन देने वाले यह समझेंगे कि आप पैसे जिम्मेदारी से खर्च करते हैं।

### बार-बार लोन के लिए न करें आवेदन

जब आप बार-बार नया लोन या क्रेडिट कार्ड के लिए आवेदन करते हैं, तो यह आपके स्कोर पर असर डाल सकता है। इसलिए जरूरत पड़ने पर ही आवेदन करें और ज्यादा बार आवेदन न करें।

### अलग-अलग प्रकार के क्रेडिट रखे

एक अच्छा क्रेडिट प्रोफाइल बनाने के लिए सिक्योर्ड लोन (जैसे होम लोन, कार लोन) और अनसिक्योर्ड लोन (जैसे पर्सनल लोन, क्रेडिट कार्ड) दोनों होना चाहिए। यह दिखाता है कि आप अलग-अलग तरह के लोन को संभाल सकते हैं।

### क्रेडिट रिपोर्ट समय-समय करें चेक

अपनी क्रेडिट रिपोर्ट को हर कुछ महीनों में देखें। अगर कोई गलती या डुप्लिकेट अकाउंट हो तो तुरंत सुधार कराएं। सही जानकारी होने से आपका स्कोर सुरक्षित रहता है।

### क्या है क्रेडिट स्कोर

क्रेडिट स्कोर एक संख्या होती है जो आपकी क्रेडिट योग्यता को दर्शाती है। यह संख्या आपके पिछले क्रेडिट व्यवहार, जैसे कि लाने-देने की समय परता, क्रेडिट कार्ड का उपयोग, लाने-देने की मात्रा, और अन्य कारकों पर आधारित होती है। क्रेडिट स्कोर की रेंजभारत में क्रेडिट स्कोर की रेंज आमतौर पर 300 से 900 तक होती है। ज्यादा स्कोर अच्छा माना जाता है।

- **750 से ऊपर**: अच्छा क्रेडिट स्कोर (लाने-देने की अच्छी संभावना)
- **700-749**: औसत से अच्छा
- **600-699**: औसत
- **600 से नीचे**: खराब क्रेडिट स्कोर (लाने-देने में दिक्कत)

### क्रेडिट स्कोर को प्रभावित करने वाले कारक

1. पेमेंट हिस्ट्री (35%): समय पर बिल और ईएमआई का भुगतान।
2. क्रेडिट यूटिलाइजेशन (30%): क्रेडिट कार्ड की सीमा का कितना उपयोग किया।
3. क्रेडिट हिस्ट्री की लंबाई (15%): क्रेडिट खाते कितने पुराने हैं।
4. क्रेडिट मिक्स (10%): विभिन्न प्रकार के क्रेडिट (कार लाने, होम लाने, क्रेडिट कार्ड)।
5. नए क्रेडिट एप्लिकेशन (10%): बार-बार लाने के लिए आवेदन करना।

### क्रेडिट स्कोर क्यों महत्वपूर्ण है?

- **लाने-देने की मंजूरी**: अच्छा स्कोर होने पर लाने आसानी से मिलते हैं।
- **कम ब्याज दर**: अच्छा स्कोर होने पर ब्याज दर कम मिलती है।
- **क्रेडिट कार्ड ऑफर**: अच्छे स्कोर पर बेहतर क्रेडिट कार्ड मिलते हैं।

### रखें ध्यान

- क्रेडिट कार्ड की सीमा का 30% से कम उपयोग करें।
- अनावश्यक क्रेडिट कार्ड बंद करें।
- बार-बार लाने के लिए आवेदन न करें।
- क्रेडिट रिपोर्ट में गलतियां होने पर सुधार करें।

**रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का दो दिवसीय भारत दौरा नई दिल्ली और मॉस्को में दोस्ती की एक नई इबारत लिख गया है। दोनों देशों ने मजबूत आर्थिक साझेदारी के लिए पंचवर्षीय योजना बनाने और व्यापार घाटे पर भारत की चिंताओं को दूर करने पर सहमति जताई। वैश्विक स्तर पर देखा जाए तो भारत के लिए अमेरिका के मुकाबले रूस ज्यादा भरोसेमंद है। शिखर बैठक ने इस भरोसे को और मजबूती दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्पष्ट कर दिया है कि भारत पश्चिम के दबाव में आकर अपनी विदेश नीति तय नहीं करेगा। हमारी विदेश नीति के केंद्र में उसके राष्ट्रीय हित, ऊर्जा सुरक्षा और आर्थिक विकास प्राथमिकता में हैं। हालांकि, प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति पुतिन से कहा कि यूक्रेन में युद्ध को शांतिपूर्ण तरीके से समाप्त किया जाना चाहिए। इन सबके बीच पुतिन की भारत यात्रा एक बड़े वैश्विक बदलाव की ओर इशारा करती है। भारत अगर अमेरिका की तनी हुई भौंहों की उपेक्षा करने में सफल रहा तो रूस भी पश्चिमी देशों को ठेंगे पर लेने और भारत में अपना बाजार बढ़ाने के प्रयासों में सफल रहा। पुतिन की इस यात्रा के बाद यह सुनिश्चित होता दिख रहा है कि दोनों देश परस्पर विश्वास, सहायता एवं समर्पण की परिधि को सुदृढ़तापूर्वक आगे बढ़ाने के लिए सदैव कटिबद्ध रहेंगे। इसी का विश्लेषण करता *आजकल* का यह खास अंक...**

# पुतिन के दौरे का सामरिक-आर्थिक महत्व



**विश्लेषण**

रवि शंकर
स्वतंत्र पत्रकार

**रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का दो दिवसीय भारत दौरा और 23वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ उनकी मुलाकात, बदलते वैश्विक परिदृश्य में नई दिल्ली और मॉस्को के बीच ऐतिहासिक रूप से मजबूत संबंधों के महत्व को रेखांकित करती है। यह यात्रा न केवल दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा का मंच है, बल्कि यह दर्शाती है कि दबाव के बावजूद दोनों देशों के बीच की साझेदारी समय की कसौटी पर खरी उतरी है। यह भारत को वैश्विक मंच पर बहु-ध्रुवीय नीति पर चलने की ताकत देती है।**

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का दो दिवसीय भारत दौरा और 23वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ उनकी मुलाकात, बदलते वैश्विक परिदृश्य में नई दिल्ली और मॉस्को के बीच ऐतिहासिक रूप से मजबूत संबंधों के महत्व को रेखांकित करती है। यह यात्रा न केवल दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा का मंच है, बल्कि यह दर्शाती है कि दबाव के बावजूद दोनों देशों के बीच की साझेदारी समय की कसौटी पर खरी उतरी है। पुतिन का यह दौरा न केवल पारंपरिक ऊर्जा जैसे तेल, गैस और रक्षा सहयोग तक सीमित है, बल्कि आर्थिक, तकनीकी, स्वास्थ्य, कृषि जैसे कई मोर्चों पर दोनों देशों की साझेदारी को आगे बढ़ाने की एक बड़ी योजना है। इस दौरान दोनों देशों ने 2030 तक व्यापार को 100 बिलियन डॉलर तक बढ़ाने का लक्ष्य भी रखा है। पुतिन के भारत यात्रा के दौरान दोनों देशों ने मजबूत आर्थिक साझेदारी के लिए पंचवर्षीय योजना बनाने और व्यापार घाटे पर भारत की चिंताओं को दूर करने पर सहमति जताई। दोनों पक्षों ने कुल 11 समझौतों पर हस्ताक्षर किए। हालांकि, प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति पुतिन से कहा कि यूक्रेन में युद्ध को शांतिपूर्ण तरीके से समाप्त किया जाना चाहिए।

## आर्थिक साझेदारी महत्वपूर्ण

मोदी और पुतिन के बीच शिखर वार्ता का मुख्य बिंदु तेल और रक्षा के पारंपरिक क्षेत्रों में सहयोग से हटकर आर्थिक साझेदारी को महत्वपूर्ण रूप से व्यापक बनाना था, हालांकि पश्चिमी देशों द्वारा भारत पर रूस के साथ अपने संबंधों को कम करने के लिए दबाव बढ़ रहा था। बैठक के बाद दोनों नेताओं ने आठ दशक से अधिक पुरानी भारत-रूस मित्रता को नई गति देने के अपने दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यह मित्रता ''ध्रुव तारे'' की तरह अडिग बनी हुई है। व्लादिमीर पुतिन का यह भारत दौरा केवल एक मुलाकात भर नहीं, बल्कि यह दोनों देशों के रिश्तों में एक नए अध्याय की शुरुआत है। यह विश्व के बदलते समीकरण को भी नए सिरे से परिभाषित करने का काम करेगा। दरअसल, भारत पश्चिमी मुल्कों को यह संदेश देना चाह रहा है कि यह किसी के दबाव में विदेश नीति का निर्माण नहीं करता और ना ही किसी ध्रुव का हिस्सा है। वहीं, दूसरी ओर पुतिन चीन को यह बतलाना चाह रहे हैं कि रूस केवल एक देश पर निर्भर नहीं रहेगा बल्कि वह विकल्पों की तलाश में है।

## पश्चिम के देश असहज

अहम बात यह है कि बदलते वक्त के दौर में भी भारत और रूस एक-दूसरे के करीब नजर आए हैं। यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद यह पुतिन की सबसे दुर्लभ विदेश यात्राओं में से एक है। पिछले तीन वर्षों से अमेरिका और यूरोप पुतिन को वैश्विक मंच से अलग-थलग करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र भारत जब पुतिन का 'रेड कार्पेट' वेलकम करता है, तो पश्चिमी देशों की यह मुहिम कमजोर साबित होती दिखती है। रूस से भारत के संबंधों को लेकर पश्चिम के देश असहज भी रहते हैं। पश्चिमी देशों की कोशिश है कि पुतिन को अलग-थलग कर दिया जाए। लेकिन भारत जैसा बड़ा देश पुतिन का गर्मजोशी से स्वागत करता है। तो ऐसे में यूरोप की इस रणनीति पर पानी फिरता दिख रहा है। जब भारत जैसा बड़ा लोकतांत्रिक देश रूस के साथ बड़े समझौता करता है तो इससे बाकी दुनिया में एक संदेश जाता है कि पुतिन विश्व के अहम नेताओं की लिस्ट में शुमार हैं। रूस की इकॉनमी को कमजोर करने के इरादे से यूरोप और अमेरिका ने रूस पर कई बैन लगाए थे। लेकिन भारत सस्ती कीमत पर रूस से कच्चा तेल काफी मात्रा में खरीद रहा है। यूरोप को लगता है कि रूस पर लगे बैन के बावजूद उसे अच्छा-खासा रेवेन्यू मिल रहा है, जिसे वह यूक्रेन युद्ध में खर्च कर रहा है।

## यूरोप की रणनीति को धक्का

अमेरिका और यूरोप चाहता है कि रूस से कोई भी देश डिफेंस इक्विपमेंट या हथियारों का कोई कारोबार ना करे। लेकिन हथियारों के मामले में भारत हमेशा से रूस का सबसे बड़ा और भरोसेमंद खरीदार रहा है। इससे यूरोप की उस रणनीति को धक्का पहुंचता है, जिसमें वह चाहता है कि सैन्य रूप से भी रूस को अलग-थलग कर दिया जाए। पश्चिमी देश चाहते थे कि भारत यूक्रेन युद्ध को लेकर रूस की खुलकर निंदा करे और वह यूरोप के खेमे में आ जाए। लेकिन भारत ने यहां अपनी विदेश नीति का पालन करते हुए इस पर निष्पक्ष रुख रखा। उसने रूस के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र में वोटिंग से दूरी बनाए रखी है और किसी भी पाले में शामिल नहीं हुआ। भारत के इस निष्पक्ष रुख से दोनों देशों के रिश्ते को और मजबूती मिलेगी। दरअसल, पश्चिमी देश रूस के खिलाफ पूरी दुनिया को लामबंद करना चाहते हैं, लेकिन पुतिन का भारत दौरा रूस-चीन-भारत के बीच मजबूत होते संबंध का मैसेज देता है। ऐसे में यूरोप के लिए पुतिन के इस दौरे को कूटनीतिक झटके के रूप में देखा जा सकता है। कुल मिलाकर दुनिया भर की नजर मोदी और पुतिन के बीच होने वाली बातचीत पर रही जिसमें दोनों नेताओं ने आठ दशक से अधिक पुरानी भारत-रूस मित्रता को नई गति प्रदान करने की अपनी दृढ़ इच्छा प्रदर्शित की। भारत, रूस और चीन का करीब आना अमेरिका के लिए कहीं न कहीं एक बड़ी चिंता है। अमेरिका ने उन देशों पर करीबी से निगरानी की जो रूस से तेल, गैस या अन्य संसाधन लेते हैं। इन सबके बाद भी भारत ने रूस से लगातार तेल खरीदना जारी रखा। यह सब अमेरिका और पश्चिमी देशों को बिल्कुल पसंद नहीं आ रहा था। ब्रिक्स में नई करेंसी की बात करना और अमेरिका के खिलाफ जाकर भारत का लगातार रूस से बड़े पैमाने पर तेल खरीदना इन्हीं सब चीजों को देखते हुए अमेरिका ने भारत के ऊपर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने का ऐलान किया। इन सब चुनौतियों के बाद भी भारत और रूस का करीब आना एक नए ग्लोबल शिफ्ट के रूप में देखा जा रहा है।

## भारत के लिए राष्ट्रहित अहम

यह स्पष्ट करता है कि भारत पश्चिम के दबाव में आकर अपनी विदेश नीति तय नहीं करेगा। भारत की विदेश नीति के केंद्र में उसके राष्ट्रीय हित, ऊर्जा सुरक्षा और आर्थिक विकास प्राथमिकता में हैं। इन सबके बीच पुतिन की भारत यात्रा एक बड़े वैश्विक बदलाव की ओर इशारा करती है। अमेरिका को यह डर है कि भारत रूस संबंधों में मजबूती, रूस, चीन और भारत के बीच रणनीतिक साझेदारी को बढ़ाने का काम करेगी। इससे भविष्य में अमेरिका और पश्चिमी देशों का जो प्रभुत्व है, वह कमजोर हो सकता है। यह यात्रा केवल समझौतों पर हस्ताक्षर करने से कहीं अधिक है, यह एक रणनीतिक आश्वासन है। यह भारत को वैश्विक मंच पर बहु-ध्रुवीय नीति पर चलने की ताकत देती है।



# अनुपम मित्रता का श्रेष्ठ उदाहरण हैं भारत-रूस



**आयाम**

विकेश कुमार बडोला
स्वतंत्र पत्रकार

दो दिवसीय यात्रा पर भारत पधारे रूसी राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन का न केवल भारतीय शासन ने अत्यंत गरिमामयी ढंग से राजकीय सम्मान किया, अपितु देश के लोगों में भी उनके आगमन से अपार हर्ष है। पुतिन की इस यात्रा से दोनों देशों के ऐतिहासिक पारस्परिक संबंधों को एक नया विश्वसनीय आयाम प्राप्त हुआ है। हालांकि भारत-रूस के संबंध गत नौ-दस दशकों से विभिन्न क्षेत्रों में परस्पर विश्वास तथा सहायता पर आधारित ही रहे हैं, किंतु गत एक दशक में विविध क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों की एक नवायामी दिशा परिलक्षित होती हुई दिखाई दे रही है। इससे विश्व के देशों की नई शक्ति श्रेणी निर्धारित हो रही है। अमेरिका, चीन तथा यूरोपीय देशों की परहितकारी गुप्त नीतियों को भारत-रूस की मैत्री से कठिन चुनौतियां मिल रही हैं। संभवतः विश्व में भारत एवं रूस ही ऐसे दो देश हैं, जिनका संयोजन स्वार्थ की भेंट नहीं चढ़ा। इनके मध्य उपभोक्ता उत्पादों के व्यापार में अधिक भागीदारी न होने के बाद भी, दोनों ही राष्ट्रों ने इस कारण कभी पराभव अनुभव नहीं किया। इसके विपरीत भूराजनीतिक, आर्थिक, युद्धक एवं अन्य संकटों की समयावधि में दोनों ही देशों ने एक-दूसरे की बढ़चढ़ कर सहायता की है।

**दोनों ही देशों के मध्य सोवियत संघ के समय से ही द्विपक्षीय व्यापार एवं निवेश समझौतों का दीर्घकालिक दृढ़ संबंध रहा है, किंतु कुछ वर्षों में द्विपक्षीय व्यापार इनके आर्थिक समन्वयन के साथ नवशिखर तक पहुंचा है।**

अभी पुतिन की इस यात्रा के बाद तो सुनिश्चित होता दिख रहा है कि दोनों देश परस्पर विश्वास, सहायता एवं समर्पण की परिधि को सुदृढ़तापूर्वक आगे बढ़ाने के लिए सदैव कटिबद्ध रहेंगे। पुतिन ने इससे पहले सन् 2000, 2012, 2014, 2018, 2021 में पांच बार भारत की यात्रा की है। कोरोना काल के बाद उनकी यह पहली भारतीय यात्रा है। हालांकि भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सत्तारूढ़ होने के बाद सात बार रूस की यात्रा की है, किंतु गत सितंबर में चीन के तियानजिन में एससीओ शिखर वार्ता में रूस के साथ द्विपक्षीय वार्ता के समय दोनों राष्ट्राध्यक्षों के मध्य पुतिन की कार में बैठकर परस्पर व गुप्त संवाद करने का जो चित्र-चलचित्र प्रसारित हुआ था, उससे भलीभांति अवगत हो गया था कि विश्व, विशेषकर दक्षिण एशिया में अमेरिकी कूटनीतिक प्रसारण पर प्रतिबंध हेतु अधि संभवतः रूस-भारत तथा कम संभावित रूप में रूस-भारत-चीन के बीच एक नई वैश्विक राजनीतिक समझ विकसित होने लगी है। पुतिन की भारत यात्रा की समयावधि में यह पहली बार है कि दोनों देशों की ओर से रक्षामंत्रियों, विदेशमंत्रियों एवं सुरक्षा सलाहकारों के स्तर पर टू प्लस टू वार्ता का आयोजन किया गया। पुतिन-मोदी की अध्यक्षता में संपन्न 23वें भारत-रूस वार्षिक सम्मेलन के बाद जारी संयुक्त वक्तव्य तथा भारतीय विदेश मंत्रालय की प्रेस भेंटवार्ता से स्पष्ट है कि दोनों देश अब आगे भविष्य में सामरिक संबंधों के साथ-साथ आर्थिक-व्यापारिक संबंधों को भी शक्तिसंपन्न करने हेतु संकल्पबद्ध हैं। दोनों नेताओं की भेंटवार्ताओं से भारत-रूस की कार्यनीतिक सहभागिता को नवदिशा प्राप्त हुई है। हालांकि दोनों ही देशों के मध्य सोवियत संघ के अस्तित्व के समय से ही द्विपक्षीय व्यापार एवं निवेश समझौतों का दीर्घकालिक दृढ़ संबंध रहा है, किंतु विगत कुछ वर्षों में दोनों का द्विपक्षीय व्यापार इनके आर्थिक समन्वयन के साथ नवशिखर तक पहुंचा है। सोवियत संघ के विघटन होने पर रूस की उत्पत्ति के बाद रूस-भारत का द्विपक्षीय व्यापार 1.4 बिलियन अमेरिकी डॉलर की तुलना में वर्ष 2024-25 के वित्तीय वर्ष में 68.7 बिलियन डालर तक पहुंच चुका है। इस शिखर वार्ता में द्विपक्षीय व्यापार को 2030 तक 100 अरब डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। जहां पुतिन ने भारत को निर्बाध ऊर्जा आपूर्ति करते रहने का आश्वासन दिया है, वहां दोनों देशों ने निवेश अनुबंधों के अंतर्गत भारतीय कंपनियों को रूस के तेल एवं गैस, औषधि व सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में, तो रूसी कंपनियों को भारत के ऊर्जा, अवसंरचना निर्माण तथा विनिर्माण क्षेत्रों में पहले से अधिक निवेश करने के लिये प्रेरित किया है। वार्ता में ऐसे ही विभिन्न कार्यक्षेत्रों सहित निर्बाध एवं सुगम पारस्परिक प्रवासन व गतिशीलता के 16 समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए हैं, जिससे दोनों देशों के बीच सहयोग अधिक बढ़ेगा। पुतिन की यात्रावधि में महत्त्वपूर्ण इंडिया-रूस बिजनेस फोरम में मोदी ने विश्व में सबसे कम मूल्यों के साथ उपलब्ध श्रेष्ठ गुणवत्ता की भारतीय औषधियों के निर्माण में रूसी औषध उद्योग के सहयोग का आह्वान भी किया है। लगभग सभी क्षेत्रों में रूस ने भारत की हमेशा एक सच्चे मित्रराष्ट्र के रूप में सहायता की है। प्रत्युत्तर में भारत ने भी अपने मैत्रीपूर्ण कर्त्तव्यों का सदैव उत्तरोत्तर निर्वहन किया है।

# हैदराबाद हाउस से उठती कूटनीति की गूंज



**समीकरण**

कांतिलाल मांडोत
स्वतंत्र पत्रकार

हैदराबाद हाउस में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की मुलाकात सिर्फ दो राष्ट्राधिकारियों का औपचारिक संवाद नहीं था, बल्कि एक ऐसे वक्त में हुई ऐतिहासिक बैठक थी जब वैश्विक राजनीति कई मोर्चों पर तीव्र परिवर्तन से गुजर रही है। विश्व व्यवस्था के बदलते समीकरण, यूक्रेन युद्ध की पृष्ठभूमि, अमेरिका और पश्चिमी शक्तियों का बढ़ता दबाव, एशिया की नई रणनीतिक प्राथमिकताएं आदि इन सभी के बीच पुतिन का भारत आना और भारत द्वारा अपनी कूटनीतिक स्थिति स्पष्ट रूप से दुनिया के सामने रखना बेहद महत्वपूर्ण है। इस उच्चस्तरीय मुलाकात में भारत ने यह दो टूक कहा कि वह न्यूट्रल नहीं है, बल्कि शांतिपक्ष में है। यह बयान अपने आप में भारत की परिपक्व, आत्मविश्वासी और स्वतंत्र विदेश नीति का परिचायक है। भारत ने दुनिया को संकेत दिया कि वह किसी खेमे की राजनीति में नहीं बँधने वाला, बल्कि उसकी प्राथमिकता वैश्विक शांति, स्थिरता और संवाद है। यही भारतीय विदेश नीति की वह धारा है जिसने दशकों से भारत को वैश्विक मंच पर विश्वसनीय, संतुलित और दूरदर्शी राष्ट्र के रूप में स्थापित किया है। यही कारण है कि पुतिन ने खुलकर कहा कि भारत खुशकिस्मत है कि उसके पास मोदी जैसे नेता हैं और उन्होंने यूक्रेन संकट में भारत की शांति कोशिशों की सराहना की। पुतिन का यह औपचारिक आभार न केवल हिंद-रूसी रिश्तों की मजबूती को दर्शाता है, बल्कि यह भी बताता है कि भारत आज उस स्थिति में है जहाँ विश्व की प्रमुख शक्तियां उसकी मध्यस्थता, उसके संवाद और उसके रुख को गंभीरता से सुनती हैं। भारत के राष्ट्रपति भवन में पुतिन को 21 तोपों की सलामी दी गई। यह सम्मान उस गहरे द्विपक्षीय भरोसे और परंपरा का प्रतीक है जिसने दोनों देशों को दशकों से जोड़ा हुआ है। पुतिन ने राजघाट जाकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि भी अर्पित की। यह कदम न केवल भारत की महान सांस्कृतिक विरासत को सम्मान देता है, बल्कि यह संदेश भी देता है कि वैश्विक संघर्षों के बीच गांधी के सत्य और अहिंसा के सिद्धांत आज भी समाधान का मार्ग हो सकते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने पुतिन की इस यात्रा को ऐतिहासिक बताया। यह शब्द केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि एक कूटनीतिक संदेश है। ऐसे समय में जब पश्चिमी देशों में रूस के साथ संवाद सीमित हो गया है, भारत का यह रुख उसकी रणनीतिक स्वायत्तता का प्रमाण है। यह भारत की उस भूमिका को भी रेखांकित करता है जो वह वैश्विक शांति के लिए निभा सकता है। पुतिन का यह दौरा अमेरिकी और पश्चिमी दबावों के बीच हुआ। लेकिन भारत ने जिस सहजता, गरिमा और स्पष्टता के साथ अपनी स्थिति रखी, वह उसके आत्मविश्वास को दर्शाता है।

**भारत ने दुनिया को संकेत दिया कि वह किसी खेमे की राजनीति में नहीं बंधने वाला, बल्कि उसकी प्राथमिकता वैश्विक शांति, स्थिरता और संवाद है।**

# भारत और रूस के बीच अहम डील


रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अहम बैठक के बाद दोनों देशों के बीच कई समझौते हुए हैं।

- भारत सरकार और रूसी संघ की सरकार के बीच एक राज्य के नागरिकों की दूसरे राज्य के क्षेत्र में अस्थायी श्रम गतिविधि पर समझौता।
- भारत और रूस के बीच अनियमित प्रवासन से निपटने में सहयोग पर समझौता।
- भारत के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय और रूसी संघ के स्वास्थ्य मंत्रालय के बीच स्वास्थ्य सेवा, चिकित्सा शिक्षा और विज्ञान के क्षेत्र में सहयोग पर समझौता।
- भारत और परिवार कल्याण मंत्रालय के भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण और खाद्य सुरक्षा के क्षेत्र में उपभोक्ता अधिकार संरक्षण और मानव कल्याण पर निगरानी हेतु संघीय सेवा (रूसी संघ) के बीच समझौता।
- ध्रुवीय जल में परिचालन करने वाले जहाजों के लिए विशेषज्ञों के प्रशिक्षण पर भारत गणराज्य सरकार के बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्रालय और रूसी संघ के परिवहन मंत्रालय के बीच समझौता।
- भारत के बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्रालय और रूसी संघ के समुद्री बोर्ड के बीच समझौता।
- मेसर्स जेएससी यूरालकेम और मेसर्स राष्ट्रीय केमिकल्स एंड फर्टिलाइजर्स लिमिटेड तथा नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड और इंडियन पोटाश लिमिटेड के बीच समझौता।
- भारत और रूसी संघ के बीच माल और वाहनों के आवागमन के संबंध में आगमन-पूर्व सूचना के आदान-प्रदान में सहयोग के लिए भारत गणराज्य सरकार के केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड और संघीय सीमा शुल्क सेवा (रूसी संघ) के बीच प्रोटोकॉल।
- भारत के संचार मंत्रालय के डाक विभाग और जेएससी रूसी पोस्ट के बीच द्विपक्षीय समझौता।
- रक्षा उन्नत प्रौद्योगिकी संस्थान, पुणे और संघीय राज्य स्वायत्त उच्च शिक्षा शैक्षणिक संस्थान ₹नेशनल टॉम्स्क स्टेट यूनिवर्सिटी, टॉम्स्क के बीच वैज्ञानिक और शैक्षणिक सहयोग पर समझौता।
- मुंबई विश्वविद्यालय, लोमोनोसोव मॉस्को स्टेट यूनिवर्सिटी और रूसी प्रत्यक्ष निवेश कोष की संयुक्त स्टॉक कंपनी प्रबंधन कंपनी के बीच सहयोग के संबंध में समझौता।
- प्रसार भारती, भारत और संयुक्त स्टॉक कंपनी गजप्रोम-मीडिया होल्डिंग, रूसी संघ के बीच प्रसारण पर सहयोग और सहभागिता के लिए समझौता।

## कार्टूनिस्ट की नजर में ...




# भारत ने दिया दोस्ती, सार्वभौमिकता और खुदमुख्तारी का संदेश



**कूटनीति**

सुनील अमर
स्वतंत्र पत्रकार

रशियन फेडरेशन के राष्ट्रपति ब्लादिमिर पुतिन अपनी दो दिवसीय भारत यात्रा पूरी कर जा चुके हैं। इस यात्रा के दौरान दोनों नेताओं यानी राष्ट्रपति पुतिन और प्रधानमन्त्री मोदी के बीच खूब गर्मजोशी दिखाई पड़ी और पुतिन की अगवानी करने के लिए तो प्रधानमन्त्री मोदी ने निर्धारित प्रोटोकॉल को भी तोड़ दिया, जैसा कि वे इसके पहले भी कई बार अन्य शासनाध्यक्षों की अगवानी के लिए कर चुके हैं। पुतिन की इस यात्रा से क्या निष्कर्ष निकलते हैं, इसका तो अभी आने वाले दिनों में गुणा-भाग किया जाएगा लेकिन फिलहाल यह यात्रा अपने प्राथमिक उद्देश्य में सफल कही जा सकती है। भारत अगर अमेरिका की तनी हुई भौंहों की उपेक्षा करने में सफल रहा तो रूस भी पश्चिमी देशों को ठेंगे पर लेने और भारत में अपना बाजार बढ़ाने के प्रयासों में सफल रहा। प्रधानमन्त्री मोदी ने बहुत स्पष्ट शब्दों में दुनिया को सन्देश दिया कि वैश्विक मंच पर भारत न्यूट्रल नहीं है। भारत हमेशा शान्ति का तरफदार रहा है। थोड़ा गहराई में जाएं तो पाएंगे कि इस तरह की यात्रायें, जितना राजनीतिक दिखायी पड़ती हैं, उससे कहीं ज्यादा कूटनीतिक और व्यापारिक होती हैं। इस यात्रा का भी लब्बोलुआब कूटनीति और व्यापार ही रहा है। यूक्रेन से हो रहे युद्ध में पश्चिमी देशों ने रूस पर तमाम तरह के व्यापारिक प्रतिबन्ध लगाकर उसे अलग-थलग और आर्थिक तौर पर कमजोर करने की कोशिश की है और अमेरिका तो रूस के लिए आग बबूला हुआ बैठा है।

ऐसे में रूस को अपना काम-धंधा चलाने और यूक्रेन से लड़ाई लड़ने की दो गम्भीर चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे कठिन समय में रूस के दो पुराने मित्र भारत और चीन ने निश्चित तौर पर उसे व्यापारिक सहारा दे रखा है। भारत आने से पहले मार्च 2024 में पुतिन ने चीन का भी राजकीय दौरा किया था। भारत और रूस के कई दशक पुराने द्विपक्षीय सम्बन्ध और समझौते रहे हैं। ध्यान रहे कि कोई भी रूसी राष्ट्रपति आज तक पाकिस्तान नहीं गया है। ऐसा लगता है कि वर्ष 1979 से 1989 के बीच अफगानिस्तान में रूसी दखल के समय पाकिस्तान ने अमेरिकी मदद खाकर रूस का जो विरोध किया था, उसको रूस अभी तक भूल नहीं पाया है। भारत और रूस की इस 23वीं शिखर बैठक में जो अहम समझौते किए गए हैं, उनमें एक-दूसरे से सहयोग के अलावा मेडिकल शिक्षा, स्वास्थ्य, खाद्य सुरक्षा और उसके मानक, पर्यटन, पोलर शिप्स, मैरीटाइम कोऑपरेशन तथा रासायनिक उर्वरक आदि



**देखना होगा कि वर्ष 2030 तक इस द्विपक्षीय व्यापार को लगभग 100 अरब डॉलर तक पहुंचाने की जो योजना बनाई गई है, उसमें भारत का निर्यात कितना बढ़ता है?**

बताये जा रहे हैं। असल में भारत रूसी सामानों और उत्पादों का बहुत बड़ा ग्राहक है। आप अनुमान लगा सकते हैं कि चालू वित्तीय वर्ष में भारत-रूस के बीच लगभग 68.7 अरब अमेरिकी डॉलर का व्यापार हुआ है। इसमें चिन्ताजनक बात यह है कि रूस ने तो हमको 63.84 अरब डॉलर का सामान बेचा है लेकिन भारत से सिर्फ 05 अरब डॉलर का ही सामान खरीदा है! ऐसे में यह बहुत बड़ा व्यापार असंतुलन का विषय है। देखना होगा कि वर्ष 2030 तक इस द्विपक्षीय व्यापार को लगभग 100 अरब डॉलर तक पहुंचाने की जो योजना बनाई गई है, उसमें भारत का निर्यात कितना बढ़ता है। भारत कृषि, दवा, उपभोक्ता सामान, कपड़ा तथा औद्योगिक सामाग्री का बड़े पैमाने पर रूस को निर्यात कर सकता है। अभी तो इस आपसी व्यापार में तसल्ली की बात यही कही जा सकती है कि रूस भारतीय मुद्रा में भी कुछ भुगतान स्वीकार करता है।

रूसी रक्षा उत्पादों का भारत बहुत पुराना और बड़ा ग्राहक है। इस बार भी रक्षा सम्बन्धी कुछ सौदे हुए हैं लेकिन यूक्रेन युद्ध के समय से ही रूस पर जो आर्थिक प्रतिबन्ध लगे हैं, उससे उसकी उत्पादन क्षमता और व्यवस्था प्रभावित हुई है और वह निश्चित समय पर अपने व्यापार करार पूरे नहीं कर पा रहा है। भारत को खासकर रूसी रक्षा सौदों के मामलों में सतर्क रहने की जरूरत है कि आपूर्ति समय से हो सके। श्रमिकों के निर्बाध आवागमन की व्यवस्था बनाए जाने की बात कही गई है। इसमें अत्यन्त सावधान रहने की जररूरत है क्योंकि भारत से गए श्रमिकों को कथित तौर पर रूस में युद्ध के मैदान में लगा दिया गया था और अभी भी कुछ श्रमिक वहां फंसे बताये जा रहे हैं। भारत और रूस ने वर्ष 1971 में मित्रता और आपसी सहयोग को लेकर 20 वर्षों के लिए एक बड़ी शान्ति सन्धि की थी। यह रिश्ता आज तक चला आ रहा है। वैश्विक स्तर पर देखा जाए तो भारत के लिए अमेरिका के मुकाबले रूस ज्यादा भरोसेमन्द है। अभी सम्पन्न 23वीं शिखर बैठक ने इस भरोसे को और आगे बढ़ाया है। हालांकि पुतिन के भारत आने से ऐन पहले ब्रिटेन, जर्मनी और फ्रांस के भारत स्थित राजदूतों ने अंग्रेजी दैनिक में एक संयुक्त लेख लिखकर रूस-यूक्रेन युद्ध के लिए रूस को जिम्मेदार ठहराया था। इसके अलावा कई यूरोपियन देशों ने अपरोक्ष तौर पर भारत से आग्रह किया था कि वे रूस-यूक्रेन युद्ध समाप्त करने के लिए पुतिन पर दबाव बनाये। उधर अमेरिकी मीडिया और विश्लेषकों ने इस बैठक को इस भाव में लिया कि पुतिन यह दिखाना चाहते हैं कि पश्चिमी देशों द्वारा उनके देश पर लगाये गए आर्थिक प्रतिबन्धों और उसे अलग-थलग करने की कोशिशों का उन पर कोई असर नहीं पड़ा है। अभी यह देखना दिलचस्प होगा कि 'सैंक्शन्स किंग' ट्रम्प इसको किस निगाह से देख रहे हैं।

# चमन महल की शीतल आभा में सुर-ताल की अनुगूंज, संगीत और विरासत का सुमधुर ताना-बाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

तीन दिवसीय वृहद संगीत समारोह आठवां ह्दय दृश्यम की दूसरी संगीत सभा ऐतिहासिक चमन महल, जगदीशपुर की शांत व सुहावनी आबो हवा में सजी। संगीत और विरासत का यह सुमधुर ताना-बाना कुछ यूं बुनता चला गया कि श्रोताओं की चेतना मानो स्वरलहरियों में विलीन हो गई। चमन महल का प्राचीन वैभव का समा ऐसा लगा मानो सदियों से मौन खड़ा यह धरोहर स्थल शनिवार की शाम स्वयं संगीत के संग झूम रहा हो। पहली सभा सितार वादन के नाम रही। मंच पर नमूदार हुए सुविख्यात सितार वादक पंडित रवि चारी। पंडित चारी ने अपने वादन की शुरुआत के लिए राग यमन का चयन किया। एक ऐसा राग जो कोमलता, उज्ज्वल सौंदर्य और शांति का प्रतीक माना जाता है। आलाप के आरंभिक स्वर जैसे ही चमन महल के प्रांगण में गूँजे, हवा मानो थम-सी गई। इसके बाद उन्होंने एक मिश्रित धुन प्रस्तुत कर विराम दिया।

## जगदीशपुर स्थित चमन महल के शांत एवं सुहावने वातावरण में ह्दय दृश्यम की दूसरी संगीत सभा



ह्दय दृश्यम की दूसरी संगीत सभा में प्रस्तुति देते पंडित रवि चारी।



ह्दय दृश्यम की दूसरी संगीत सभा में प्रस्तुति देते हुए पंडित आदित्य कल्याणपुरकर और उनके साथी संगीतकार।

### मिले-जुले संगीत का सुगंधित गुलदस्ता

सितार के बाद अवसर था वाद्ययंत्रों का एक ऐसा तालमेल सुनने का, जो पूरी दुनिया के संगीत को बड़े ही सुरीले और अनूठे अंदाज में पिरोए हुए है। पंडित आदित्य कल्याणपुरकर ने सुर और ताल का ऐसा सुरीला संगम प्रस्तुत किया जिसने श्रोताओं को आनंद रस से सराबोर कर दिया। उन्होंने अपनी प्रस्तुति की शुरूआत भजन से की।

### भुट्टे का कीस, दाल बाफला के व्यंजन रहे खास

चमन महल परिसर में जहां एक ओर संगीत की स्वर लहरियां रोमांचित कर रही थीं, वहीं दूसरी ओर मध्यप्रदेश के पारम्परिक व्यंजन और कला एवं शिल्प मेला भी श्रोताओं को आकर्षित कर रहा था। आयोजित पारंपरिक व्यंजन मेला में भुट्टे का कीस, दाल बाफला, पोहा जलेबी, रागी रोल, मिलेट स्प्रिंग रोल, मावा बाटी इत्यादि का स्वाद संगीतप्रेमियों ने चखा। वहीं, हाथों से निर्मित शिल्प कला ने भी उपस्थित श्रोताओं का मन मोहा।

## एम्स रेटीना 8.0 लाइव कंसर्ट में रोमांस, नॉस्टेल्जिया और मोहित का जादू

# मोहित चौहान के मधुर सुरों में दिखा सुर जज्बात और म्यूजिक का परफेक्ट संगम



प्रस्तुति देते मशहूर सिंगर मोहित चौहान।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मसकली..., डूबा डूबा रहता हूं...., साडा हक... जैसे गीतों से सजे एम्स रेटीना की म्यूजिकल नाइट में मौहित चौहान की आवाज का ऐसा जादू चला कि श्रोता वन्स मोर, वन्स मोर कर उठे... संगीत प्रेमियों के लिए शनिवार की शाम जादुई बन गई, जब मशहूर सिंगर मोहित चौहान ने एम्स रेटीना में अपने लाइव म्यूजिकल कंसर्ट में एक से बढ़कर एक सुपरहिट गीतों की प्रस्तुति देकर माहौल को सुरों से भर दिया। जैसे ही मोहित चौहान ने मंच पर कदम रखा, दर्शकों की तालियों और सीटियों की गूंज ने पूरे ऑडिटोरियम को रोमांच से भर दिया।

- मौहित की आवाज का ऐसा जादू चला कि श्रोता वन्स मोर, वन्स मोर कर उठे
- दर्शकों की तालियों और सीटियों ने पूरे ऑडिटोरियम को रोमांचित किया
- ऊर्जा से भरपूर मोहित के सभी गीतों ने दर्शकों को जोश से भर दिया



एम्स रेटीना 8.0 लाइव कंसर्ट में अपने पसंदीदा गीतकार मोहित चौहान के गीतों को सुनने बड़ी संख्या में पहुंचे श्रोता।

### तुमसे ही शुरू हुआ जादू... सुनते ही दर्शक झूमे

कॉन्सर्ट की शुरुआत में मोहित चौहान ने गाए एक से बढ़कर एक गीतों से श्रोताओं को झूमने पर मजबूर किया। जैसे ही उन्होंने अपने लोकप्रिय रोमांटिक ट्रैक तुम से ही शुरू हुआ जादू.... सुनाया तो मोहित के सुर के साथ भीड़ भी एक सुर में गुनगुनाने लगी और पूरा माहौल रोमांस और नॉस्टेल्जिया से भर उठा।

### डूबा-डूबा नादान परिंदे जैसे हिट गानों की लगी झड़ी

कंसर्ट के दौरान मोहित चौहान ने अपने बेमिसाल गीतों का ऐसा सिलसिला पेश किया कि दर्शकों के कदम रुकने का नाम ही नहीं ले रहे थे। स्टेज पर उन्होंने अपने प्रसिद्ध गीतों की ऐसी झड़ी लगाई कि लोग उनके गीतों के साथ कदम ताल करने लगे, जिसमें डूबा डूबा, नादान परिंदे, फिर से उड़ चला गीतों ने श्रोताओं का मन मोह लिया। वहीं उनके गाए अध्यात्मिक गीत कुन फाया कुन ने तो ऐसा समा बांधा कि एम्स परिसर शांत और भावुक हो उठा। ऊर्जा से भरपूर मौहित के सभी गीतों ने दर्शकों को जोश से भर दिया।

## गीत में दर्द तभी उतरता है, जब आप दिल से उसे महसूस करें...

हरिभूमि चर्चा

एम्स रेटीना में प्रस्तुति देने आए सिंगर मोहित चौहान से हरिभूमि की खास बातचीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

यह एक गायक की प्रतिभा है कि यदि वो दर्दीले गीत गाता है, तो भले ही उस पीड़ा से न गुजरा हो, लेकिन उस पीड़ा को महसूस कर सकता है, क्योंकि कोई तो उस दर्द से गुजर रहा है, आप उसके प्रति सहानुभूति रखते हुए, उसके दर्द को स्वंय के भीतर महसूस करके गीत गाएंगे तो वो गीत वाकई में लोगों के दिल को छुएगा। यह कहना है डूबा डूबा, मसकली... जैसे सदाबहार गीतों के गायक मौहित चौहान का, जो एम्स रेटीना में प्रस्तुति देने आए और हरिभूमि से बातचीत में उन्होंने अपने जीवन से जुड़े अनुभवों को साझा किया।



### लोगों को जल्दी अपना लेता हूं,इसी वजह से मेरे गाए गीतों में मेरा अक्स नजर आता है

जब मैं दूसरों सिंगर के गाने सुनता हूं या किसी म्यूजिकल कंसर्ट में उनके गाने गाता हूं तो उसमें पूरी तरह ढल जाता हूं। क्योंकि मैं हमेशा से जंगल, पहाड़ों में रहा हूं, जगह जगह घूमा हूं तो एन्वायरमेंट को एडाप्ट करने की आदत के चलते लोगों को भी जल्द ही अडाप्ट कर लेता हूं, शायद मेरी यही खासियत लोगों को अच्छी लगती है और यही वजह है कि मेरे गाए गीतों में मेरा अक्स नजर आता है।

### नए सिंगर्स को हमेशा यही टिप्स देता हूं कि हमेशा ओरिजनल रहें

मोहत ने कहा कि नए सिंगर्स को मैं हमेशा यही टिप्स देता हूं कि हमेशा ओर जनल रहें, सभी के गाने सुने, लेकिन सबसे हटकर अपनी एक अलग पहचान बनाएं। किसी को कॉपी करने की बजाया अपने यूनिक आइडेंटिटी बनाएं। जानवरों से प्यार करें, इससे संगीत में और आपकी पर्सनालिटी में बेहद निखार आता है।

### पांच दिवसीय हस्तशिल्प मेले में भोपाल के कारीगरों ने प्रदर्शित किया ब्रास म्यूजिशियन सेट




गौहर महल में शनिवार को हस्तशिल्प मेले में संगीत कार्यक्रम की प्रस्तुति देते हुए।

## गौहर महल में शुरू हुआ शिल्प-संवेदना और परंपरा का उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ऐतिहासिक गौहर महल शनिवार की शाम हस्तकला, परंपरा और सृजनशीलता के भव्य आलोक से जगमगा उठा। मप्र हस्तशिल्प एवं हाथकरघा विकास निगम द्वारा आयोजित पांच दिवसीय हस्तशिल्प मेले का शुभारंभ में 50 चयनित शिल्पकारों ने अपनी उत्कृष्ट, हस्तनिर्मित कलाकृतियों को दर्शाया। इस मेले में 10वीं शताब्दी की दुर्लभ ऐतिहासिक मूर्ति गौरी कामदा की स्टोन डस्ट कास्टिंग के माध्यम से भारतीय धार्मिक और शिल्प विरासत को पुनर्जीवित करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास किया गया है। यह कास्टिंग केवल एक प्रतिकृति नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक स्मृति का पुनर्संस्कार है। यह कलाकृति धार्मिक आस्था, पुरातात्विक महत्व और समकालीन डिजाइन का अद्भुत संगम प्रस्तुत करती है।



### ब्रास म्यूजिशियन सेट बना आकर्षण

मेले में प्रदर्शित विशिष्ट और मनोहारी कलाकृतियों में ब्रास म्यूजिशियन सेट विशेष रूप से ध्यान खींचने वाला रहा।



कोलार डायनेमिक्स स्टार्टअप समूह द्वारा प्रस्तुत यह चार नाजुक मूर्तियों का कलात्मक समूह पीतल की धातु पर अद्भुत परिष्कार से निर्मित है। 20 इंच चौड़ी और 6 इंच लंबी इस कलाकृति में शहनाई और तबले के माधुर्य को अभिव्यक्त करते हुए दो पुरुष एवं दो महिला कलाकारों की आकृतियां आकार लेती हैं। यह प्रस्तुति ग्वालियर घराने की समृद्ध संगीत विरासत का ललित मूर्त रूप है, जो शिल्प, संगीत और परंपरा के त्रिवेणी स्वरूप का दर्शन कराती है।

## खुदीराम बोस की शौर्य गाथा कहेगी फिल्म रे इंकलाबी

### डॉ. सुधीर आजाद ने 136वीं जयंती पर क्रांतिकारी को दी सिनेमाई श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में सबसे कम उम्र के वीर क्रांतिकारियों में शामिल खुदीराम बोस की अमर कथा को नई पीढ़ी तक पहुंचाने के उद्देश्य से फिल्मकार डॉ. सुधीर आजाद ने उनकी संघर्षपूर्ण जीवन यात्रा पर आधारित शॉर्ट फिल्म रे इंकलाबी का निर्माण किया है। खास बात यह है कि यह फिल्म खुदीराम बोस की 136वीं जयंती के अवसर पर उन्हें विशेष रूप से समर्पित की गई है। फिल्म को वीनस फिल्म प्रोडक्शन के बैनर तले निर्मित किया गया है तथा इसके निर्माता नवीन सिंह हैं। वीर बाल दिवस के अवसर पर 26 दिसम्बर को इस फिल्म का टीजर भोपाल में लांच होगा।



खुदीराम बोस पर बनी शॉर्ट फिल्म रे इंकलाबी का एक दृश्य।

#### साहस और वैचारिक दृढ़ता का सिनेमाई रूपांतरण

यह फिल्म उस दौर को दर्शाती है जब 1908 में मुजफ्फपुर बम कांड के बाद ब्रिटिश हुकूमत ने 18 वर्षीय खुदीराम बोस को फांसी की सजा सुनाई थी। फिल्म में कोर्टरूम की तीखी बहस, फैसला सुनाए जाने से पहले जब बोस ने अपने विचार अंग्रेजी शासन के सामने रखता है।

#### युवा पीढ़ी तक इतिहास पहुंचाने का प्रयास

फिल्म के निर्माता नवीन सिंह का कहना है कि हमारी कोशिश है कि खुदीराम बोस की कहानी किताबों की कुछ पंक्तियों तक सीमित न रहे। युवा उन्हें एक जीवंत, प्रेरक चरित्र के रूप में महसूस करें। डॉ. सुधीर आजाद ने कहा यह फिल्म अतीत का उत्सव नहीं, बल्कि वर्तमान की चेतना है।

### बेगम्स ऑफ भोपाल का वार्षिक कार्यक्रम 11 दिसंबर से

## परी बाजार के 6वें सीजन में होगी विभिन्न सांस्कृतिक एवं क्रिएटिव गतिविधियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अपनी नवाबी तहजीब और सांस्कृतिक विविधता के लिए पहचाना जाने वाला शहर, एक बार फिर कला और विरासत के अद्भुत संगम का साक्षी बनने जा रहा है। वूमेन एजुकेशन एंड एंपावरमेंट एजुकेशन सोसाइटी (वीस) द्वारा हर वर्ष आयोजित होने वाला बेगम्स ऑफ भोपाल का वार्षिक कार्यक्रम परी बाजार- द हेरिटेज फेस्टिवल के 6वें सीजन का शुभारंभ 11 दिसंबर को होगा। चार-दिवसीय सांस्कृतिक उत्सव का आयोजन ऐतिहासिक गौहर महल में होगा। जहां इतिहास, कला, संगीत और साहित्य की बहुरंगी छटा पर्यटकों और शहरवासियों का मन मोह लेगी।

महिला एवं बाल विकास विभाग और वीर भारत न्यास के सहयोग से आयोजित फेस्टिवल की संयोजक रख्शां शमीम जाहिद ने शनिवार को पत्रकारों से चर्चा में बताया कि इस वर्ष के आयोजन की थीम सशक्त मध्यप्रदेश रखी गई है। यह महिलाओं की शक्ति, स्थानीय कला और राज्य की सांस्कृतिक संपदा को एक मंच पर लाने का प्रयास है। यह थीम प्रदेश में नए विकास और उभरते सशक्त समाज की धड़कनों को अभिव्यक्त करती है। इस अवसर पर बीनू धीर, सेहबा फरहत सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित हुए।



पत्रकारों से चर्चा कर जानकारी देतीं संयोजक रख्शां शमीम।

### रीजनल साइंस सेंटर में विज्ञान की दुनिया में एक न्यूरोसाइंटिस्ट का सफ़र पर व्याख्यान

# मैं भी ट्रांसजेंडर हूं, समाज अच्छे काम के लिए ट्रांसजेंडर को सपोर्ट नहीं करता...

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मैं भी एक ट्रांसजेंडर हूं, समाज कभी अच्छे काम के लिए ट्रांसजेंडर को सपोर्ट नहीं करता उनको हमेशा हीन भावना से ही देखता है। अगर ट्रांसजेंडर को सामान्य लोगों की तरह ट्रीट किया जाए तो वो बहुत अच्छा कर सकते हैं, लेकिन हमारा समाज दौहरी मानसिकता के साथ जीता है। यह कहना है अशोका यूनिवर्सिटी, दिल्ली के प्रोफेसर बिट्टू के. राजाराम का, जो रीजनल साइंस सेंटर में विज्ञान की दुनिया में एक न्यूरोसाइंटिस्ट का सफ़रः शोध की चुनौतियां विषय पर एकलव्य फाउंडेशन द्वारा आयोजित व्याख्यान में बोल रहे थे।



आयोजित व्याख्यान में बड़ी संख्या में उपस्थित लोग।

#### युवा बैंड तत्संग ने सुनाए कबीर के दोहे

प्रोफेसर बिट्टू ने अपने शोध की बात की। उन्होंने मानव शरीर में कोशिका की भूमिका पर बात की। उन्होंने नमक और पानी के उदाहरण के जरिए ब्रेन के काम पर भी चर्चा की। कार्यक्रम में बैंड तत्संग ने कबीर के गीतों की प्रस्तुति की। खासतौर पर चदरिया झीनी रे झीनी, बाहर क्यों भटके, रंग रंगरा फूल खिले गीत गाए।




प्रोफेसर बिट्टू के. राजाराम

#### रैंकिंग सिस्टम से बचकर ही विज्ञान को बेहतर बना सकते हैं

प्रोफेसर बिट्टू ने इस बात पर जोर दिया कि रैंकिंग सिस्टम से बचकर ही विज्ञान को बेहतर बना सकते हैं। यदि कोई विज्ञान पढ़ना चाहता है या विज्ञान में काम करना चाहता है तो उसकी रुचि के आधार पर ही उसे विज्ञान में काम करने का मौका मिलना चाहिए। केवल टॉपर को विज्ञान पढ़ने देना विज्ञान को कमजोर करता है।



स्व. कीर्ति नारायण द्विवेदी जी

स्मृति शेष

प्रार्थना सभा व गंगा प्रसादी आयोजन



# भावपूर्ण अश्रुओं और जीवन दर्शन के भजनों से 'स्मृतियां' संजोई

एक भावपूर्ण दिन.... स्वर्गीय पंडित कीर्ति नारायण द्विवेदी जी का त्रयोदशी संस्कार, प्रार्थना सभा और गंगा प्रसादी का आयोजन ग्वालियर स्थित चैंबर ऑफ कॉमर्स के भवन में सुबह 11:30 बजे से रखा गया था। इसमें मध्य प्रदेश,छत्तीसगढ़ और हरियाणा के सभी गणमान्य लोगों ने पंडित कीर्ति नारायण द्विवेदी जी को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके सामाजिक अवदान को याद किया। इस दौरान भजन संगीत के माध्यम से जीवन की सार्थकता का संदेश भी दिया गया। पंडित कीर्ति नारायण द्विवेदी जी हरिभूमि, आईएनएच और जनता टीवी के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी के पिताश्री थे। श्रद्धांजलि सभा में सभी दिग्गजों ने पंडित द्विवेदी जी की सत्य निष्ठा और तप निष्ठा को याद कर उनकी पुण्य स्मृतियों को संजोया।

## पुष्पांजलि



हरियाणा के पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने स्व. कीर्ति नारायण द्विवेदी के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। उन्होंने इस मौके पर डॉ. हिमांशु द्विवेदी के परिवारजनों से मिलकर उनको ढांढस बंधाया।

## पूजा अर्चना



स्व. कीर्ति नारायण द्विवेदी के बड़े बेटे डॉ. हिमांशु ने त्रयोदशी के मौके पर पुण्य आत्मा की शांति के लिए पूजा अर्चना की।




भजनों के माध्यम से पुण्यात्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई

## इन हस्तियों ने जताई संवेदनाएं




हरिभूमि-आईएनएच और जनता टीवी के प्रधान संपादक डॉ. हिमाशु द्विवेदी के यहां विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा, मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, मंत्री तुलसी सिलावट और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने शोक व्यक्त किया।

## छग के पूर्व विस अध्यक्ष भी पहुंचे



छत्तीसगढ़ के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक और भाजपा के वरिष्ठ नेता सौदान सिंह डॉ. हिमांशु और उनकी माता जी श्रीमती रमा द्विवेदी से मिलकर उनको सांत्वना देते हुए।

## श्रद्धासुमन



छत्तीसगढ़ सरकार के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ग्वालियर पहुंचे और वहां स्व. कीर्ति नारायण द्विवदी जी को श्रद्धासुमन अर्पित कर शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं।

## खाद्य मंत्री ने दुख जताया



मप्र के खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री गोविंद सिंह राजपूत, भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल सहित अन्य लोगों ने डॉ. हिमांशु और परिवार से मिलकर अपनी शोक संवेदना जताई।

## पारिवारिक रीति रिवाज



इस दौरान पारिवारिक रीति रिवाजों का पालन किया गया। डॉ. हिमांशु के परिजन और रिश्तेदार मौजूद रहे।

## ढाढस बंधाया



डॉ. हिमांशु द्विवेदी को ढांढस बंधाते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता सौदान सिंह।

## दिनभर रहा आना-जाना




ग्वालियर के चैंबर्स ऑफ कॉमर्स भवन में आयोजित त्रयोदशी कार्यक्रम में शामिल होने वाले शुभचिंतक एवं रिश्तेदारों का दिन भरआना जाना लगा रहा।

## हाल-चाल भी लिया



डॉ. हिमांशु और उनके परिजनों से आगंतुकों ने हालचाल भी जाना

## शोक संवेदना



मध्य प्रदेश की पूर्व मंत्री व भाजपा की वरिष्ठ नेत्री माया सिंह और पूर्व मंत्री ध्यानेंद्र सिंह भी पहुंचे

## परंपरा निर्वहन



परंपरा के अनुसार त्रयोदशी के मौके पर पूजा व गंगा प्रसादी का आयोजन किया गया। इसके बाद ब्राह्मण भोज हुआ। डॉ. हिमांशु ने विधि विधान से परंपराओं को पूर्ण कराया।

## प्रार्थना सभा में भावपूर्ण श्रद्धांजलि



प्रार्थना सभा के दौरान चैंबर्स ऑफ कॉमर्स भवन में श्रद्धांजलि देने वालों का तांता लगा रहा। इस दौरान बड़ी संख्या में डॉ. हिमांशु के परिजन, रिश्तेदार सहित दूर दराज से आए गणमान्य नागरिकों ने प्रार्थना सभा और गंगा प्रसादी के आयोजन में भाग लिया। विशिष्टजनों ने स्व. कीर्ति नारायण द्विवेदी के व्यक्तित्व और कृतित्व के बारे में अपने विचार रखे।

**खबर संक्षेप**

### सिंगर राठौर की अग्रिम जमानत याचिका खारिज

**इलाहाबाद।** हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ कथित अभद्र



टिप्पणी से जुड़े एक मामले में भोजपुरी सिंगर और यूट्यूबर नेहा सिंह राठौर की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी। नेहा सिंह राठौर की अप्रैल में की गई टिप्पणी को लेकर इस साल की शुरुआत में लखनऊ के हजरतगंज पुलिस स्टेशन में केस दर्ज किया गया था।

### विधायक राहुल की गिरफ्तारी पर रोक

**तिरुवनंतपुरम।** केरल उच्च न्यायालय ने कांग्रेस से निष्कासित विधायक राहुल ममकूटाथिल को



गिरफ्तार से अंतरिम राहत दे दी है। राहुल ममकूटाथिल पर दुष्कर्म और जबरन गर्भपात कराने का आरोप है। जस्टिस के बाबू ने कहा कि वे 15 दिसंबर को राहुल ममकूटाथिल की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई करेंगे, तब तक उनकी गिरफ्तारी नहीं की जाएगी।

### बाबा साहेब की हर मूर्ति के पास दीवार बनेगी

**लखनऊ।** सीएम योगी ने कहा कि बाबा साहब की मूर्तियों के साथ अक्सर शरारती तत्व छेड़छाड़



करते हैं। हमारी सरकार निर्णय ले रही है कि बाबा साहब की हर मूर्ति के आसपास सुरक्षात्मक बाउंड्री वॉल बनाई जाए, ताकि उनकी प्रतिमाओं की सुरक्षा सुनिश्चित हो। जिस मूर्ति के ऊपर छत नहीं होगी, वहां छत बनवाएंगे। आज मैं बाबा साहेब की पावन स्मृति को नमन करता हूं।

### दिल्ली में वायु गुणवत्ता 'बेहद खराब' श्रेणी में

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी शनिवार को भी प्रदूषण की गिरफ्त में रही और वायु गुणवत्ता 'बहुत



खराब' श्रेणी में दर्ज की गई। दिल्ली में 24 घंटे का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 330 दर्ज किया गया। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के 'समीर' एप के अनुसार, 40 निगरानी स्टेशनों में से 31 में शाम तक एक्यूआई 'बहुत खराब' श्रेणी में दर्ज किया गया।

### सास की हत्या, काटे पैर और नाती को भी मारा

**उदयपुर।** जिले के सलूंबर उपखंड के सेमारी इलाके में गुड़ासर गांव के पास जहात फलां में सो रही बुजुर्ग



महिला और उसके पांच वर्षीय नाती की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। आरोपी दामाद फिलहाल फरार है। गौरी और उसका नाती सुरेंद्र कमरों के बाहर बने हॉल में सो रहे थे। रात में बदमाशों ने धारदार हथियार से दोनों पर हमला किया।

भाजपा सांसद तिवारी ने किया ऐलान तैयारी हो गई पूरी

# हम संसद में लाएंगे प्राइवेट बिल, अब 14 साल के किशोर पर चलेगा मुकदमा, इससे जघन्य अपराधों पर लग सकेगी लगाम




दिल्ली से भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने कहा है कि वह किशोर न्याय अधिनियम 2015 के तहत जघन्य अपराधों के लिए किशोर की आयु सीमा घटाकर 14 वर्ष करने का प्रस्ताव रखेंगे। वह लोकसभा में एक निजी विधेयक पेश करके इस प्रस्ताव को पेश करने की योजना बना रहे हैं। एक भी सर्वेक्षण से पता चलता है कि 15-17 साल के बच्चे जघन्य अपराधों में शामिल हो रहे हैं।

**आयु सीमा घटाने का लाएंगे प्रस्ताव**

लोकसभा में जल्द पेश करेंगे विधेयक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली से भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने कहा है कि वह किशोर न्याय अधिनियम 2015 के तहत जघन्य अपराधों के लिए किशोर की आयु सीमा घटाकर 14 वर्ष करने का प्रस्ताव रखेंगे। वे लोकसभा में एक निजी विधेयक पेश करके इस प्रस्ताव को पेश करने की योजना बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि 17 साल तक के बच्चों को किशोर माना जाता है और उनके लिए हमारा कानून किशोर न्याय अधिनियम 2015 है।

एक भी सर्वेक्षण से पता चलता है कि 15-17 साल के बच्चे जघन्य अपराधों में शामिल हो रहे हैं। हम किशोर आयु को घटाकर 14 साल करने का प्रस्ताव रखना चाहते हैं क्योंकि मुझे ऐसे कई उदाहरण मिले हैं जहां एक किशोर तीन हत्याओं के लिए जिम्मेदार था। सांसद तिवारी ने कहा कि दिल्ली में अपराधों में कई किशोर भी शामिल रहे।

## उम्र के लिहाज से नहीं बचने चाहिए अपराधी



उन्होंने कहा कि वह सुधार केंद्र गया, वापस आया और फिर भी हत्या कर दी। इस पर निश्चित रूप से विचार किया जाना चाहिए। काफी सोच-विचार के बाद, मैं इस मुद्दे को एक निजी विधेयक के जरिए पेश करने जा रहा हूं। मैं अपने निजी विधेयकों के लिए हमेशा बहुत जरूरी मुद्दों की तलाश में रहता हूं और यह उनमें से एक है। हम नहीं चाहते कि अपराधी सिर्फ पंद्रह, सोलह या सत्रह साल की उम्र में ही जघन्य अपराध करके बच निकलें। इसलिए, मैं प्रस्ताव करता हूं कि उम्र घटाकर चौदह साल कर दी जाए।

**राहुल के बयान पर केंद्रीय मंत्री का पलटवार**

## देश में संविधान नहीं, कांग्रेस खतरे में है



केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने शनिवार को लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की हालिया 'संविधान खतरे में है' टिप्पणी पर तीखा पलटवार किया। अठावले ने कहा कि गांधी के दावे निराधार और तथ्यहीन हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि संविधान खतरे में नहीं है, बल्कि कांग्रेस पार्टी खतरे में है। केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने कहा कि संविधान खतरे में नहीं है, खतरे में कांग्रेस पार्टी है। मैं नहीं मानता कि हमारे संविधान को कोई खतरा है। वास्तव में, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में इसे और मजबूत किया जा रहा है। अठावले ने कहा कि राहुल गांधी के बयान निराधार और तथ्यहीन हैं। केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले का यह बयान तब आया जब राहुल गांधी ने महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर डॉ. भीमराव आंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद कहा कि प्रत्येक भारतीय का संविधान खतरे में है।

बजट पूर्व वित्त मंत्री ने कहा बड़ा सुधार होगा

## अब कस्टम ड्यूटी को आसान बनाने पर फोकस किया जा रहा



अगले साल 1 फरवरी को पेश होने वाले आम बजट से पहले केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि सीमा शुल्क यानी कस्टम ड्यूटी को आसान बनाना सरकार का अगला बड़ा सुधार कार्यक्रम होगा। वित्त मंत्री ने शनिवार को कहा कि चालू वित्त वर्ष में सरकार ने इनकम टैक्स और जीएसटी रेट को तर्कसंगत और आसान बनाने जैसे सुधार किए। इससे आम आदमी के हाथ में ज्यादा नकदी आई और उपभोग बढ़ा है। वित्तमंत्री सीतारमण ने कहा कि हमें सीमा शुल्क का पूरी तरह कायापलट करना है। हमें इसे इतना आसान बनाना है कि लोगों को नियमों का पालन करना बोझिल न लगे। इसके साथ ही इसमें पारदर्शिता बढ़ानी होगी।

### सीमा शुल्क में भी पारदर्शिता की जरूरत

वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा कि इनकम टैक्स में जैसी पारदर्शिता लाई गई है, वैसा ही सीमा शुल्क में भी करने की जरूरत है। प्रस्तावित सुधार व्यापक होंगे और इसमें सीमा शुल्क दरों को तर्कसंगत बनाना भी शामिल होगा। इसकी घोषणा आगामी बजट में हो सकती है, जिसके 1 फरवरी को पेश होने की संभावना है। सीतारमण ने कहा कि पिछले दो साल में हमने सीमा शुल्क दरें लगातार कम की हैं। लेकिन जिन कुछ वस्तुओं पर हमारी दरें इष्टतम स्तर से ऊपर मानी जाती हैं, उन्हें भी नीचे लाना होगा। सीमा शुल्क मेरा अगला बड़ा सफाई अभियान है।

### इससे डॉलर के मुकाबले अपने सहज स्तर पर पहुंचेगा रुपया

इस साल के बजट में अन्य उपायों के साथ औद्योगिक वस्तुओं पर सात अतिरिक्त सीमा शुल्क दरें खत्म करने का प्रस्ताव किया गया था। इससे पिछले साल भी 7 दरें हटाई गई थीं। अब कुल 8 दर स्लैब रह गए हैं, जिनमें शून्य दर भी शामिल है। डॉलर के मुकाबले रुपए के कमजोर होने पर वित्त मंत्री ने कहा कि यह अपने सहज स्तर पर पहुंच जाएगा। वर्ष 2025 में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले करीब पांच प्रतिशत कमजोर हुआ है। उन्होंने भरोसा जताया कि चालू वित्त वर्ष में जीडीपी वृद्धि सात प्रतिशत या उससे अधिक रहेगी।

संसद भवन के बाहर संसदीय मंत्री से टकराए नेता प्रतिपक्ष

# रिजिजू ने कहा- 'थोड़ा डर गया मैं', दोनों ने मिलाया हाथ व हंसी-मजाक भी किया



संसद के बाहर रिजिजू और राहुल ने मिलाया हाथ और विनोद किया

राहुल गांधी और किरेन रिजिजू का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें दोनों नेता हंसी-मजाक करते और हाथ मिलाते नजर आ रहे हैं. वीडियो में रिजिजू मजाकिया अंदाज में कहते हैं, थोड़ा डर गया मैं'। इस दौरान राहुल गांधी के साथ कांग्रेस नेता राजीव शुक्ला और उदित राज भी मौजूद थे।

## शनिवार को डॉ. भीमराव आंबेडकर को संसद में श्रद्धांजलि दी

**पीएम मोदी, राष्ट्रपति समेत दिग्गजों ने दी श्रद्धांजलि**



संसद भवन में राष्ट्रपति, पीएम और अन्य नेताओं ने श्रद्धांजलि दी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को डॉ. भीमराव आंबेडकर को संसद में श्रद्धांजलि दी। जब वे श्रद्धांजलि देकर संसद से बाहर निकल रहे थे तब उनकी मुलाकात केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजूजू से हो गई। इसका एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इसमें दोनों नेता हंसी-मजाक करते और हाथ मिलाते नजर आ रहे हैं। इस वीडियो में केंद्रीय मंत्री रिजिजू मजाकिया लहजे में राहुल गांधी से कहते हुए सुने जा सकते हैं, 'थोड़ा डर गया मैं।' नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के साथ में इस दौरान कांग्रेस नेता राजीव शुक्ला और उदित राज भी मौजूद थे। यह मुलाकात तब हुई जब दोनों संसद में डॉ. आंबेडकर की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि देने पहुंचे थे। श्रद्धांजलि के बाद राहुल ने कहा कि आंबेडकर एक आदर्श पुरुष हैं। उन्होंने हमें संविधान दिया। हर भारतीय का संविधान खतरे में है, हम इसकी रक्षा करते हैं।

### देशभर में दी गई आंबेडकर को श्रद्धांजलि

देशभर में आंबेडकर को श्रद्धांजलि दी गई। आंबेडकर ने संविधान की रचना कर देश को लोकतंत्र की मजबूत नींव दी। वेसामाजिक न्याय, समानता और शिक्षा के प्रबल समर्थक थे। आंबेडकर के विचार आज भी प्रासंगिक हैं।

### आंबेडकर ने पूरे देश को रास्ता दिखाया: राहुल

राहुल ने कहा आंबेडकर पूरे देश के आइकॉन हैं और उन्होंने पूरे देश को रास्ता दिखाया है। उन्होंने हमें संविधान दिया, तो इसलिए हम उनको याद करते हैं। जो उनके आइडिया हैं और संविधान की रक्षा करते हैं।

**पीएम मोदी ने दी श्रद्धांजलि**

### उनका दूरदर्शी नेतृत्व और न्याय, समानता देश का मार्गदर्शन करती रहेगी



प्रधानमंत्री ने संसद भवन में बाबासाहेब को श्रद्धांजलि अर्पित की। एक्स पर साझा की गई एक पोस्ट में, पीएम मोदी ने लिखा, महापरिनिर्वाण दिवस पर डॉ. बाबासाहेब को याद करते हुए। उनका दूरदर्शी नेतृत्व और न्याय, समानता और संवैधानिकता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता हमारी राष्ट्रीय यात्रा का मार्गदर्शन करती रहेगी।

**उपराष्ट्रपति ने कहा**

### आंबेडकर संविधान के प्रमुख वास्तुकार और सामाजिक न्याय के महान समर्थक थे

उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने कहा भारत रत्न बाबासाहेब को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। आंबेडकर हमारे संविधान के प्रमुख वास्तुकार और सामाजिक न्याय के एक महान समर्थक थे। समानता, गरिमा और भाईचारे के लिए उनके अथक संघर्ष ने आधुनिक, प्रगतिशील और समावेशी भारत की नींव रखी। उनके विचार एक न्यायपूर्ण और सामंजस्यपूर्ण थे।

**खरगे बोले**

### उनके आदर्श हमारे पथ को निरंतर रोशन करते रहें

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि आंबेडकर का दूरदर्शी नेतृत्व और न्याय, समानता एवं संवैधानिकता के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता हमारी राष्ट्रीय यात्रा का मार्गदर्शन करती रहेगी। उनके आदर्श हमारे पथ को निरंतर रोशन करते रहें।

सीजेआई सूर्यकांत बोले

## आम आदमी के लिए है सुप्रीम कोर्ट मामलों की लागत कम होनी चाहिए

लंबित मामलों का निपटारा करने की प्राथमिकता जरूरी



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत ने शनिवार को एक बयान में कहा कि सुप्रीम कोर्ट आम आदमी के लिए है। उन्होंने कहा कि लंबित मामलों को निपटाने के लिए एकीकृत राष्ट्रीय न्यायिक नीति उनकी पहली प्राथमिकता है। सीजेआई ने ये भी कहा कि उनकी कोशिश है कि मुकदमेबाजी की लागत को कम किया जाए और मामले का फैसला होने के लिए एक समयसीमा तय की जाए।

सीजेआई ने कहा कि मेरी पहली प्राथमिकता एक तय समयसीमा और एक एकीकृत राष्ट्रीय न्यायिक नीति बनाना है ताकि लंबित मामलों पर जल्द फैसला हो सके। मैं ये नहीं कह रहा कि सभी बकाया मामले खत्म कर दिए जाएंगे। मुकदमेबाजी लगातार चलने वाली प्रक्रिया है। लोगों को न्यायिक व्यवस्था पर भरोसा और विश्वास है।

### मध्यस्थता का भी इस्तेमाल किया जाएगा

सीजेआई ने कहा कि नए मामले दायर होंगे, लेकिन पुराने मामलों का निपटारा होना भी जरूरी है। मध्यस्थता का भी इस्तेमाल किया जाएगा और ये गेम चेंजर साबित हो सकता है। मुख्य न्यायाधीश ने कहा, सुप्रीम कोर्ट में आने वाले दिनों में कुछ सुधार देखने को मिलेंगे और मुकदमेबाजी को प्राथमिकता मिलती रहेगी। सीजेआई ने कहा कि मैं एक सख्त और स्पष्ट संदेश देना चाहता हूं कि सुप्रीम कोर्ट आम आदमी के लिए है और सामान्य मुकदमेबाजी के लिए भी सुप्रीम कोर्ट में पर्याप्त जगह है। हालांकि उन्होंने ये भी कहा कि वह अकेले इस काम को नहीं कर सकते और उन्हें इसमें अन्य जजों का भी सहयोग चाहिए।

### न्यायपालिका में अपग्रेड की जरूरत बताई

मुख्य न्यायाधीश ने ये भी कहा कि न्यायपालिका में अपग्रेड की जरूरत है क्योंकि डिजिटल अरेस्ट और साइबर अपराध जैसे मामलों से न्यायपालिका की चुनौतियां बढ़ी हैं। उन्होंने कहा कि देश की न्यायपालिका में विविधता आ रही है और जैसे समाज और देश आगे बढ़ रहे हैं, वैसे ही न्यायपालिका में भी बदलाव हो रहे हैं। सीजेआई ने देश के लोकतंत्र और न्यायपालिका के भविष्य को उज्जवल बताया। न्यायपालिका की आजादी पर उन्होंने कहा कि संविधान में शक्तियों का बंटवारा किया गया है। संविधान में न्यायपालिका, विधायिका और कार्यपालिका की अपनी-अपनी भूमिकाएं हैं।

पुरी में ग्लोबल एनर्जी लीडर्स समिट में केंद्रीय मंत्री जोशी बोले

# देश में नॉन-फॉसिल ऊर्जा क्षमता वृद्धि का अब तक का सबसे बड़ा रिकॉर्ड बना

एजेंसी ▶▶ पुरी

केंद्रीय नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रह्लाद जोशी ने बताया कि भारत ने 2025-26 में नॉन-फॉसिल ऊर्जा क्षमता वृद्धि का अब तक का सबसे बड़ा रिकॉर्ड बनाया है। इस वर्ष अब तक 31.25 गीगावाट नॉन-फॉसिल क्षमता जोड़ी गई है, जिसमें 24.28 गीगावाट सिर्फ सौर ऊर्जा शामिल है। पुरी में ग्लोबल एनर्जी लीडर्स समिट में उन्होंने घोषणा की कि ओडिशा में 1.5 लाख रूफटॉप सोलर यूनिट्स युटिलिटी-एग्रीगेशन मॉडल के तहत लगाई जाएंगी।

**इस वर्ष अब तक 31.25 गीगावाट नॉन-फॉसिल क्षमता जुड़ी**



### 2 वर्षों में वैश्विक क्षमता 2 टेरावॉट तक पहुंची

जोशी ने वैश्विक नवीकरणीय ऊर्जा वृद्धि का उल्लेख करते हुए कहा कि दुनिया को पहली 1 टेरावॉट क्षमता हासिल करने में लगभग 70 साल लगे थे।

**भारत में 5वां सबसे बड़ा कोयला भंडार**

जोशी ने कहा कि भारत विश्व के 5वां सबसे बड़े कोयला भंडार वाला देश है और कोयले का दूसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता भी है। देश नवीकरणीय ऊर्जा और कोयले के बीच संतुलन बनाया गया है।

नए साल में होगी परीक्षा पे चर्चा, रजिस्ट्रेशन शुरू

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे स्कूली छात्रों से सीधा संवाद,बताएंगे परीक्षा में तनाव कम करने का मंत्र

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

परीक्षा पे चर्चा (पीपीसी-26) के नौवें संस्करण का आयोजन अगले जनवरी महीने में किया जाएगा। जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्कूली छात्रों के साथ सीधा संवाद करेंगे और परीक्षा के दौरान उन्हें तनाव कम करने, परीक्षा को एक उत्सव के रूप में मनाने और जीवन का एक भाग समझते हुए आगे बढ़ने के गुरु मंत्र देंगे। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि पीपीसी में 6 से 12वीं कक्षा तक के छात्र, उनके अभिभावक और शिक्षक देश-दुनिया से भाग लेंगे। जिसके लिए मंत्रालय ने माय गाव ऑनलाइन पोर्टल (https://inovateindia1.mygov.in/) पर 1 दिसंबर से 11 जनवरी 2026 तक रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया की शुरुआत कर दी गई है। प्रधानमंत्री से रूबरू होने वाले छात्रों के चयन के लिए ऑनलाइन एमसीक्यू आधारित प्रतियोगिता होगी। जो प्रतिभागी



गतिविधि पूरी करेंगे। उन्हें माय गाव की ओर से भागीदारी का अलग से एक प्रमाणपत्र प्रदान किया जाएगा। मंत्रालय की तरफ से हालांकि अभी तक पीपीसी-26 की आधिकारिक तारीख का ऐलान नहीं किया गया है।

### 8वें संस्करण में हुए 3.56 करोड़ रजिस्ट्रेशन

**यूं अलग था 8वां संस्करण**

पीपीसी के आठवें संस्करण का प्रसारण 10 फरवरी 2025 को किया गया था। इसमें भाग लेने के लिए कुल करीब 3.56 करोड़ रजिस्ट्रेशन हुए थे। इसके अलावा 1.55 करोड़ लोगों ने देश में एक जन-आंदोलन के रूप में इस कार्यक्रम से जुड़ी हुई तमाम गतिविधियों में भाग लिया था। इस तरह से आठवें पीपीसी में कुल भागीदारी लगभग 5 करोड़ देखने को मिली थी। जिसके बाद गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड कायम हुआ था। 245 देशों से अधिक से छात्र कार्यक्रम में शामिल हुए।

मंत्रालय ने बताया कि परीक्षा पे चर्चा के पिछले संस्करण का प्रसारण 10 फरवरी 2025 को किया गया था। पीएम ने युवाओं से संवाद को एक बेहद अलग और अनोखे अंदाज में पूरा किया था। जिसमें राष्ट्रीय राजधानी की सुंदर नर्सरी में सभी राज्यों-केंद्रशासित प्रदेशों के विभिन्न स्कूलों (केंद्रीय विद्यालय, सैनिक स्कूल, एकलव्य मॉडल आवासीय स्कूल, सीबीएसई स्कूल और नवोदय विद्यालय) से आमंत्रित किए गए कुल 36 छात्रों से एक नए अंदाज में बातचीत की थी।

भारत कुचलेगा आतंक का 'फन'

# नए साल में इजराइल देगा 40 हजार लाइट मशीन गन की पहली खेप

इजराइली कंपनी आईडब्ल्यूआई के सीईओ शुकी श्वार्ट्ज ने कहा कि एलएमजी की पूरी सप्लाई 5 साल में पूरी होगी, लेकिन हम इसे और तेजी से भी कर सकते हैं। पहली खेप जनवरी-फरवरी में ही पहुंच जाएगी

एजेंसी ▶▶ यरुशलम



अर्बेल गन

भारत भी अब इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) की तर्ज पर आतंकवादियों का सफाया करेगा। भारत की इस मुहिम में इजराल साथ देगा। इजराइल की प्रमुख रक्षा कंपनी इजराइल वेपन इंडस्ट्रीज (आईडब्ल्यूआई) ने कहा है कि वह अगले साल की शुरुआत से भारत को 40,000 लाइट मशीन गनों (एलएमजी) की पहली खेप सप्लाई करने जा रही है। साथ ही, करीब 1.70 लाख नई पीढ़ी की क्लोज क्वार्टर बैटल (सीक्यूबी) कार्बाइन राइफलों की सप्लाई के लिए अनुबंध पर हस्ताक्षर अंतिम चरण में है।

सभी टेस्ट, ट्रायल और सरकारी जांच पूरी हो चुकी

1.70 लाख सीक्यूबी राइफलें भी खरीदेगा भारत

## इजराइली हथियारों से होगा आतंक का खात्मा



इजराइली कंपनी आईडब्ल्यूआई के सीईओ शुकी श्वाट्र्ज ने कहा कि उनकी कंपनी भारत के गृह मंत्रालय के विभिन्न एजेंसियों के साथ मिलकर पिस्तौल, राइफल और मशीन गन सहित अपने उत्पादों को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने बताया कि हम इस समय तीन बड़े कार्यक्रमों में शामिल हैं। पहला है पिछले साल हस्ताक्षरित 40,000 लाइट मशीन गनों का अनुबंध। सभी टेस्ट, ट्रायल और सरकारी जांच पूरी हो चुकी हैं। हमें उत्पादन का लाइसेंस भी मिल गया है। हमारा इरादा नए साल की शुरुआत में ही पहली खेप सप्लाई करने का है। एलएमजी की पूरी सप्लाई 5 साल में पूरी होगी, लेकिन हम इसे और तेजी से भी कर सकते हैं। पहली खेप जनवरी-फरवरी में ही पहुंच जाएगी।

## भारत-इजराइल के बीच सीक्यूबी कार्बाइन टेंडर



शुकी श्वाट्र्ज ने कहा कि दूसरा बड़ा कार्यक्रम सीक्यूबी कार्बाइन टेंडर का है, जिसमें आईडब्ल्यूआई दूसरी सबसे कम बोली लगाने वाली कंपनी है (पहली है भारत फोर्ज)। श्वाट्र्ज ने कहा कि हम इस अनुबंध का 40% हिस्सा (लगभग 1,70,000 कार्बाइन) सप्लाई करेंगे। अनुबंध पर हस्ताक्षर का प्री-स्टेज चल रहा है और मुझे विश्वास है कि यह इस साल के अंत या अगले साल की शुरुआत तक फाइनल हो जाएगा।

## अर्बेल तकनीक पर भी बात चल रही

*श्वाट्र्ज ने बताया कि वे भारत के साथ अपनी सबसे उन्नत 'अर्बेल' तकनीक को एकीकृत करने की शुरुआती बातचीत कर रहे हैं। यह दुनिया का पहला कम्प्यूटरीकृत हथियार सिस्टम है जो जटिल एल्गोरिदम की मदद से यह तय करता है कि सैनिक का निशाना सही है या नहीं और फिर अत्यधिक सटीकता से तुरंत फायर करता है। उन्होंने कहा कि हम विभिन्न भारतीय एजेंसियों से अर्बेल सिस्टम अपनाने की शुरुआती चर्चा कर रहे हैं।*

## मेक इन इंडिया पहल का साथी बनेगा इजराइल

*आईडब्ल्यूआई, गृह मंत्रालय और उसकी विभिन्न एजेंसियों के साथ कई छोटे-बड़े अनुबंधों के तहत पिस्तौल, राइफल और एलएमजी की सप्लाई वर्षों से कर रही है। उन्होंने 'मेक इन इंडिया' पहल में आईडब्ल्यूआई के शुरुआती समर्थन पर गर्व जताते हुए कहा कि अडाणी ग्रुप के साथ उनकी साझेदारी मजबूत हो रही है और भविष्य में लाइट वेपन्स के स्थानीय उत्पादन व अर्बेल जैसी उन्नत तकनीकों के हस्तांतरण में यह साझेदारी अहम भूमिका निभाएगी।*

## खबर संक्षेप

### साउथ अफ्रीका में गोलीबारी, 11 की मौत



**जोहान्सबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका में प्रिटोरिया के पास एक हॉस्टल में की गई गोलीबारी में 11 लोगों की मौत हो गई और 14 घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक कुल 25 लोगों को गोली मारी गई। यह हमला शनिवार तड़के उस वक्त हुआ, जब कुछ लोग हॉस्टल के अंदर मौजूद शराबखाने में शराब पी रहे थे। मरने वालों में 3 साल का बच्चा, एक 12 साल का लड़का और 16 साल की लड़की शामिल हैं। 3 साल का बच्चा उसी अवैध शराबखाने के मालिक का बेटा बताया जा रहा है। पुलिस प्रवक्ता एथलेन्दा मथे ने यह जानकारी दी।

### न्यूयॉर्क में आग से झुलसी भारतीय छात्रा की मौत



**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के न्यूयॉर्क में एक घर में आग लगने से गंभीर रूप से झुलसी 24 वर्षीय एक भारतीय छात्रा की मौत हो गई। सहजा रेड्डी उदुमाला न्यूयॉर्क के अल्बानी में मास्टर डिग्री की पढ़ाई कर रही थीं। न्यूयॉर्क स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने शुक्रवार को 'एक्स' पर एक पोस्ट में बताया कि उन्हें उदुमाला के 'असामयिक निधन' पर गहरा दुख है, जिन्होंने अल्बानी के एक घर में आग लगने की घटना में अपनी जान गंवा दी। इस कठिन समय में हम उनके परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हैं।

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर की दो टूक

# पुतिन के दौरे से भारत-अमेरिका रिश्तों पर असर नहीं, हमारी दोस्ती कोई और तय नहीं कर सकता

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

जयशंकर ने कहा कि सभी को पता है कि भारत का दुनिया के हर बड़े देश से संबंध है। किसी भी देश के लिए यह उम्मीद करना कि भारत अपने अन्य देशों से रिश्ते कैसे बनाएगा, इस पर उसकी राय मानी जाएगी, यह उचित नहीं है। अगर हमने ऐसा किया तो दूसरे देश भी हमसे यही उम्मीद करेंगे

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने शनिवार को कहा कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के दौरे का असर भारत-अमेरिका के रिश्तों पर नहीं पड़ेगा। विदेश मंत्री ने भारत-अमेरिका व्यापार समझौते बातचीत पर इसका असर पड़ने की अफवाहों को भी खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि भारत किस से दोस्ती करे या न करे यह भारत के अलावा कोई और तय नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि सभी को पता है कि भारत का दुनिया के हर बड़े देश से संबंध है।

किसी भी देश के लिए यह उम्मीद करना कि भारत अपने अन्य देशों से रिश्ते कैसे बनाएगा, इस पर उसकी राय मानी जाएगी, यह उचित नहीं है। अगर हमने ऐसा किया तो दूसरे देश भी हमसे यही उम्मीद करेंगे। अमेरिका के साथ हो रहे व्यापार समझौते पर विदेश मंत्री ने कहा कि भारत अपने किसानों, मजदूरों, छोटे व्यापारियों और मध्यम वर्ग के हितों की पूरी रक्षा करेगा। वहीं, जयशंकर ने भारत-रूस संबंध को दुनिया के सबसे मजबूत रिश्तों में से एक बताया।

यूएस के साथ ट्रेड डील में हर वर्ग के हितों का रखेंगे ध्यान

शेख हसीना को आगे क्या करना है यह उनका फैसला


राष्ट्रपति पुतिन और विदेश मंत्री एस. जयशंकर फाइल फोटो

## जब तक चाहें, भारत में रह सकती हैं

विदेश मंत्री ने कहा कि भारत ने शेख हसीना को आश्वासन दिया है कि वह जब तक चाहें, भारत में रह सकती हैं। भारत सरकार ने पहले भी कई बार कहा है कि मानवीय आधार पर हसीना को शरण दी गई है और उनकी सुरक्षा तथा सुविधा का पूरा ध्यान रखा जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि शेख हसीना का भारत में रहना मूलतः उनका व्यक्तिगत फैसला है, लेकिन जिन परिस्थितियों में वे सत्ता छोड़कर भारत आईं वे इस फैसले के पीछे महत्वपूर्ण कारक हैं। उन्होंने कहा कि वह एक खास परिस्थिति में यहां आई थीं और मुझे लगता है कि वह परिस्थिति स्पष्ट रूप से इस बात में भूमिका निभाती है कि उनके साथ आगे क्या होगा। लेकिन फिर भी, अंतिम फैसला उन्हें ही करना है।

## भारत-रूस का रिश्ता हमेशा विश्वसनीय रहा

जयशंकर ने भारत-रूस संबंधों को दुनिया के सबसे स्थिर, मजबूत और बड़े रिश्तों में से एक बताया। उन्होंने कहा कि पुतिन की यात्रा ने पिछड़े क्षेत्रों, विशेष रूप से आर्थिक सहयोग में साझेदारी को नए तरीके से पेश किया है। रूस का चीन, अमेरिका और यूरोप के साथ रिश्ता कई बार ऊपर-नीचे हुआ, लेकिन भारत के साथ यह रिश्ता हमेशा स्थिर और विश्वसनीय रहा। जयशंकर ने कहा कि भारत जैसे बड़े और उभरते देश के लिए, जिससे और बेहतर करने की अपेक्षा की जाती है। यह जरूरी है कि हमारे खास रिश्ते अच्छी स्थिति में हो। हम महत्वपूर्ण देशों के साथ सहयोग बनाए रख सकें और हमें अपने हित के अनुसार मित्र चुनने की आजादी हो। यहीं हमारी विदेश नीति है


## भारत-रूस संबंध में रक्षा, ऊर्जा, अंतरिक्ष जैसे क्षेत्र हमेशा मजबूत रहे

जयशंकर ने कहा कि किसी भी लंबे रिश्ते में कुछ क्षेत्र तेजी से आगे बढ़ते हैं और कुछ पीछे रह जाते हैं। भारत-रूस संबंध में रक्षा, ऊर्जा और अंतरिक्ष जैसे क्षेत्र हमेशा से बहुत मजबूत रहे, लेकिन व्यापार और आर्थिक सहयोग उतना नहीं बढ़ पाया था। उन्होंने कहा कि इसके उलट, अमेरिका और यूरोप के साथ भारत का आर्थिक रिश्ता 80, 90 और 2000 के दशक में तेजी से बढ़ा, पर रक्षा और सुरक्षा सहयोग में उतनी प्रगति नहीं हुई।

पेंटागन के पूर्व अधिकारी का बड़ा बयान

# मुनीर को अरेस्ट करे यूएस भारत से 'माफी' मांगे ट्रंप

पाकिस्तान और आसिम मुनीर को लेकर अमेरिका के एक शीर्ष पूर्व अधिकारी का बड़ा बयान सामने आया है। पेंटागन के पूर्व अधिकारी माइकल रुबिन ने पाकिस्तान को आतंकी देश कह दिया और आसिम मुनीर को गिरफ्तार करने की बात कही है। रुबिन ने कहा, अमेरिका के लिए पाकिस्तान को गले लगाने का कोई रणनीतिक तर्क नहीं है। रुबिन ने कहा, इसे आतंकवाद को बढ़ावा देने वाला देश घोषित किया जाना चाहिए। अगर आसिम मुनीर अमेरिका आते हैं तो उन्हें सम्मानित करने के बजाए गिरफ्तार किया जाना चाहिए। हमें पर्दे के पीछे शांत कूटनीति की जरूरत है।


पेंटागन के पूर्व अधिकारी माइकल रुबिन

### 10 दिसंबर से शुरू होगी व्यापार वार्ता

भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते पर 10 दिसंबर से बातचीत शुरू होगी। यह बातचीत तीन दिन चलेगी। भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते के लिए इस बातचीत को अहम माना जा रहा है। दोनों पक्षों की बातचीत 12 दिसंबर तक चलेगी और अभी यह बातचीत का औपचारिक राउंड नहीं है। अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल बातचीत के लिए दिल्ली आएगा और उसका नेतृत्व अमेरिका के व्यापार प्रतिनिधि रिक स्विट्जर करेंगे।

### भारत के साथ अच्छा बर्ताव नहीं किया


रुबिन ने कहा कि पिछले एक साल में हमने भारत के साथ जैसा बर्ताव किया है। उसके लिए अमेरिका को खुलकर माफी मांगनी चाहिए। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को माफी मांगना पसंद नहीं है, लेकिन अमेरिका के लोकतंत्रों का हित एक आदमी के अहंकार से कहीं ज्यादा महत्वपूर्ण है। चाहे वह कितना भी बड़ा क्यों न हो। रुबिन ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के भारत दौरे पर कहा कि रूस के नजरिए से, यह दौरा बहुत सकारात्मक है। भारत ने व्लादिमीर पुतिन को ऐसे सम्मान दिए हैं जो उन्हें दुनिया में कहीं और मुश्किल से मिलेंगे।

सूडान के अर्धसैनिक बलों ने किंडरगार्टन पर किया ड्रोन हमला

# 33 बच्चों समेत 50 की मौत यूनिसेफ ने की कड़ी 'निंदा'

एजेंसी ▶▶ काहिरा

सूडान के अर्धसैनिक बलों (रैपिड सपोर्ट फोर्सेज-आरएसएफ) ने दक्षिण-मध्य सूडान के दक्षिण कोर्दोफान राज्य के कलोगी शहर में एक किंडरगार्टन पर ड्रोन से हमला कर दिया। इस हमले में 50 लोगों की मौत हो गई। इनमें 33 बच्चे शामिल हैं। यह जानकारी डॉक्टरों के एक समूह ने दी। शुक्रवार देर रात जारी बयान में समूह ने बताया कि घटनास्थल पर पहुंची पैरामेडिकल टीम को दूसरे अप्रत्याशित हमले का निशाना बनाया गया। ड्रोन हमले के बाद इलाके में संचार व्यवस्था पूरी तरह ठप हो गई। इससे मौतों का सटीक आंकड़ा अभी आना बाकी है, लेकिन मरने वालों की संख्या और बढ़ने की आशंका है। गुरुवार को हुआ यह हमला आरएसएफ और सूडानी सेना के बीच दो साल से अधिक समय से चल रहे युद्ध का ताजा अध्याय है। लड़ाई अब तेल-संपन्न कोर्दोफान क्षेत्र में केंद्रित हो गई है।


हमले में तबाह किंडरगार्टन

### भड़का यूनिसेफ

बच्चों के अधिकारों के लिए काम करने वाले अंतराष्ट्रीय संगठन यूनिसेफ ने इस हमले की कड़ी निंदा की है। यूनिसेफ के सूडान प्रतिनिधि शेल्डन येट ने शुक्रवार को कहा कि स्कूल में बच्चों की हत्या करना बच्चों के अधिकारों का भयावह उल्लंघन है। बच्चों को कभी भी युद्ध की कीमत नहीं चुकानी चाहिए। उन्होंने सभी पक्षों से तत्काल ऐसे हमले रोकने और जरूरतमंदों तक मानवीय सहायता पहुंचाने के लिए सुरक्षित, बाधा-मुक्त पहुंच देने की अपील की।

'फर्जी' बैंक गारंटी मामला

# रिलायंस पावर व सहयोगी कंपनियों के खिलाफ ईडी ने दायर किया आरोपपत्र

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



कारोबारी अनिल अंबानी के समूह की कंपनी रिलायंस पावर लिमिटेड और दस अन्य के खिलाफ धनशोधन मामले में आरोपपत्र दायर किया है।

यह 68 करोड़ की कथित फर्जी बैंक गारंटी जमा कर टेंडर हासिल करने से जुड़ा मामला है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शनिवार को यह जानकारी दी। आरोपपत्र में अन्य आरोपियों में रिलायंस पावर के पूर्व मुख्य वित्तीय अधिकारी अशोक कुमार पाल, रिलायंस एनयू बीईएसएस लिमिटेड और रोसा पावर सप्लाई कंपनी लिमिटेड (दोनों रिलायंस पावर की सहायक कंपनियां), ओडिशा की एक मुखौट (शेल) कंपनी बिस्वाल ट्रेडलिंक प्राइवेट लिमिटेड, उसके प्रबंध निदेशक (एमडी) पार्थ सारथी बिस्वाल, बायोथेन केमिकल्स प्राइवेट लिमिटेड और ट्रेड फाइनेंसिंग कंसल्टेंट अमरनाथ दत्ता का नाम शामिल है। कुछ अन्य आरोपियों में रविंदर पाल सिंह चड्ढा, मनोज भाई पोंगडे और पुनीत नरेंद्र गर्ग भी शामिल हैं।

एआई के 'गॉडफादर' की चेतावनी

# नौकरियां होंगी खत्म, अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा बुरा असर, कई संभावित खतरे

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के 'गॉडफादर' कहे जाने वाले जेफ्री हिंटन ने एक बड़ी और गंभीर चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि टेक दुनिया के सबसे ताकतवर अरबपति ऐसे रफ्तार से एआई आगे बढ़ा रहे हैं, जो अर्थव्यवस्थाओं को हिला सकती है, करोड़ों नौकरियां खत्म कर सकती है और ऐसी ताकतें पैदा कर सकती है जिन्हें इंसान शायद नियंत्रित ही न कर पाए। वॉशिंगटन के जॉर्जटाउन यूनिवर्सिटी में अमेरिकी सीनेटर बर्नी सैंडर्स के साथ बातचीत में हिंटन ने कहा कि एलन मस्क, मार्क जुकरबर्ग, लैरी एलिसन और जेफ बेजोस जैसी बड़ी हस्तियां बिना जोखिम समझे एआई और रोबोटिक्स पर अरबों डॉलर खर्च कर रही हैं। हिंटन के मुताबिक, ये कंपनियां इतनी तेजी से ऑटोमेशन बढ़ा रही हैं कि आगे चलकर सिस्टम खुद उनके खिलाफ हो सकता है।


एआई के 'गॉडफादर' जेफ्री हिंटन

### डीपफेक और चुनावों का संकट

हिंटन ने कहा कि एआई जल्द ही ऐसे वीडियो और ऑडियो बना देगा जिन्हें असली और नकली में पहचानना नामुमकिन होगा। इससे चुनावी प्रक्रिया और जनता का भरोसा टूट सकता है। उन्होंने बताया कि फेक को पकड़ने वाली एआई हमेशा पीछे रह जाएगी, इसलिए समाधान सिर्फ 'डिजिटल सिग्नेचर' जैसे सिस्टम हैं, जो असली वीडियो की पहचान तय कर सकें।

क्वाड देशों के आतंकवाद रोधी कार्य समूह का फैसला

# आतंकी खतरों से मुक्त हो हिंद प्रशांत क्षेत्र, सूचनाएं करें साझा


क्वाड देशों के झंडे

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

ऑस्ट्रेलिया, भारत, जापान और अमेरिका देशों के समूह 'क्वाड' के आतंकवाद रोधी संयुक्त कार्य समूह की तीसरी बैठक हुई। जिसमें सभी ने एकजुटता के साथ आतंकवाद और उसके विभिन्न रूपों, प्रकारों और अभिव्यक्तियों की कड़ी शब्दों में निंदा करते हुए बहुपक्षीय मंचों पर सहयोग को मजबूत बनाने पर जोर दिया है। आतंकवादियों, आतंकी संगठनों और उनके तमाम तरह के छद्म संगठनों के संबंध में जरूरी सूचनाओं को लगातार साझा करने की प्रतिबद्धता को भी दोहराया।

चारों समूह देशों के प्रतिनिधियों ने भारत के पहलगाम और 10 नवंबर को राष्ट्रीय राजधानी में लाल किले के पास हुए आतंकी हमले की सख्त लहजे में निंदा की। यह आह्वान किया कि इन हमलों के सभी दोषियों, प्रायोजकों और वित्तीय मददगारों को न्याय के कटघरे में खड़ा किया जाना चाहिए।


## राष्ट्रपति पुतिन की मेहमाननवाजी में भारत ने नहीं छोड़ी कोई कसर

पुतिन ने खाई कश्मीरी अखरोट की चटनी

# पीएम मोदी ने चांदी का घोड़ा सहित भेंट किए खास 6 गिफ्ट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

हाल की दो दिवसीय भारत दौरे पर आए राष्ट्रपति पुतिन की मेहमाननवाजी में भारत ने कोई कसर नहीं छोड़ी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में 5 दिसंबर को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के सम्मान में भव्य स्टेट डिनर का आयोजन किया था। डिनर की शुरुआत दक्षिण भारतीय मुरुंगेकाई चारू (रसम) सूप से हुई। इसके बाद स्टार्टर में कश्मीरी गुछी दून चेटिन (कश्मीरी अखरोट की चटनी के साथ भरे हुए मशरूम), काले चने के शिकमपुरी कबाब और वेज झोल मोमोज परोसे गए। मेन कोर्स में पुतिन को वेज थाली परोसी गई, जिसमें जाफरानी पनीर रोल, पालक-मेथी-मटर साग के साथ कई किस्म की रोटियां शामिल थी। मीठे में हलवा, कुल्फी और संदेश सर्व किए गए।


पीएम मोदी ने रूसी भाषा में ट्रांसलेट की गई श्रीमद् भगवद् गीता भी पुतिन को गिफ्ट की।

### मुर्शिदाबाद सिल्वर टी सेट



नक्काशियों वाला सिल्वर सेट पश्चिम बंगाल की कला और चाय की सांस्कृतिक महत्ता को दर्शाता है। भारत और रूस दोनों में चाय प्रेम, संबंध और साझा कहानियों का प्रतीक है। यह सेट भारत-रूस मित्रता और चाय की परंपरा का उत्सव मनाने के लिए दिया गया।

### सिल्वर हॉर्स



महाराष्ट्र में हस्तशिल्प से तैयार किया गया यह चांदी का घोड़ा खास डिजाइनों के साथ बना है। यह भारत की धातु कला की परंपरा को दर्शाता है। यह घोड़ा सम्मान और साहस का प्रतीक है, जो भारतीय और रूसी संस्कृति में समान रूप से महत्व रखता है।

### कश्मीरी केसर

कश्मीर में उगाया जाने वाला यह केसर, स्थानीय रूप से कंग या जाफरान के नाम से जाना जाता है। यह जीआई और ओडीओपी के तहत संरक्षित है।

### असम ब्लैक टी

ब्रह्मपुत्र की उपजाऊ घाटियों में उगाई गई यह चाय अपने मजबूत माल्टी फ्लेवर, चमकदार रंग और पारंपरिक असमिका प्रोसेसिंग के लिए जानी जाती है।

### मार्बल चेस सेट

आगरा में तैयार मार्बल चेस सेट में नक्काशी वाले मोती, विभिन्न रंगों के पत्थर के प्यादे और फूलों की डिजाइन वाला चेकर बोर्ड है।

## विशाखापत्तनम वनडे : जायसवाल का शतक रो-को की फिफ्टी, द.अफ्रीका को 9 विकेट से रौंदा

# टीम इंडिया ने दिखाया दम, 61 गेंदों के शेष रहते जीता आखिरी वनडे, सीरीज की अपने नाम

एजेंसी ▶▶| विशाखापत्तनम

भारत ने तीसरे वनडे मैच में दक्षिण अफ्रीका को 9 विकेट से हरा दिया। यशस्वी जायसवाल ने अपने करियर का पहला शतक लगाया, वहीं रोहित शर्मा और विराट कोहली ने भी फिफ्टी लगाई। इस मैच को जीतकर भारतीय टीम ने सीरीज पर 2-1 से कब्जा जमा लिया है। विशाखापट्टनम में खेले गए मैच में दक्षिण अफ्रीकी टीम 270 रनों पर सिमट गई थी। जवाब में टीम इंडिया ने 61 गेंद रहते 9 विकेट से यह मैच जीत लिया।

271 रनों के लक्ष्य का पीछा करने आई टीम इंडिया को रोहित शर्मा और यशस्वी जायसवाल ने शानदार शुरुआत दिलाई। सीरीज के पिछले 2 मैचों में जायसवाल सिर्फ 40 रन बना पाए थे। दबाव में रहकर उन्होंने 75 गेंदों में अपने पचास रन पूरे किए। उन्होंने रोहित शर्मा के साथ 155 रन की सलामी साझेदारी की। जायसवाल इस मैच में 121 गेंद में 116 रन बनाकर नाबाद लौटे। इस पारी में उन्होंने 12 चौके और 2 छक्के लगाए। जायसवाल अब ऐसे छठे भारतीय बल्लेबाज भी बन गए हैं, जिन्होंने तीनों फॉर्मेट में शतक लगाया है।






### रोहित ने पूरे किए 20 हजार रन

इंटरनेशनल क्रिकेट में रोहित ने अब 20 हजार रन पूरे कर लिए हैं। रोहित अब भारत के चौथे बल्लेबाज बन गए हैं, जिन्होंने ये मुकाम छुआ। उनसे पहले सचिन तेंदुलकर, विराट कोहली और राहुल द्रविड़ ही ये कर पाए थे। पूरी दुनिया में सिर्फ 14 खिलाड़ी ही अब तक 20 हजार अंतरराष्ट्रीय रन बना सके हैं। रोहित के ज्यादातर रन वनडे और टी20 में आए हैं। वनडे में 11 हजार से ज्यादा और टी20 इंटरनेशनल में 4 हजार से ऊपर रन हैं। टी20 में तो वो भारत के सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। रोहित ने 159 मैचों में 4231 रन बनाए हैं।

### खास भारतीय क्लब का हिस्सा बने जायसवाल

यशस्वी जायसवाल इस शतक के साथ अब टी20 इंटरनेशनल, टेस्ट क्रिकेट और वनडे इंटरनेशनल तीनों फॉर्मेट में कम से कम एक या उससे ज्यादा शतक लगा चुके हैं। वह ऐसा करने वाले छठे भारतीय बने। उनसे पहले सुरेश रैना, केएल राहुल, विराट कोहली, रोहित शर्मा और शुभमन गिल ने ऐसा किया था। अपनी पहली वनडे सेंचुरी के साथ यशस्वी इस खास भारतीय क्लब का हिस्सा बने।

### स्कोर बोर्ड

| दक्षिण अफ्रीका पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| डिकॉक बो कृष्णा | 106 | 89 | 8 | 6 |
| रिकलटन का राहुल बो अर्शदीप | 00 | 4 | 0 | 0 |
| बावुमा का कोहली बो जडेजा | 48 | 67 | 5 | 0 |
| ब्रीट्जके पगबाधा कृष्णा | 24 | 23 | 0 | 2 |
| मारक्रम का कोहली बो कृष्णा | 01 | 3 | 0 | 0 |
| ब्रेविस का रोहित बो कुलदीप | 29 | 29 | 2 | 1 |
| यानसेन का जडेजा बो कुलदीप | 17 | 15 | 2 | 0 |
| बोश का एवं बो कुलदीप | 09 | 12 | 0 | 0 |
| महाराज नाबाद | 20 | 29 | 2 | 0 |
| एनगिडी पगबाधा कुलदीप | 01 | 10 | 0 | 0 |
| बार्टमैन बो कृष्णा | 03 | 7 | 0 | 0 |

अतिरिक्त: 12, कुल योग: 47.5 ओवर में 270/10 रन
गेंदबाजी: अर्शदीप 8-1-36-1, हर्षित 8-2-44-0, कृष्णा 9.5-0-66-4, जडेजा 9-0-50-1, कुलदीप 10-1-41-4, तिलक 3-0-29-0

| भारत | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| जायसवाल नाबाद | 116 | 121 | 12 | 2 |
| रोहित शर्मा का ब्रीट्जके बो महाराज | 75 | 73 | 7 | 3 |
| विराट कोहली नाबाद | 65 | 45 | 6 | 3 |

अतिरिक्त: 15, कुल योग : 39.5 ओवर में 271/1 रन
गेंदबाजी: यानसन 8-1-39-0, एनगिडी 6.5-0-56-0, महाराज 10-0-44-1, बार्टमैन 7-0-60-0, बोश6-0-53-0, मारक्रम 2-0-17-0

## गिल की वापसी, द.अफ्रीका के खिलाफ खेलेंगे टी20



एजेंसी ▶▶| कटक

भारत की टी20 टीम के उपकप्तान शुभमन गिल को भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) की खेल विज्ञान टीम ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में खेलने की मंजूरी दे दी है। गिल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ कोलकाता में खेले गए पहले टेस्ट मैच के दौरान चोटिल हो गए थे। तब उनकी गर्दन में अकड़न आ गई थी लेकिन अब उन्होंने सफलतापूर्वक रिहैबिलिटेशन पूरा कर लिया है। गिल को फिटनेस के आधार पर टीम में चुना गया था और उन्हें खेल में वापसी (आरटीपी) के लिए रिहैबिलिटेशन से जुड़े सारे प्रोटोकॉल से गुजरना पड़ा। सीओई की ओर से टीम प्रबंधन की खेल विज्ञान एवं चिकित्सा (एसएसएम) टीम को भेजे गए पत्र में कहा गया है, 'शुभमन गिल ने सीओई में अपना रिहैबिलिटेशन सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। उन्होंने खेल के सभी प्रारुपों के लिए फिट घोषित होने के लिए आवश्यक मानदंडों को पूरा कर लिया है।'' इस टीम में फिजियो कमलेश जैन, स्ट्रेंथ एवं कंडीशनिंग कोच एड्रियन ली रॉ और खेल चिकित्सक डॉ. चार्ल्स शामिल हैं।

## सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी



### अभिषेक ने 182 की स्ट्राइक रेट से 34 गेंदों पर बनाए 62 रन

**नई दिल्ली।** पंजाब क्रिकेट टीम के कप्तान व भारतीय टी20 टीम के ओपनर बल्लेबाज सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी टूर्नामेंट में जोरदार प्रदर्शन कर रहे हैं। इस सीजन में सर्विसेज के खिलाफ लीग मैच में उन्होंने फिर से जोरदार बैटिंग की और जमकर रन बनाए। इस मैच में सर्विसेज ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया था। इस मैच में अभिषेक ने प्रभसिमरन सिंह के साथ मिलकर पारी की शुरुआत की और पहले विकेट के लिए इन दोनों के बीच 106 रन की तगड़ी साझेदारी हुई। इसके बाद प्रभिसिमरन सिंह 28 गेंदों पर 50 रन बनाकर आउट हो गए। हालांकि कुछ देर के बाद ही अभिषेक का भी विकेट गिर गया, लेकिन उन्होंने 34 गेंदों पर 62 रन बनाए। अभिषेक ने अपनी पारी के दौरान 3 छक्के और 8 चौके लगाए जबकि उनका स्ट्राइक रेट 182.35 का रहा।

### गोवा ने जम्मू-कश्मीर को हराया

**कोलकाता।** कप्तान सुयश प्रभुदेसाई की 28 गेंदों में 51 रन की नाबाद तूफानी पारी की बदौलत गोवा ने सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी के ग्रुप बी मुकाबले में जम्मू-कश्मीर को सात विकेट से करारी शिकस्त दी। गोवा की जीत में कश्यप बखाले ने 44 गेंदों पर आठ चौकों और एक छक्के की मदद से शानदार 59 रन बना कर अहम भूमिका निभाई टीम ने जम्मू-कश्मीर के निर्धारित 161 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 19 ओवर में तीन विकेट खोकर 167 रन बनाए। गोवा के लिए शुभम तारी सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने चार ओवर में 30 रन देकर तीन विकेट लिए। ईडन गार्डन्स में खेले गये मैच में जम्मू-कश्मीर के बल्लेबाजों में यावर हसन (48) और कप्तान शुभम खजूरिया (45) ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। आखिरी ओवरों में अब्दुल समद ने नौ गेंदों पर दो चौकों और इतने ही छक्कों के साथ 22 रन की आतिशी पारी खेली।

### मुंबई ने ग्रुप ए से सुपर लीग में की अपनी जगह पक्की



**लखनऊ।** सितारों से सजी मुंबई की टीम ने पिछले दौर में केरल से मिली हार को पीछे छोड़ते हुए सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी के ग्रुप ए मैच में छत्तीसगढ़ को आठ विकेट से हराकर सुपर लीग में अपनी जगह पक्की की। मुंबई की इस जीत में कप्तान शारदुल ठाकुर (19 रन पर तीन विकेट) ने गेंद से शानदार प्रदर्शन किया जबकि युवा बल्लेबाज आयुष म्हात्रे (39 गेंदों पर नाबाद 69 रन) ने अर्धशतक जड़कर टीम को जीत दिलाई। मुंबई ने छत्तीसगढ़ को 19.4 ओवर में 121 रन पर आउट करने के बाद 15.5 ओवर में दो विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। ग्रुप चरण में अब सिर्फ एक और दौर का खेल बाकी है। इस जीत के साथ गत विजेता मुंबई और आंध्र ने एक समान छह मैचों में पांच जीत से 20 अंक के साथ टूर्नामेंट के अगले चरण के लिए अपनी जगह पक्की कर ली है। म्हात्रे और भारत के अनुभवी बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे (28 गेंदों पर 40 रन) ने 82 रन की शानदार साझेदारी कर मुंबई की आसान जीत की नींव रखी।

### हैदराबाद ने बिहार को रौंदा

जादवपुर विश्वविद्यालय मैदान पर खेले गए एक अन्य मुकाबले में बिहार को हैदराबाद के हाथों सात विकेट से करारी हार का सामना करना पड़ा। इस कम स्कोर वाले मैच को हैदराबाद ने 8.3 ओवर शेष रहते हुए जीत दर्ज की। शानदार लय में चल रहे बिहार के किशोर बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी 11 गेंद में 11 रन का ही योगदान दे सके। टीम के लिए पीयूष सिंह ने चार चौकों की मदद से 34 रन बनाए, जबकि बिपिन सौरभ ने आखिरी ओवरों में तीन छक्के लगाकर 31 रन की नाबाद पारी खेल बिहार को आठ विकेट पर 132 रन तक पहुंचाया।

## जस्टिन का दोहरा शतक वेस्टइंडीज ने न्यूजीलैंड के जबड़े से छीनी जीत, मैच ड्रा

एजेंसी ▶▶| क्राइस्टचर्च

जस्टिन ग्रीव्स ने अपने कौशल और धैर्य का शानदार नमूना पेश करते हुए नाबाद 202 रन बनाए और केमार रोच के सातवें विकेट के लिए 180 रन की अटूट साझेदारी की, जिससे वेस्टइंडीज ने न्यूजीलैंड के कमजोर आक्रमण की चुनौती को ध्वस्त करते हुए पहला टेस्ट ड्रॉ करा दिया।

न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज के सामने 531 रन का मुश्किल लक्ष्य रखा था। वेस्टइंडीज ने अपनी दूसरी पारी में छह विकेट पर 457 रन का स्कोर बनाया, जो टेस्ट क्रिकेट के पांच तक सीमित होने के बाद चौथी पारी में सर्वोच्च स्कोर है। ओवरऑल यह चौथी पारी का दूसरा सर्वश्रेष्ठ स्कोर है। वेस्टइंडीज एक समय टेस्ट इतिहास में सबसे बड़ा लक्ष्य हासिल करने की तरफ बढ़ रहा था लेकिन मैच ड्रॉ कराकर भी उसने शानदार उपलब्धि हासिल की।



### ग्रीव्स ने 9 घंटे 30 मिनट में लगाया दोहरा शतक

अपने टेस्ट करियर में पहली बार दोहरा शतक लगाने वाले ग्रीव्स ने लगभग नौ घंटे 30 मिनट तक बल्लेबाजी की। उन्होंने शाई होप (140) के साथ 196 रन की साझेदारी वेस्टइंडीज को चार विकेट पर 72 रन के स्कोर से उबारा। होप मैच के पांचवें और अंतिम दिन आउट होने वाले वेस्टइंडीज के दो बल्लेबाजों में से एक रहे। रोच ने अपने बल्लेबाजी कौशल का शानदार प्रदर्शन करते हुए नाबाद 58 रन बनाए, जो उनके करियर का सर्वोच्च स्कोर है। उन्होंने 233 गेंद का सामना किया। ग्रीव्स ने 388 गेंद का सामना करके 19 चौके लगाए। वह किसी टेस्ट मैच की चौथी पारी में दोहरा शतक लगाने वाले वेस्टइंडीज के चौथे और ओवरऑल सातवें बल्लेबाज बन गए हैं। ग्रीव्स ने मैच के बाद कहा, 'मेरा आखिर तक टिके रहना वास्तव में बहुत महत्वपूर्ण था। यह मेरे लिए और टीम के लिए एक विशेष दिन है। हम काफ़ी मुश्किल दौर से गुज़र रहे थे।'



### निशानेबाजी विश्व कप में पदक से चूके रुद्रांक्ष, बबूता

**दोहा।** भारत के पूर्व विश्व चैंपियन रुद्रांक्ष पाटिल और पेरिस ओलंपिक फाइनल तक पहुंचे अर्जुन बबूता सत्र के आखिरी आईएसएसएफ विश्व कप फाइनल में पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में पदक जीतने से चूककर क्रमशः चौथे और छठे स्थान पर रहे। इलावेनिल वलारिवन भी महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में पिछड़ गईं। वह क्वालिफिकेशन दौर में नौवें स्थान पर रहीं और आठ निशानेबाजों के फाइनल में जगह नहीं बना पाईं। 2022 के विश्व चैंपियन रुद्रांक्ष ने इस सत्र में ब्यूनस आयर्स में विश्व कप में स्वर्ण पदक जीतकर अच्छा प्रदर्शन किया था। वह 631.9 के स्कोर के साथ क्वालिफिकेशन दौर में चौथे स्थान पर रहकर फाइनल में पहुंचे।

## डेजर्ट वाइपर्स ने अबूधाबी नाइट राइडर्स को दो विकेट से हराया



एजेंसी ▶▶| शारजाह

डेजर्ट वाइपर्स ने शारजाह क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए आईएलटी20 क्रिकेट टूर्नामेंट के मैच में अबूधाबी नाइट राइडर्स पर दो विकेट से रोमांचक जीत हासिल की।

नाइट राइडर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 171 रन बनाए। उसकी तरफ से एलेक्स हेल्स ने 37 गेंदों पर तीन छक्कों और चार चौकों की मदद से 53 रन की पारी खेली। इनके अलावा आंद्रे रसेल ने 23 गेंद पर नाबाद 36 रन का योगदान दिया। वाइपर्स ने 19.3 ओवर में आठ विकेट पर 175 रन बनाकर जीत हासिल की। उसकी तरफ से शिमरोन हेटमायर ने 25 गेंदों में 48 रन की शानदार पारी खेली जबकि खुजैमा तनवीर ने डेथ ओवरों में सिर्फ 12 गेंदों में 31 रन बनाकर अपनी टीम को जीत दिलाई।

## ब्रिस्बेन टेस्टः दूसरी पारी में इंग्लैंड की बल्लेबाजी फ्लॉप, ऑस्ट्रेलिया की मैच में पकड़ मजबूत

एजेंसी ▶▶| ब्रिस्बेन

ऑस्ट्रेलिया ने गाबा में जारी एशेज सीरीज के दूसरे मुकाबले में अपनी पकड़ बना ली है। मुकाबले के तीसरे दिन की समाप्ति तक इंग्लैंड की टीम अपनी दूसरी पारी महज 134 रन तक 6 विकेट गंवा चुकी है। मुकाबले में अभी भी ऑस्ट्रेलिया के पास 43 रन की बढ़त शेष है। पिंक बॉल टेस्ट में टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड की टीम पहली पारी में 334 रन पर सिमट गई।

मेहमान टीम महज 5 रन तक अपने 2 विकेट गंवा चुकी थी। यहां से जैक क्रॉली ने जो रूट के साथ तीसरे विकेट के लिए 117 रन जोड़ते हुए टीम को संभाला। इंग्लैंड की तरफ से इस पारी में जो रूट ने 206 गेंदों में 1 छक्के और 15 चौकों के साथ 138 रन की नाबाद पारी खेली। उनके अलावा, जैक क्रॉली ने 76 रन बनाए। जोफ्रा आर्चर ने इस पारी में 38 रन का योगदान दिया। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से मिचेल स्टार्क ने 6 विकेट हासिल किए। इसके जवाब में ऑस्ट्रेलियाई टीम ने अपनी पहली पारी में 511 रन बना दिए। इस इनिंग में मिचेल स्टार्क ने सर्वाधिक 77 रन बनाए, जबकि जैक वेदरलैंड ने 72 रन का योगदान दिया। मार्नस लाबुशेन ने 65 रन, एलेक्स कैरी ने 63 रन, जबकि कप्तान स्टीव स्मिथ ने 61 रन बनाए।



## भारत को गलतियों से सबक लेकर जर्मनी के खिलाफ उतरना होगा

- जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप : सात बार की चैंपियन जर्मनी के खिलाफ आज मुकाबला



**चेन्नई।** बेल्जियम को शूटआउट में हराकर जूनियर हॉकी विश्व कप सेमीफाइनल में पहुंची भारतीय टीम को मौजूदा और 7 बार की चैंपियन जर्मनी के खिलाफ रविवार को होने वाले मुकाबले में पिछली गलतियों से सबक लेकर उतरना होगा। मेयर राधाकृष्णन स्टेडियम पर शुक्रवार को खेले गए क्वार्टर फाइनल में 45 मिनट तक एक गोल से पिछड़ने के बाद भारत ने तीन मिनट में दो गोल करके बढ़त बना ली थी लेकिन 59वें मिनट में बेल्जियम ने गोल करके मैच को शूटआउट में खींच दिया, जिसमे गोल कीपर प्रिंस दीप सिंह के उम्दा प्रदर्शन से मेजबान टीम ने 4-3 से जीत दर्ज की ।

### खिताब से दो जीत दूर भारत

श्रीजेश ने मैच के बाद कहा ,' नॉकआउट मैचों में इस तरह की गलतियां नहीं कर सकते । सबसे पहले तो गोल करने के मौके बर्बाद करने से बचना होगा और आखिरी क्षणों में गोल गंवाने की गलती से पार पाना होगा । हम खिताब से दो जीत दूर हैं और खिलाड़ियों को बखूबी पता है कि यह खिताब जीतना उनके लिए कितना जरूरी है ।'' पिछली बार 2023 में कुआलालम्पुर में हुए जूनियर विश्व कप में जर्मनी के खिलाफ ही सेमीफाइनल में भारत को 1-4 से पराजय झेलनी पड़ी थी जब वह दर्जन भर पेनल्टी कॉर्नर में से एक पर भी गोल नहीं हो सका था । दूसरी ओर जर्मनी ने दोनों पेनल्टी कॉर्नर तब्दील किये थे।

## 15 जनवरी से पीडब्ल्यूएल
### 300 खिलाड़ियों ने कराया पंजीकरण

PRO WRESTLING LEAGUE

**नई दिल्ली।** प्रो कुश्ती लीग (पीडब्ल्यूएल) अगले साल 15 जनवरी से शुरू होगी और एक फरवरी तक चलेगी। इसके सभी मैच नोएडा इंडोर स्टेडियम में होंगे। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने यह घोषणा की। आयोजकों ने पहले घोषणा की थी कि लीग के लिए दिल्ली एकमात्र स्थल होगा। इस लीग को कोविड-19 महामारी के कारण चार सत्रों के बाद निलंबित कर दिया गया था। डब्ल्यूएफआई के अध्यक्ष संजय सिंह के अनुसार 20 से अधिक देशों के 300 से अधिक पहलवानों ने नीलामी के लिए पंजीकरण कराया है। इन खिलाड़ियों में ओलंपिक पदक विजेता, विश्व चैंपियनशिप के फाइनलिस्ट और भारत के शीर्ष पहलवान शामिल हैं। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी छह टीमों में चार महिला पहलवानों सहित नौ पहलवान शामिल होंगे। सभी टीमों में पांच भारतीय और चार विदेशी पहलवान हो सकते हैं।

### सुपर कप फाइनल में भिड़ेंगे ईस्ट बंगाल और एफसी गोवा

**मडगांव।** कोलकाता की दिग्गज टीम ईस्ट बंगाल एफसी और मौजूदा चैंपियन एफसी गोवा सुपर कप फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में रविवार को एक-दूसरे के सामने होंगी तो यह मुकाबला केवल ट्रॉफी के लिए नहीं है बल्कि एएफसी चैंपियंस लीग 2 के शुरुआती चरण में सीधे प्रवेश के लिए भी होगा। फतोर्दा के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में खेले जाने वाले खिताबी मुकाबले में दोनों टीमें जीत के साथ इतिहास रचने की कोशिश करेंगी।


## अगले साल 11 जून से शुरू होने वाले फुटबॉल विश्व कप में होंगे रिकॉर्ड 104 मैच

# खिताब बचाने के अभियान की शुरुआत करेगा अर्जेंटीना

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

मौजूदा चैंपियन अर्जेंटीना 2026 में अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में होने वाले फुटबॉल विश्व कप में अपने खिताब बचाने के अभियान की शुरुआत अल्जीरिया के खिलाफ करेगा, जिसमें सभी की निगाहें स्टार स्ट्राइकर लियोनेल मेस्सी पर टिकी रहेंगी, जो रिकॉर्ड छठी बार इस टूर्नामेंट में खेलेंगे।

विश्व कप 2026 के क्वालीफाइंग मुकाबले 27 महीने पहले शुरू हो गए थे। इस टूर्नामेंट में पांच बार के चैंपियन ब्राजील से लेकर पदार्पण करने वाले केप वर्डे, कुराकाओ, जॉर्डन और उज्बेकिस्तान सहित 48 देशों की टीम अपना कौशल दिखाएंगी। अगले साल 11 जून से शुरू होने वाले इस टूर्नामेंट में रिकॉर्ड 104 मैच होंगे। लगभग डेढ़ लाख की आबादी वाला कुराकाओ जनसंख्या के लिहाज से विश्व कप में जगह बनाने वाला सबसे छोटा देश बन गया है। उसका पहला मुकाबला चार बार के चैंपियन जर्मनी से होगा।



### 16 जून को अर्जेंटीना का पहला मैच

तीन बार की चैंपियन अर्जेंटीना का पहला मैच 16 जून को मिसौरी के कैनसस सिटी या कैलिफ़ोर्निया के सांता क्लारा में होगा। इसके बाद ग्रुप जे में उसका सामना ऑस्ट्रिया और जॉर्डन से होगा। टूर्नामेंट के दौरान 39 वर्ष के हो जाने वाले मेस्सी ने अभी तक इस टूर्नामेंट में खेलने की प्रतिबद्धता नहीं जताई है, लेकिन यदि वह रिकॉर्ड छठे विश्व कप में खेलने से इनकार कर देते हैं तो यह चौंकाने वाली बात होगी।

### अमेरिकी टीम भिड़ेगी ऑस्ट्रेलिया से

अमेरिकी टीम सिएटल में ऑस्ट्रेलिया से और फिर 25 जून को सोफी स्टेडियम में तुर्की, रोमानिया, स्लोवाकिया या कोसोवो से भिड़ेगी। इन टीम में से कोई एक टीम अगले साल होने वाले प्लेऑफ से विश्व कप में जगह बनाएगी। मैक्सिको 11 जून को मैक्सिको सिटी में ग्रुप ए में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टूर्नामेंट का पहला मैच खेलेगा।

### अमेरिकी धरती पर एक मैच खेलेगा ईरान

**जिनेवा।** ईरान अगले साल होने वाले फुटबॉल विश्व कप में कम से कम एक मैच अमेरिका में खेलेगा, हालांकि टूर्नामेंट के ड्रॉ के बाद यह सुनिश्चित हो गया कि इन दोनों भूराजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों के बीच ग्रुप चरण में कोई मुकाबला नहीं होगा। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन ने ईरान के नागरिकों पर वीजा प्रतिबंध लगाए हैं। ईरान की टीम 15 जून को कैलिफोर्निया के सिएटल या इंगलवुड में न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने विश्व कप अभियान की शुरुआत करेगी। ईरान के अगले दो मैच कनाडा के वैंकूवर या इंगलवुड और सिएटल में खेले जा सकते हैं। फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फीफा खेलों के विस्तृत कार्यक्रम की पुष्टि करेगा।




### सांवरी सुरतिया हाथ में बसुरिया की प्रस्तुति ने बांधा समां, जमकर थिरके लोग

# एक जनवरी तक रहेगा प्रदेश के सबसे बड़े भोजपाल महोत्सव मेले का रोमांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भेल दशहरा मैदान पर चल रहा भोजपाल महोत्सव मेला का मंच लगातार सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से गुलजार हो रहा है। देश भर के विभिन्न प्रदेशों से आए कलाकार लोक नृत्यों की प्रस्तुति दे रहे हैं।

शनिवार को प्रसिद्ध भजन गायक अमित धुर्वे ने भगवान गणेश की स्तुति से भजनों की शुरुआत की इसके बाद एक से बढकर एक सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी। शाम 7.30 बजे मुख्य अतिथि अश्वनी परांजपे, महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष भाजपा, मेला अध्यक्ष सुनील यादव, संजोयक विकास वीरानी, महामंत्री हरीश कुमार राम, उपाध्यक्ष वीरेंद्र तिवारी, महेंद्र नामदेव, अखिलेश नगर सहित मेला टीम ने गणेश वंदना कर दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। भोजपाल महोत्सव मेला के सांस्कृतिक मंच पर शनिवार को भजन गायक अमित धुर्वे ने अपने भजनों की प्रस्तुति दी। मैं तो हवा हूं किस


भोजपाल मेले में प्रस्तुति देते अमित धुर्वे।

तरह पहरे लगाओगे महसूस ही करोगे मुझे छू ना पाओगे जैसी सुमधुर भजनों से मेला मंच को गुलजार कर दिया। इसके बाद उन्होंने सांवरी सुरतिया हाथ में बसुरिया, बड़ा प्यारा लगे संसार, जैसे मंदिर दीपक बिन सूना, जय शंकर चंद्रभाल, चारों युगों में पूजे जाए, रुद्र अंश जो शिव का पाए जैसी सुमधुर भजनों की प्रस्तुति से लोगों को थिरकने पर मजबूर कर दिया।

#### कुमार सत्यम तुम्हारी दौलत नई-नई है की प्रस्तुति आज

*तुम्हारी दौलत नई नई है, हम तेरे शहर में आए हैं मुसाफिर की तरह, आज फिर दिल ने एक तमन्ना की, चांदी जैसा रंग है तेरा, जैसी गीत गायक कुमार सत्यम रविवार को भोजपाल महोत्सव मेला मंच पर अपनी प्रस्तुति देंगे।*

#### मेले में मिल रही विभिन्न वैरायटी

*महामंत्री हरीश कुमार राम ने बताया कि मेले में हस्त निर्मित स्वदेशी मिट्टी के बर्तन और खिलौनों के साथ ही बनारस की साड़ी, सहारनपुर का वुडन, कश्मीर के ऊलन, भदोंही का कारपेट, राजस्थान की मेलामाइन क्रॉकरी, ग्वालियर की गजक की विभिन्न वैरायटी मिल रही है। 100 से ज्यादा खान- पान के स्टाल के साथ ही विभिन्न आयटमों की करीब 400 दुकानें हैं, जहां लोग जमकर खरीदारी कर रहे हैं। मेला टीम के सदस्यों में विनय कुमार, मो. जाहिद खान, सुनील शाह, मधु भवनानी, केश कुमार, चंदन वर्मा, दीपक शर्मा, गोपाल शर्मा, भूपेंद्र सिंह, मो. रेहान खान, दीपक बैरागी, देवेंद्र चौकसे, सुनील वैष्णव, गौरव जैन, संदीप सहित मेला समिति से जुड़े अन्य लोग शामिल हैं।*

### मैगी खाने आए डेस्कालर छात्रों पर किया था हमला

## कैंटीन में हमला: आधा दर्जन हॉस्टलर छात्रों के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हमीदिया अस्पताल परिसर स्थित अमृत कैंटीन में मैगी खाने आए जीएमसी के जूनियर छात्रों पर सीनियर छात्रों ने हमला कर लहूलुहान कर दिया। जिन छात्रों पर हमला किया गया, वो डेस्कालर हैं जबकि हमला करने वाले छात्र हॉस्टलर हैं। लोहे की रॉड से सिर पर वार करने से दो जूनियर छात्र गंभीर रूप से घायल हुए हैं। उनका हमीदिया अस्पताल में इलाज चल रहा है।

कोहेफिजा पुलिस ने आधा दर्जन हॉस्टलर छात्रों के खिलाफ मारपीट का नामजद प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार मीनाक्षी रीजेंसी ईदगाह हिल्स निवासी पारस मरैया पिता मोहन सिंह मरैया (22) मूलरूप से मुरार ग्वालियर का रहने वाला है और गांधी मेडिकल कॉलेज भोपाल में द्वितीय वर्ष का छात्र है। वह डेस्कालर है। विगत चार दिसंबर की रात सवा एक बजे वह अपने सीनियर युगीन चौधरी और बैचमेंट निधि तोमर के साथ हास्पिटल कैम्पस स्थित सुधा अमृत कैंटीन में मैगी खाने के लिए आया था। युगीन और निधि भी डेस्कालर हैं।



फाइल फोटो।

#### कैंटी में आकर करने लगे गाली-गलौज

*कैंटीन में पारस के बैच के पुष्पेन्द्र सिंह केन पहले से मौजूद था। पुष्पेन्द्र हॉस्टलर है। उसने फोन करके कुछ लोगों को बुलाया और बताया कि कुछ डेस्कालर देर रात कैंटीन में आए हैं। तब बैचमेट अजय ब्राहमने, शिवम महावर और सीनियर बैच के देव, विवेक मालवीय आए और अमन भी लोहे की रॉड लेकर आया। सभी लोग पारस मरैया और उसके साथ आए लोगों से गाली-गलौज करने लगे। पारस ने गाली देने से मना किया तो सभी लोगों ने मिलकर हाथ-मुक्कों से मारपीट शुरू कर दी। अमन ने लोहे की रॉड से पारस के सिर पर हमला कर दिया। इससे उसका सिर फट गया। सीनियर युगीन चौधरी बचाने आया तो अमन ने युगीन के सिर भी रॉड से वार कर दिया। उसके सिर से भी खून बहने लगा।*

### वारदात के बाद महिला ने किया आरोपी को पकड़ने का प्रयास, गिरने से आई चोट

## आरआरएल अंडर ब्रिज पर सीमेंट व्यापारी की पत्नी से चेन झपटकर भागा बाइक सवार

जागरुक बाइक सवार ने भी किया आरोपी को पकड़ने का प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बागसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित आरआरएल तिराहा अंडर ब्रिज पर शुक्रवार दोपहर सीमेंट व्यापारी की पत्नी से बाइक सवार झपटमार ने चेन झपट ली। चेन झपटने के बाद उन्होंने शोर मचाते हुए स्कूटर से उसका पीछा किया लेकिन गिरकर घायल हो गईं।

हालांकि उन्हें मामूली चोट आई है। उनका शोर सुनकर एक बाइक सवार ने भी झपटमार का पीछा किया था, लेकिन झपटमार आरआरएल झुग्गियों की तरफ से शक्ति नगर और एम्स की तरफ भाग निकला। वह मुंह पर हरे रंग का कपड़ा बांधे हुए था। पुलिस ने सीमेंट व्यापारी की पत्नी की शिकायत पर झपटमारी का प्रकरण दर्ज कर बदमाश की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार वर्षा सहगल पति करण सहगल (35) वसंत कुंज, शाहपुरा में रहती हैं और वह गृहणी हैं। उनके पति सीमेंट व्यापारी हैं। वर्षा सहगल ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार दोपहर वह सागर पब्लिक स्कूल गई थीं। वहां बच्चों का आधार कार्ड लिंक कराया और स्कूटर से अपने घर लौट रहीं थीं। आरआरएल अंडर ब्रिज के नीचे पहुंचते ही पीछे से आए पल्सर बाइक पर सवार झपटमार ने उनके गले से सोने की चेन झपट ली। वर्षा ने शोर मचाते हुए उसका पीछा किया। आरोपी को पता था कि कुछ दूरी पर अक्सर पुलिस का चैकिंग पाइंट लगता है। लिहाजा उसने अंडर ब्रिज में दूसरी ओर बाइक डाली और आरआरएल झुग्गियों की तरफ से शक्ति नगर की तरफ भागने लगा। वर्षा का शोर सुनकर एक स्प्लेंडर बाइक से जा रहे युवक ने झपटमार का पीछा किया था।

#### वर्षा ने किया पूरा प्रयास

*वर्षा ने पुलिस को बताया कि पल्सर बाइक पर एक ही बदमाश था। वह मुंह पर हरा कपड़ा बांधे हुए था। उसे पकड़ने के प्रयास में वर्षा स्कूटर से गिर गई थीं। गनीमत रही कि उन्हें ज्यादा चोट नहीं आई है। इधर, पुलिस ने घटनास्थल से लेकर शक्ति नगर और एम्स तक लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज चेक किए। फुटेज में संदिग्ध नजर आया है। पुलिस फुटेज के आधार पर आरोपी की तलाश कर रही है।*

### तत्कालीन टीआई, उपनिरीक्षक ने एसडीएम कोर्ट में की थी प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

## महिला अधिवक्ता को अपराधी और गुंडा बताने वाले थाना प्रभारी और उपनिरीक्षक को दो लाख हर्जाना देने का आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

महिला अधिवक्ता को अपराधी और गुंडा बताकर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करने की अनुशंसा करने वाले थाना ऐशबाग के तत्कालीन थाना प्रभारी अजय नायर और उपनिरीक्षक गौरव पाण्डेय को 2 लाख रूपए का हर्जाना महिला अधिवक्ता को देने का आदेश जिला न्यायालय ने दिया है।

अधिवक्ता वीणा गौतम ने बताया कि उनके पिता सोनकच्छ देवास मप्र से विधायक रहे थे और मां शिक्षा विभाग में पूर्व सहायक सचिव रही हैं। वह स्वयं हिंदू महासभा की अध्यक्ष रहीं, भाजपा विधि प्रकोष्ठ की उपाध्यक्ष रहीं और राष्ट्रीय स्वंय सेविका संघ सहित अनेकों सामाजिक संगठनों में सक्रिय रहकर समाजसेवा करती आ रही हैं। पड़ोस में रहने वाले लोगों से मामूली विवाद होने पर उन्होंने थाना ऐशबाग में इसकी शिकायत दर्ज कराई थी। उनका आरोप है कि पुलिस ने उनके खिलाफ भी काउंटर प्रकरण दर्ज कर ऐशबाग थाने की गुंडा लिस्ट में उनका और उनके ग्रामीण पंचायत विभाग में पदस्थ कार्यालय सहायक पति का नाम दर्ज कर एसडीएम कोर्ट में उन्हें आदतन अपराधी, गुंडा और शहर में उनका खौफ बताते हुए उनके द्वारा किए गए अपराध पर लोगों द्वारा डर के कारण शिकायत नहीं किया जाना बताते हुए उनके खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की अनुशंसा करते हुए इस्तगासा प्रस्तुत किया था।

#### हर्जाना दिए जाने का आदेश दिया था

*एसडीएम नजूल शहर भोपाल के आदेश के बावजूद जब अजय नायर और गौरव पाण्डेयने वीणा गौतम को 2 लाख रूपए का हर्जाना अदा नहीं किया तो उन्होंने जिला न्यायालय में वसूली का प्रकरण प्रस्तुत किया था। व्यवहार न्यायाधीश हेमलता अहिरवार ने मामले की सुनवाई के बाद महिला अधिवक्ता को अपराधी और गुंडा बनाकर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करने की अनुशंसा करने वाले थाना ऐशबाग के तत्कालीन थाना प्रभारीअजय नायर और उपनिरीक्षक गौरव पाण्डेय को 2 लाख रूपए का हर्जाना महिला अधिवक्ता श्रीमती वीणा गौतम को देने का आदेश दिया है।*

### मोमबत्तियां जलाकर लोगों को दिया एकजुटता की संदेश

## रेड रिबन जागरुकता से गूंजा बोट क्लब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विश्व एड्स दिवस सप्ताह के तहत मध्य प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति के अंतर्गत संचालित जैथल सामाजिक सेवा संस्थान, भोपाल ने आज बोट क्लब परिसर में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आमजन में एचआईवी/एड्स की रोकथाम, जागरूकता और रेड रिबन अभियान के महत्व को समझाना था। कार्यक्रम की शुरुआत आकर्षक रेड रिबन रंगोली बनाने से


बोट क्लब पर जागरुकता कार्यक्रम।

हुई, जिसने बड़ी संख्या में नागरिकों और पर्यटकों का ध्यान खींचा। इसके बाद प्रतिभागियों ने मोमबत्तियाँ जलाकर एचआईवी/एड्स से प्रभावित लोगों के प्रति समर्थन और संवेदनशीलता का संदेश दिया। कार्यक्रम में टीम ने आईईसी सामग्री का वितरण कर संक्रमण के कारण, बचाव, उपचार व भेदभाव-रहित व्यवहार के बारे में उपयोगी जानकारी दी। प्रोजेक्ट मैनेजर रजनी सक्सेना के साथ हुमा खान, इशरत बेगम और संध्या महावार प्रमुख रूप से मौजूद रहीं और गतिविधियों का संचालन किया। संस्थान की टीम ने एड्स से जुड़े मिथकों और गलतफहमियों को दूर करते हुए सुरक्षित व्यवहार, नियमित जांच और आर्ट सेवाओं के महत्व पर जोर दिया।

## पटरी पर लौटी उड़ानें एयरवेज आज सिर्फ चार फ्लाइट कैंसिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

क्रू मेंबर की हड़ताल के कारण शुरू हुई हड़ताल के बाद अब इंडिगो एयरवेज़ की फ्लाइट्स धीरे धीरे पटरी पर लौट रही है शनिवार को इंडिगो एयरवेज़ की मात्र चार फ्लाइट कैंसिल रही।

मालूम हो कि इसके पूर्व पिछले तीन दिनों से एक दर्जन फ्लाइटें कैसिल और लेट हो रही थी। संबंधित एयरवेज़ के सूत्रों के अनुसार फ्लाइट्स का ऑपरेशन धीरे-धीरे नॉर्मल हो रहा है, फ्लाइट्स की आवाजाही में लगातार बढ़ोतरी हो रही है और कैंसलेशन में काफी कमी आई है। दिल्ली, बेंगलुरु और गोवा के खास रूट, जो कल कैंसल हो गए थे, आज शनिवार दोपहर बाद तीन बजे तक भोपाल एयरपोर्ट से कुल 9 फ्लाइट्स (18 फ्लाइट मूवमेंट) चलीं। इसमें एयर इंडिया की 3 फ्लाइट्स (6 मूवमेंट) इंडिगो की 6 फ्लाइट्स (12 मूवमेंट) पैसेंजर मूवमेंट में भी काफी सुधार हुआ है। आज शनिवार को बेंगलुरु व पुणे और मुंबई की दो उड़ानें रद्द की गई।

### पेरेंट्स ने अकादमिक गतिविधियों के प्रति जताई संतुष्टि

**भोपाल।** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय में शनिवार को शिक्षक अभिभावक बैठक का आयोजन प्राचार्य डॉ. शालिनी सक्सेना एवं शिक्षक अभिभावक समिति की संयोजक डॉ. कल्पना दवे के निर्देशन में किया गया। इसमें स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं में अध्ययनरत विद्यार्थियों के अभिभावक उपस्थित रहे। अभिभावकों के साथ प्राचार्य तथा संबंधित शिक्षकों ने चर्चा की तथा उन्हें महाविद्यालय को और बेहतर बनाने के लिए सुझाव देने के लिए आमंत्रित किया।

## लक्षिका मेहरा की संदिग्ध मौत का मामला पहुंचा सुप्रीम कोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रातीबड़ थाना क्षेत्र में मैनिट एमटेक फर्स्ट ईयर की छात्रा लक्षिका मेहरा की संदिग्ध परिस्थिति में जलकर हुई मौत के मामले में अब नया मोड़ आया है।

**मप्र सरकार, डीजी सीबीआई, डीजीपी मप्र को 6 सप्ताह में देना होगा जवाब**

मामले में हाईकोर्ट के निर्णय से असंतुष्ट पिता रामराज मेहरा ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर सीबीआई से मामले की जांच कराने की मांग की है। मामले में एडवोकेट अशोक विश्वकर्मा ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट ने याचिका को स्वीकार करते हुए मप्र सरकार, डीजी सीबीआई, डीजीपी मप्र, एसपी, एसपी, एसडीओपी, टीआई सहित एक अन्य को नोटिस जारी कर जवाब देने के आदेश दिए हैं। याचिका में पिता रामराज मेहरा ने मप्र पुलिस की जांच में विभिन्न कमियां बताते हुए गंभीर सवाल उठाए हैं। मामले में अब अगली सुनवाई 6 सप्ताह बाद होगी।


**लाइफ स्टाइल**

# ओटीटी पर मनोरंजन का सैलाब! रिलीज हुई सात नई फिल्में और सीरीज....

***मुंबई।** इस वीक कई नई फ़िल्में और सीरीज अलग-अलग ओटीटी स्ट्रीमिंग प्लेटफ़ॉर्म पर रिलीज होने वाली हैं। इनमें रोमांटिक फिल्मों से लेकर डार्क साइकोलॉजिकल थ्रिलर और हॉरर फिल्में और सीरीज तक सब कुछ शामिल है। आप वीकेंड पर इनका मजा ले सकते हैं, इस कड़ाके की सर्दी में अपने घर पर आराम से चाय की चुस्की लेते हुए।*

**जे. केली - नेटफ्लिक्स :** जॉर्ज क्लूनी और एडम सैंडलर स्टारिंग यह कॉमेडी एक बूढ़े फ़िल्म स्टार की कहानी बताती है, जो अपने डेडिकेटेड मैनेजर के साथ यूरोप की ट्रिप पर निकलता है। फ़िल्म में फ़्लैशबैक का इस्तेमाल किया गया है क्योंकि दोनों अपनी ज़िंदगी के फ़ैसलों और रिश्तों के बारे में सोचते हैं। आप इसे इस वीक नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

**द गर्लफ्रेंड - नेटफ्लिक्स :** रश्मिका मंदाना और दीक्षिता शेट्टी की क्रिटिक्स द्वारा सराही गई फ़िल्म "द गर्लफ्रेंड" को थिएटर में दर्शकों से ज़बरदस्त रिस्पॉन्स मिला।



नेटफ्लिक्स ने डिजिटल राइट्स ले लिए हैं, जिससे दर्शक घर पर फ़िल्म का मज़ा ले सकते हैं। फिल्म 5 दिसंबर से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हुई।

**द ग्रेट प्री-वेडिंग शो - जी5 :** तिरुवीर-स्टारर "द ग्रेट प्री-वेडिंग" को इसकी दिल को छू लेने वाली गांव की कहानी के लिए बहुत तारीफ मिली थी। थिएटर में पॉजिटिव रिस्पॉन्स के बाद, जी5 ने डिजिटल राइट्स ले लिए हैं। फिल्म 5 दिसंबर, से जी5 पर स्ट्रीमिंग के लिए उपलब्ध है।



**डाइस एरा - जियो हॉटस्टार :** राहुल सदाशिवन द्वारा डायरेक्टेड और प्रणव मोहनलाल स्टारिंग, डाइस एरा एक इंटेंस, सस्पेंस और डरावनी कहानी पेश करती है। जियो हॉटस्टार ने ओटीटी राइट्स ले लिए हैं, जिससे फिल्म दर्शकों के लिए कई भाषाओं में उपलब्ध हो गई है। जियो हॉटस्टार पर 5 दिसंबर से स्ट्रीमिंग शुरू हो गई है।

**स्टीफन - नेटफ्लिक्स :** स्टीफन एक एंटरटेनिंग तमिल थ्रिलर है, जिसमें गोमती शंकर, माइकल थंगादुरई और स्मृति वेंकट स्टारिंग हैं। यह अब ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज के लिए तैयार है। नेटफ्लिक्स ने स्ट्रीमिंग राइट्स ले लिए हैं, जिससे फिल्म सीधे दर्शकों तक पहुंच सकेगी।

**कुट्टाराम पुरिंधवन - सोनी लीव :** कुट्टाराम पुरिंधवन एक तमिल क्राइम थ्रिलर है। पशुपति भास्कर नाम के एक पुलिस ऑफिसर का रोल कर रहे हैं, जो एक मुश्किल केस की इन्वेस्टिगेशन में फंस जाता है। यह 5 दिसंबर को सोनीलीव पर स्ट्रीम हुई है।




### हाथ से कढ़े गाउन में बिखेरी ग्लैमर की चमक

**मुंबई।** कभी-कभी फैशन कपड़े और कढ़ाई से आगे बढ़कर एक कहानी बन जाता है और काशिका कपूर का यह लुक बिल्कुल वैसा ही एक पल है। काले रंग के दिलकश गाउन में, जिस पर बारीकी से की गई चांदी की कढ़ाई सितारों की तरह चमक रही थी, ओल्ड-हॉलीवुड की एलिगेंस और आधुनिक जादू का ऐसा मिश्रण कि नजरें ठहर जाएं। उनका गाउन, पूरी तरह तराशा हुआ, उनके व्यक्तित्व के साथ ऐसे बहता है जैसे उनके इर्द-गिर्द रोशनी की नदी बह रही हो।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930